फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 230 प्रभात जयपुर, सोमवार 24 मार्च, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



**A Daylight Bombing Of Sargodha**

Our own anti-aircraft guns started firing at us and I saw the red tracer shells coming straight at me and then burning out

**World Tuberculosis Day**

World Tuberculosis Day focuses on a global challenge that affects millions every year. The day marks the anniversary of Dr. Robert Koch's groundbreaking discovery of the bacterium causing tuberculosis (TB)

# 'मेरे घर में कोई नकदी नहीं मिली, यह मुझे फंसाने की साजिश है'

## जस्टिस डी.के. उपाध्याय की इन्क्वायरी रिपोर्ट के अनुसार, जस्टिस वर्मा ने कहा कि हमें नकदी मिलने की कोई सूचना नहीं दी गई

- जस्टिस वर्मा से दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डी.के. उपाध्याय द्वारा दी गई पूछताछ की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट की वैबसाइट पर अपलोड की गई है।
- जस्टिस वर्मा ने अपने जवाब में कहा, स्टाफ क्वार्टर के पास बने स्टोर रूम, जहाँ कोई भी आ जा सकता है, वहाँ नकदी जमा करना नितांत अविश्वसनीय है।

नई दिल्ली, 23 मार्च। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने अपने आधिकारिक आवास पर मारी मात्रा में नकदी होने से इनकार किया है।

उच्चतम न्यायालय की ओर से जारी दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय की रिपोर्ट में न्यायमूर्ति वर्मा ने अपने जवाब में कहा कि उनके आधिकारिक आवास पर कथित तौर पर भारी मात्रा में रुपए बरामदगी की सूचनाएं उन्हें फंसाने और बदनाम करने की साजिश की तरह होने का दावा किया।

शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर जारी रिपोर्ट (जिसके कुछ हिस्से पर काली स्याही लगी होने की वजह से अस्पष्ट हैं) में न्यायमूर्ति वर्मा ने कहा, न तो मैंने और न ही मेरे परिवार के किसी सदस्य ने कभी भी उस स्टोररूम (जहां 14 मार्च 2025 की रात आग लगने की घटना हुई थी) में कोई नकदी या मुद्रा जमा कर रखी थी।

उन्होंने दावा किया कि पूरी घटना हाल ही में हुई घटनाओं के एक क्रम का हिस्सा है, जिसमें दिसंबर 2024 में सोशल मीडिया पर प्रसारित निराधार आरोप भी शामिल हैं।

जांच के दौरान न्यायाधीश वर्मा ने अपने आवास पर हुई आग की घटना के दृश्य होने दावा करने वाले वीडियो दिखाए जाने पर कहा, मैं वीडियो की सामग्री देखकर पूरी तरह से हैरान रह गया, क्योंकि उसमें कुछ ऐसा दिखाया गया था जो मौके पर नहीं मिला था, जैसा कि मैंने देखा था....यह स्पष्ट रूप से मुझे फंसाने और बदनाम करने की साजिश लग रही थी।

उन्होंने कहा कि यह बताया जाना कि कोई व्यक्ति स्टाफ क्वार्टर के पास बने आउटहाउस में खुलने वाले आसानी से सुलभ और आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले स्टोररूम में नकदी जमा करेगा, यह बात अविश्वसनीय और अविश्वसनीय है।

उन्होंने कहा कि वास्तव में, यह इस बात से और पुष्ट होता है कि जब अग्निशमन कर्मियों और पुलिस के घटनास्थल से चले जाने के बाद हमें स्टोर रूम वापस किया गया तो वहां कोई नकदी या मुद्रा नहीं थी। इसके अलावा हमें मौके पर की गई किसी भी बरामदगी या जब्ती के बारे में सूचित नहीं किया गया। मौके पर कथित रूप से मिली मुद्रा को हटाने के आरोप के संबंध में उन्होंने कहा, केवल एक चीज जिसे हटाया गया वह मलबा और वह चीज थी जिसे वे बचाने योग्य मानते थे,वह अभी भी घर में मौजूद है और उसे आवास के एक हिस्से में अलग रखा हुआ देखा जा सकता है।

शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति खन्ना ने विवाद सामने आने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति उपाध्याय को इस मामले में रिपोर्ट देने को कहा था।

भारत के मुख्य न्यायाधीश के पत्र के जवाब में 21 मार्च को न्यायमूर्ति उपाध्याय ने कहा, मेरे द्वारा की गई जांच में प्रथम दृष्टया बंगले में रहने वाले लोगों, नौकरों, माली और सीपीडब्ल्यूडी कर्मियों (यदि कोई हो) के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के कमरे में प्रवेश या पहुंच की संभावना नहीं दिखती। तदनुसार, मेरी प्रथम दृष्टया राय है कि पूरे मामले की गहन जांच की आवश्यकता है।

न्यायमूर्ति खन्ना ने न्यायमूर्ति उपाध्याय की इसी रिपोर्ट के आधार पर अगला कदम उठाते शनिवार 22 मार्च 2025 को तीन विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय जांच

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## 'वक्फ विधेयक संविधान पर हमला है'

नयी दिल्ली, 23 मार्च। कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार ने वक़्फ़ विधेयक के ज़रिए संविधान पर एक और सोचा समझा हमला किया है तथा इससे देश के सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यहां जारी एक बयान में कहा कि सरकार का उद्देश्य बहु-धार्मिक समाज के सामाजिक सद्भाव को तोड़कर अल्पसंख्यक समुदाय की परंपराओं और संस्थाओं को बदनाम कर चुनावी लाभ के लिए ध्रुवीकरण की स्थिति पैदा करना है।

- कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा, सरकार अल्पसंख्यक समुदायों की परंपराओं और संस्थाओं को बदनाम करना चाहती है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि देश की न्यायपालिका द्वारा लंबे समय से निर्बाध चली आ रही परंपरा के आधार पर विकसित अवधारणा को समाप्त किया जा रहा है और वक़्फ़ प्रशासन को कमजोर करने के लिए बिना किसी कारण के मौजूदा कानून के प्रावधानों को हटाया जा रहा है। साथ ही, वक़्फ़ की जमीनों पर अतिक्रमण करने वालों को बचाने के और ज्यादा सुरक्षा के उपाय किए जा रहे हैं।

# कांग्रेस ने आरजेडी के साथ गठबंधन पर सस्पैंस बनाया

## कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मीडिया से कहा, समय आने पर इस बारे में फैसला लिया जाएगा

पटना, 23 मार्च। बिहार में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल के बीच कांग्रेस ने रविवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ गठबंधन की संभावना पर अपने पत्ते नहीं खोले और स्पष्ट किया कि इस मुद्दे पर कोई फैसला अभी नहीं लिया गया है और उचित समय आने पर सभी को सूचित किया जाएगा।

खेड़ा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर चिंता जताई और कहा, मुख्यमंत्री की बिगड़ती हालत चिंताजनक है, लेकिन उससे कहीं ज्यादा अहम है बिहार के स्वास्थ्य की स्थिति। उन्होंने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में दवाओं, चिकित्सकों, नर्सों और

- ज्ञातव्य है कि कांग्रेस और आरजेडी लम्बे समय से बिहार में सहयोगी हैं। पर, इस बार राहुल गांधी चाहते हैं, कांग्रेस अकेले चुनाव लड़े।
- बिहार में इसी वर्ष नवम्बर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

कांग्रेस के मीडिया और प्रचार के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने रविवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा, राजद के साथ गठबंधन का निर्णय सही वक्त पर होगा। अभी इस सवाल का जवाब देना जरूरी नहीं है। जब समय आएगा, मीडिया सहित सबको जानकारी दे दी जाएगी।

पैरा-मेडिकल कर्मियों की भारी कमी है, जिससे मरीजों को इलाज में परेशानी हो रही है।

कांग्रेस नेता ने मुख्यमंत्री कुमार की राजनीतिक यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा, जब वे महागठबंधन में थे तब उनकी सेहत ठीक थी लेकिन

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र आज से

नयी दिल्ली, 23 मार्च। दिल्ली विधानसभा का आठवां बजट सत्र सोमवार पूर्वाह्न 11:00 बजे पुराना सचिवालय स्थित विधानसभा भवन में प्रारंभ होगा। विधान सभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि यह सत्र वित्तीय नीतियों और आगामी वित्तीय वर्ष के विकास रोडमैप को निर्धारित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि यह सत्र 24 से 28 मार्च 2025 तक चलेगा, और आवश्यकता पड़ने पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है। बजट सत्र में दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के कामकाज पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक (कैग) रिपोर्ट सदन में पेश की जाएगी। यह तीसरी कैग रिपोर्ट होगी, जो कल सदन में प्रस्तुत की जाएगी।

- बजट सत्र में दिल्ली परिवहन निगम के कामकाज की सी.ए.जी. रिपोर्ट पेश की जाएगी।

विज्ञप्ति में बताया गया है कि कोई भी सदस्य लोक महत्व के मुद्दे उठाने के लिए कार्यवाही से एक दिन पहले शाम 5:00 बजे तक नोटिस दे सकता है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन बैलेट प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए 10 विषयों पर चर्चा होगी। शुक्रवार को निजी संकल्पों पर चर्चा होगी, जिसके लिए 12 दिन पहले नोटिस देना आवश्यक होगा। प्रत्येक दिन कार्यवाही शुरू होने से पहले सुबह 10:55 बजे क्वोरम बेल बजाई जाएगी।

# डल्लेवाल को गुपचुप पटियाला के अस्पताल में भर्ती कराया

## अभी पता नहीं चला है कि पंजाब सरकार ने उन्हें अचानक राजिंदरा अस्पताल क्यों भेजा है

- पुलिस डल्लेवाल को हिरासत के बाद पहले पहले जालंधर के पीआईएमएस अस्पताल ले गई थी, बाद में उन्हें पीडब्ल्यूडी के रैस्ट हाउस में शिफ्ट कर दिया था।
- तीन दिन बाद शनिवार को उन्हें राजिंदरा अस्पताल भेजा गया है, पर, कारण नहीं बताया है।

जालंधर, 23 मार्च। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को रविवार सुबह जालंधर कैंट (आर्मी एरिया) स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से गुपचुप तरीके से पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया है। डल्लेवाल को हिरासत में लेने के बाद पुलिस पहले उन्हें जालंधर के पीआईएमएस अस्पताल ले गई और फिर मीडिया के जमावड़े को देखते हुए उन्हें कैंट के अंदर बने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में शिफ्ट कर दिया गया।

तीन दिन तक उक्त रेस्ट हाउस में रहने के बाद डल्लेवाल को आज सुबह बिना किसी की जानकारी के पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया। हालांकि, इस बारे में जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से कोई जानकारी साझा नहीं की गई है। फिलहाल, उन्हें राजिंदरा अस्पताल में क्यों रखा गया, इस पर कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है।

मिली जानकारी के अनुसार, 13 माह बाद जब पंजाब हरियाणा बॉर्डर को पुलिस ने किसानों से खाली करवाया था, उस समय केंद्रीय और राज्य के मंत्रियों के साथ हुई किसानों से बैठक के तुरंत बाद मोहाली से किसान नेता सरवण सिंह पंधेर और जगजीत सिंह डल्लेवाल को हिरासत में ले लिया गया था। हिरासत में लेने के बाद डल्लेवाल को जालंधर के पिम्स अस्पताल लाया गया था।

पिम्स अस्पताल में डल्लेवाल के होने का पता जब मीडिया तो चला तो बाहर जमावड़ा लग गया। जिसके बाद डल्लेवाल को आर्मी क्षेत्र में बने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में शिफ्ट कर दिया गया था, जहां पर किसी की एंट्री नहीं थी। साथ ही एंट्री पर पुलिस और फिर आर्मी का नाका लगा हुआ था। मगर, जानकारी के अनुसार, आज डल्लेवाल को पटियाला शिफ्ट कर दिया गया है।

## राजीव चंद्रशेखर होंगे, केरल भाजपा के नए अध्यक्ष

तिरुवनंतपुरम, 23 मार्च। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर, के सुरेन्द्रन की जगह केरल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नये अध्यक्ष होंगे।

सूत्रों ने रविवार को बताया कि पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक प्रल्हाद जोशी ने राज्य भाजपा की कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की।

चंद्रशेखर दोपहर तीन बजे से पहले भाजपा राज्य समिति कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन की जांच शाम चार बजे होगी। नए अध्यक्ष की आधिकारिक घोषणा सोमवार को राज्य समिति की बैठक के बाद की जाएगी।

- वे के. सुरेन्द्रन की जगह लेंगे।

चंद्रशेखर पूर्व केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री हैं। उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में तिरुवनंतपुरम सीट से कांग्रेस पार्टी के शशि थरूर के खिलाफ भाजपा उम्मीदवार के रूप में भी चुनाव लड़ा था।

# वन रक्षक पेपर लीक केस, एसओजी ने दो और महिला वन रक्षकों को गिरफ्तार किया

## गिरफ्तार पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष और पूर्व कांग्रेसी पार्षद को कोर्ट ने 9 दिन के रिमांड पर भेजा

- पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व पूर्व कांग्रेसी पार्षद एन.डी. सारण से पूछताछ के आधार पर एसओजी ने वन रक्षक सीमा और टिमो को गिरफ्तार किया। दोनों ने 6-6 लाख रूपए में सारण से पेपर खरीदा था।

जयपुर, 23 मार्च। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने वनरक्षक पेपर लीक मामले में गिरफ्तारपूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष और पूर्व कांग्रेसी पार्षद को एसओजी ने कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे 9 दिन के रिमांड पर भेज दिया गया।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसओजी वी.के सिंह ने बताया कि वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 का पेपर लीक मामले में बांसवाड़ा में दर्ज प्रकरण में 12 मार्च को गिरफ्तार आरोपित कंवराराम जाट निवासी बाड़मेर से पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित एन डी सारण वांछित आरोपित जबराराम जाट के सम्पर्क में था।

गिरफ्तार आरोपित एन डी सारण से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा बाड़मेर से उदयपुर पेपर पढ़ने के लिए आए अभ्यर्थियों व हेण्डलर के बारे में एवं उसकी ईनोवा कार को लेकर आए ड्राईवर के बारे में भी गहनता से तफ्तीश की जा रही है। इस मामले में अंब तक 27 आरोपियों को गिरफ्तारी किया जा चुका है। एनडी सारण को रविवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 9 दिन के रिमांड पर भेज दिया।

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने वन रक्षक पेपर लीक मामला में कार्रवाई करते हुए परीक्षा से पूर्व पेपर पढ ने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है।एसओजी की टीम पूछताछ करने में जुटी है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसओजी वी.के सिंह ने बताया कि वन रक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक मामले में परीक्षा से पूर्व पेपर पढ ने वाली 22 वर्षीय सीमा कुमारी निवासी सिवाना जिला बालोतरा हाल वनरक्षक रेंज बालोतरा व 24 वर्षीय टिमो निवासी बीजड़ा जिला बाड़मेर हाल वनरक्षक रेंज चौहटन को बाड़मेर स्थानीय पुलिस एवं एसओजी टीम जोधपुर के सहयोग से गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि 30 जून 2024 को पुलिस थाना राजतलाब जिला बांसवाड़ा की ओर से 13 नवम्बर 2022 की दोनों पारियों में हुई वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 का पेपर लीक होने की जानकारी होने पर प्रकरण दर्ज हुआ था। जिसकी जांच एसओजी राजस्थान, जयपुर की ओर से की जा रही थी। इस प्रकरण में 22 मार्च 2025 को पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष महाविद्यालय बाड़मेर व पूर्व कांग्रेस पार्षद को गिरफ्तार किया गया था। जिससे पूछताछ में सामने आया कि वन रक्षक परीक्षा का पेपर उदयपुर में अपने दलाल के मार्फत सीमा कुमारी और टिमो को परीक्षा से पूर्व पढ़ाया था जिसकी एवज में 6-6 लाख रूपये दोनों वनरक्षकों से प्राप्त किये थे।

## संभल हिंसा, जामा मस्जिद के सदर को गिरफ्तार किया

संभल, 23 मार्च। संभल हिंसा के 4 महीने बाद जामा मस्जिद के सदर, जफर अली को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उन पर भीड़ को भड़काकर दंगा कराने का आरोप है। हालांकि, चंदौसी कोर्ट में पेशी के दौरान जफर अली ने कहा, मैंने कोई हिंसा नहीं भड़काई है।

पुलिस ने जफर अली को रविवार सुबह 11 बजे घर से उठाया। करीब 4 घंटे कोतवाली में पूछताछ की, पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इस पर उनके साथी अधिवक्ता पुलिस की गाड़ी के पीछे भागने लगे। लोगों ने जफर अली जिंदाबाद के नारे लगाए।

- जामा मस्जिद के सदर, ज़फर अली को सुबह उनके घर से उठाया गया, 4 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर संभल में हिंसा भड़काने का आरोप है।

जफर अली का घर मस्जिद से 100 मीटर दूर है। तनाव को देखते हुए इलाके में 200 से ज्यादा जवान तैनात किए गए हैं। 5 थानों की फोर्स भी जामा मस्जिद इलाके में तैनात है। एसपी केके

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## नागपुर के सभी क्षेत्रों से कर्फ्यू हटाया

नागपुर, 23 मार्च। महाराष्ट्र के नागपुर शहर में हिंसा के छह दिन बाद, रविवार को शेष चार इलाकों से भी कर्फ्यू हटा लिया गया। 17 मार्च को हुई हिंसा के बाद नागपुर के कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकड़गंज, पांचपावली, शांति नगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामबाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया गया था।

हिंसा सोमवार रात नागपुर के मध्य क्षेत्रों में उस समय भड़क उठी, जब अफवाहें फैलीं कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा मुगल सम्राट औरंगज़ेब की समाधि को हटाने की मांग को लेकर किए गए विरोध के दौरान एक धार्मिक शिलालेख वाली 'चादर' जला दी गई। हालांकि, अधिकारियों ने बाद में स्पष्ट किया कि ये अफवाहें पूरी तरह झूठी और भ्रामक थीं।

- संवदेनशील इलाकों में अभी गश्त जारी रहेगी।

एक अधिकारी ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में पुलिस की गश्त जारी रहेगी और स्थानीय पुलिस बल तैनात रहेगा। 17 मार्च को हुए उपद्रव में

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वालों को स्वतंत्रता सेनानी कहा जाता है, पर, जिन्होंने आक्रमणकारियों का विरोध किया, उन्हें यह सम्मान नहीं दिया जाता'

## संघ की प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक के बाद, पत्रकारों से बात करते हुए संघ के सरकार्यवाहक दत्तात्रेय होसबोले ने कहा, भारत में औरंगज़ेब के भाई, दारा शिकोह को कभी प्रतीक नहीं माना गया, पर, औरंगज़ेब को प्रतीक बना दिया गया

बेंगलुरु, 23 मार्च। कर्नाटक सरकार के सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने के फैसले का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विरोध किया है और इसे संविधान और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों के विरुद्ध बताया है।

संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने रविवार को संपन्न प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक के समापन के बाद संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा कि संविधान धर्म आधारित आरक्षण की इजाज़त नहीं देता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आरक्षण, भीमराव अम्बेडकर के विचारों के विरुद्ध हैं।

होसबोले ने कहा, ''बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा रचित संविधान में धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं किया गया है। ऐसा करने वाला कोई भी व्यक्ति हमारे संविधान निर्माता के विरुद्ध जा रहा है।''

उन्होंने कहा कि कि संयुक्त आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र द्वारा मुसलमानों के लिए धर्म-आधारित आरक्षण लागू करने के पिछले प्रयासों और ऐसे कोटे के प्रावधानों को उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय ने खारिज कर दिया था।

मुगल शासक औरंगजेब की कब्र को लेकर उठे विवाद के बारे में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जो

- होसबोले ने कर्नाटक सरकार के सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने को संविधान विरोधी कदम बताया और कहा कि अंबेडकर ने कभी भी धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं किया।
- होसबोले ने वक्फ से जुड़े मुद्दे पर भी बात की और कहा, समाज के कई वर्ग, वक्फ की जमीनों का मुद्दा उठा रहे हैं। इसी के हल के लिए जेपीसी गठित की गई है, उसके फैसले की प्रतीक्षा की जाएगी।
- उन्होंने बताया कि विजयदशमी को आर.एस.एस. के 100 साल पूरे हो जाएंगे। इस अवसर पर देश भर में एक लाख जगहों पर उत्सव मनाया जाएगा।

लोग भारत के मूल्यों के खिलाफ गए, उन्हें प्रतीक बना दिया गया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वालों को तो स्वतंत्रता सेनानी कहा जाता है, लेकिन जिन्होंने आक्रमणकारियों का विरोध किया उन्हें यह सम्मान नहीं दिया जाता।

उन्होंने दिल्ली की औरंगजेब रोड को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि इसे अब्दुल कलाम रोड में बदला गया है। भारत में औरंगज़ेब के भाई दारा शिकोह को कभी एक प्रतीक के रूप में नहीं माना गया जबकि औरंगज़ेब को इस श्रेणी में रखा गया है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और संघ के रिश्तों को लेकर सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान अक्सर इस रिश्ते को लेकर कई तरह के आकलन किए जाते हैं, लेकिन असल आकलन तो देश की जनता ने किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी देश का एक अभिन्न हिस्सा है और अगर वह किसी भूमिका में हैं, तो वे हर सरकार के लिए अभिभावक के रूप में हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई सरकार का हिस्सा नहीं बनता, तो यह अलग बात है, लेकिन फिलहाल आरएसएस और सरकार के बीच कोई संकट नहीं है और सब कुछ सामान्य रूप से चल रहा है।

वक्फ से जुड़े मुद्दे पर होसबले ने कहा कि यह सिर्फ आरएसएस का ही मुद्दा नहीं है, बल्कि समाज के कई लोग

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी

# अपनी खुशहाली को हम ही बढ़ा सकते हैं!

बुरी-बुरी ख़बरों के अभ्यस्त हो चुके हम भारतीयों को एक छोटी-सी अच्छी ख़बर सुनने को मिली है। 20 मार्च को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय खुशहाली दिवस हमारे लिए यह ख़बर लेकर आया है। इस दिन (20 मार्च, 2025 को) संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ल्ड हैप्पीनेस (विश्व खुशहाली) रिपोर्ट, 2025 ज़ारी की और इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 147 देशों की सूची में भारत 118वें स्थान पर है। वैसे तो 118वें स्थान पर होना कोई ऐसी बात नहीं है जिस पर खुश हुआ जाए, लेकिन जब हर तरफ अंधेरा हो तो जुगनू की चमक भी आपको उल्लास से भर देती है। हमारे लिए खुशी की बात यह है कि पिछले बरस इसी रिपोर्ट में हम 126वें स्थान पर थे, इसलिए माना जाना चाहिए कि हमारी खुशहाली में थोड़ा-सा इज़ाफा हुआ है, और यही है हमारे खुश होने की वजह। वेलबीइंग रिसर्च सेंटर, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा प्रकाशित यह रिपोर्ट एक एनालिटिक्सफ़र्मगैलप और संयुक्त राष्ट्र संघ के सस्टेनेबल डेवलपमेंटसॉल्यूशन नेटवर्क की साझेदारी में तैयार की गई है। इस रिपोर्ट में विभिन्न देशों की रैंकिंग उन जवाबों पर आधारित है जो लोगों ने स्वयं द्वारा अपने जीवन का आकलन करने का अनुरोध पाकर दिये थे। यहीं यह भी याद कर लेना प्रासंगिक होगा कि सन 2015 की रिपोर्ट में भारत 158 देशों की सूची में 117वें स्थान पर था। इसके बाद तो जैसे हमारी खुशहाली को ग्रहण ही लग गया। 2016 में हम एक पायदान फिसल कर 118वें स्थान पर पहुंचे, 2017में 122वें स्थान पर, इससे अगले बरस अर्थात 2018 में 133वें स्थान पर, और 2019 में 140वें स्थान पर जा गिरे। हम यहीं नहीं रुके। 2020 में थोड़ा और फिसले और 144वें स्थान पर जा गिरे। यह हमारी खुशहाली का सबसे दरिद्र वर्ष था। इसके बाद स्थितियां थोड़ी बेहतर हुईं। 2021 में हम 139वें स्थान पर, 2022 में 136वें स्थान पर और 2023 में 126वें स्थान पर लौटे। इससे अगले बरस अर्थात 2024 में भी हम 126वीं पायदान पर ही चिपके रहे। इसके बाद से यह पहली बार है जब हमें आधिकारिक रूप से खुश होने का अवसर मिला है।

खुशी के मामले में प्रायः यह होता है कि हम दूसरों से ख़ुद की तुलना करने लगते हैं और अगर पाते हैं कि कोई हमसे अधिक खुश है, तो हम दुखी हो जाते हैं और अगर पाते हैं कि कोई हमसे अधिक दुखी है तो भले ही इस बात से प्रकटतः खुश न भी हों, राहत की सांस तो ले ही लेते हैं। तो पहले थोड़ा दुखी होने वाली बातें कर ली जाएं! इस रिपोर्ट में कदाचित जो बात हमको सबसे अधिक आहत करने वाली है वह यह है कि खुशहाली के मामले में पाकिस्तान हमसे काफी बेहतर है। वह 109वें स्थान पर है। यहां तक कि युगांडा भी हमसे बेहतर स्थिति में है। उसकी रैंक 116 है और युद्धठास्त यूक्रेन भी 111वें स्थान पर है। पड़ोसी नेपाल तो बहुत ही अच्छी स्थिति में है। वह 92वें स्थान पर है। दुनिया के सबसे अधिक खुशहाल दस देश क्रमशः ये हैं: फिनलैंड, डेनमार्क, आइसलैंड, स्वीडन, नीदरलैंड, कोस्टारिका, नॉर्वे, इस्त्राइल, लक्ज़मबर्ग और मेक्सिको। ग़ौर तलब है फिनलैंड लगातार आठवें साल शीर्ष पर है। अन्य देशों में ऑस्ट्रेलिया 12वें स्थान पर, स्विट्ज़रलैंड 13वें स्थान पर, कनाडा 18वें और युनाइटेड किंगडम 23वें स्थान पर हैं। कोस्टारिका और मेक्सिको पहली बार शीर्ष दस खुश देशों की सूची में शामिल हुए हैं। खुशहाली के लिहाज़ से सबसे बुरी हालत अफ़गानिस्तान की है जो एक बार फिर से सबसे निचली पायदान पर है। इससे थोड़ा बेहतर हैं क्रमशः सिएरा लियोन, लेबनान, मलावी और ज़िम्बाब्वे। अब ज़रा सिक्के का दूसरा पहलू देख लें। इस जानकारी से शायद हम यह कह कर संतोष कर सकें कि हालत केवल हमारी ही खराब नहीं है। जानकारी यह है कि इस रिपोर्ट में अमरीका अब तक की सबसे बुरी अवस्था में है। वह फिसल कर 24वें स्थान पर जा पहुंचा है जबकि पिछले बरस वह 11वें स्थान पर था।

**खुशी केवल आर्थिक संपन्नता से नहीं मिलती है, खुशी इस बात से भी मिलती है कि हमारा समाज कितना भरोसेमंद और सहायता तत्पर है। इस संदेश को ग्रहण कर हम यह तो कर ही सकते हैं कि अपने परिवार के साथ बैठकर खाना खाएं, किसी अपने या अनजाने की मदद करने को तत्पर रहें और किसी अजनबी पर भी भरोसा करें। अगर हम ऐसा करने लगेंगे, अधिक करेंगे तो निश्चय ही हमारी खुशहाली में वृद्धि होगी।**

इस रिपोर्ट में कुछ ऐसी बातें कही गई हैं जो खुशी को परिभाषित करती हैं। कहा गया है, और सही ही कहा गया है कि खुशहाली सिर्फ़ आर्थिक विकास से तय नहीं होती है बल्कि इसमें लोगों का पारस्परिक भरोसा और सामाजिक जुड़ाव भी अहम भूमिका निबाहते हैं। गैलप के सीईओ जॉनक्लिंटन का कहना है कि "खुशी सिर्फ़ धन या विकास से जुड़ी बात नहीं है, यह विश्वास, संबंध और यह जानने के बारे में भी है कि लोग आपका साथ दे रहे हैं या नहीं।" वे आगे कहते हैं, "अगर हम मज़बूत समुदाय औरअर्थव्यवस्था चाहते हैं तो हमें उस चीज़ में निवेश करना चाहिए जो वास्तव में मायने रखती है अर्थात एक-दूसरे में।" उनके कथन की पुष्टि इस बात से भी होती है कि इसी रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि सन 2023 में दुनिया भर में 23 प्रतिशत युवा वयस्कों ने स्वीकार किया था कि उनके पास ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है जिस पर वे सामाजिक सहायता के लिए भरोसा कर सकें। और चिंताजनक बात यह है कि यह प्रतिशत लगातार बढ़ता जा रहा है। इन कथनों को इस बात के आलोक में भी देखा जाना चाहिए कि क्यों अपनी बुरी आर्थिक स्थिति के बावज़ूद हम भारतीय (थोड़े-बहुत) खुशहाल हैं और क्यों हमसे बेहतर आर्थिक स्थिति के बावज़ूद अमरीका के लोगों की खुशहाली घटती जा रही है। यही रिपोर्ट बताती है कि पिछले दो दशकों में अमरीका में अकेले भोजन करने वालों की संख्या में 53 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार दूसरों के साथ भोजन साझा करना और सामाजिक समर्थन के लिए किसी पर निर्भर होना तथा परिवार के सदस्यों की संख्या आपकी खुशी को आकार देते हैं। अब यही बात देखें कि मेक्सिको और यूरोप में चार से पांच लोगों का परिवार खुशी के उच्चतम स्तर पर है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि दूसरों की दयालुता पर विश्वास करना भी आपकी खुशी को बढ़ाता है। इसी रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर कोई यह मानता है कि अन्य लोग उसका खोया हुआ पर्स लौटा देंगे तो वह औरों की तुलना में अधिक खुश होता है। रिपोर्ट के अनुसार नॉर्डिक देशों में ऐसा मानने वाले सर्वाधिक हैं और इसीलिए वे देश सबसे ज़्यादा खुशहाल हैं।

इस रिपोर्ट का सबसे बड़ा संदेश यह है कि खुशी केवल आर्थिक संपन्नता से नहीं मिलती है, खुशी इस बात से भी मिलती है कि हमारा समाज कितना भरोसेमंद और सहायता तत्पर है। इस संदेश को ग्रहण कर हम यह तो कर ही सकते हैं कि अपने परिवार के साथ बैठकर खाना खाएं, किसी अपने या अनजाने की मदद करने को तत्पर रहें और किसी अजनबी पर भी भरोसा करें। अगर हम ऐसा करने लगेंगे, अधिक करेंगे तो निश्चय ही हमारी खुशहाली में वृद्धि होगी। भारत के संदर्भ में यह बात दृष्टव्य है कि इस अध्ययन के दौरान लोगों ने सकल राष्ट्रीय उत्पाद, सामाजिक सहयोग, स्वस्थ जीवन प्रत्याशा, वरण की स्वतंत्रता, उदारता, भ्रष्टाचार के बारे में सोच और राज्य के आतंक को लेकर सकारात्मक मत व्यक्त किए हैं, लेकिन इसी के साथ यह भी जान लिया जाए कि उदारता और भ्रष्टाचार के बारे में हमारा आकलन नकारात्मकता की तरफ बढ़ा है।

इस तरह के हर आकलन को एकाधिक दृष्टियों से देखा-परखा जाता है और यह स्वाभाविक भी है। मैं तो यही कहना चाहूंगा कि बजाय आकलन की प्रामाणिकता और विश्वसनीयता पर उंगली उठाने के हमें इस दिशा में अधिक प्रयास करने होंगे कि अगले आकलनों में हम और अधिक खुशहाल नज़र आएं। देश में आर्थिक हालात बेहतर हों, लोगों को समुचित रोज़गार मिले, उनका जीवन सुरक्षित और सुगम हो, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएं बेहतर हों, शुद्ध पेयजल सबको सुलभ हो, भूख का नाम-ओ-निशान मिट जाए और देश के नागरिकों में उनकी जाति, धर्म, सम्प्रदाय, लिंग आयु, रंग, प्रदेश आदि के आधार पर कोई वैमनस्य न हो - अगर ये और उस तरह की बातें हमारे चिंतन और कर्म में शामिल हों तो कोई वजह नहीं है कि हम अपने देश को बेहतर पाएं। यह सब हम को ही करना होगा, इसके लिए आसमान से फरिश्ते उतर कर नहीं आएंगे!

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# साइबर ठगों का बढ़ता हौसला, तीन साल में ही ठगी में बीस गुणा बढ़ोतरी



**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

मोबाईल पर नंबर मिलाते ही आजकल साईबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन या ब्लेक मेलिंग से सतर्क रहने का संदेश सुनने को मिलता है। इस सबके बावजूद भारत सरकार द्वारा ठगी के जारी आंकड़ें ना केवल चेताने वाले हैं अपितु लगता है जैसे ज्यों ज्यों दवा की मर्ज बढ़ता ही गया वाले हालात बनते जा रहे हैं। मजे की बात यह है कि साइबर ठगी के इन रुपों से सबसे अधिक शिकार पढ़े लिखे और समझदार लोग ही हो रहे हैं। लाख समझाईस के बावजूद एक और ठगों के हौसले बुलंद है तो ठगी के शिकार होने वाले लोगों की संख्या और राषि में मल्टीपल बढ़ोतरी हो रही है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी हालिया आंकड़ों को देखे तो पिछले तीन साल में ही ठगी के नए अवतार से ठगी की राषि 20 गुणा बढ़ गई है। इस साल की शुरुआत के दो महीनों में ही 17 हजार 718 से अधिक मामलें दर्ज हो चुके हैं और 210 करोड़ 21 लाख रु. से अधिक की ठगी हो चुकी है। यह तो साल की शुरुआत के हाल है। पिछले तीन साल के आंकड़ों पर नजर ड़ाले तो हालात की गंभीरता को आसानी से समझा जा सकता है।

साल 2022 में साइबर ठगी, डिजीटल अरेस्ट या इस तरह की ब्लेक मेलिंग, ऑनलाइन ठगी आदि के 39925 मामलों में 91 करोड़ 14 लाख की ठगी हुई थी जो एक साल बाद ही 2023 में बढ़कर 60676 हो गई और इसमें 339 करोड़ रु. की राशि की ठगी हो गई। मजे की बात यह है कि लाख प्रयासों के बावजूद 2024 की बढ़ोतरी तो और भी चिंतनीय रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार ही 2024 में एक लाख 23 हजार 672 मामलें दर्ज हुए और 1935 करोड़ 51 लाख रु. की ठगी हो गई। यह तो वे मामलें हैं जो पुलिस में दर्ज हुए हैं जबकि हजारों मामलें ऐसे भी होंगे जिनमें मामलें दर्ज कराए ही नहीं गए होंगे।

खास बात यह है कि ठगी के केन्द्र व ठगी के तरीके से वाकिफ होने के बावजूद यह होता जा रहा है। हांलाकि झारखण्ड के जमातड़ा से ठगों के तंत्र को तोड़ दिया गया पर देश में एक दो नहीं अपितु 74 जिलों में इस तरह की ठगी करने वालों के हॉटस्पॉट विकसित हो गए। झारखण्ड, राजस्थान, हरियाणा और बिहार के केन्द्र पहले पांच प्रमुख सेंटर विकसित हो गए।

ऐसा नहीं है कि साईबर या इससे जुड़ी ठगी हमारे यहां ही होती है अपितु देखा जाए तो यह आयातित ठगी का तरीका है। साईबर या यों कहें कि इस तरह की ठगी के मामलों में रशिया पहले पायदान पर है तो यूक्रेन दूसरे पायदान पर बना हुआ है। इनके बार चीन, अमेरिका, नाइजेरिया और रोमानिया का नंबर आता है। इससे एक बात तो साफ हो जाती है साइबर ठगों के सारी दुनिया में हौसले बुलंद है। लोगों की गाढ़ी कमाई को हजम करने में इन्हें विशेषज्ञता हासिल है। लोगों की कमजोरी को यह समझते हैं और उसी कमजोरी के चलते पढ़े लिखे और हौशियार लोगों को भी आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। जाल ऐसा की यह समझते हुए कि ऐसा आसानी से होता नहीं है फिर भी चक्कर में फंस ही जाते हैं और ठगों के आगे सरेण्डर होकर लुट जाते हैं।

जहां तक हमारे देश की बात करें तो साइबर ठग या तो किसी तरह का लालच देकर लिंक भेजकर ठगी करते हैं तो दूसरी और ड़रा धमकाकर आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। सरकार प्रचार के सभी माध्यमों से बार बार व लगातार आगाह कर रही है कि ठगों द्वारा ड़राने वाले तरीके वास्तविक नहीं है। बैंक कभी भी बैंक डिटेल या ओटीपी ऑनलाइन नहीं मांगते पर पता नहीं कैसे ठगों के जाल में फंसकर अपनी मेहनत की कमाई लुटा बैठते हैं। ओटीपी देदेते हैं तो लिंक खोलने के लिए लाख मना करने के बावजूद लिंक खोलकर लुट जाते हैं।

पुलिस अधिकारी बन कर जिस तरह से डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का रास्ता अपनाया जा रहा है उस संबंध में अवेयरनेस अभियान के बावजूद ठगी का शिकार होने वालों की संख्या या राशि में कमी नहीं हो रही है। डिजिटल अरेस्ट में डॉक्टर, रिटायर्ड जज, प्रोफेसर, प्रशासनिक अधिकारी सहित संभ्रात वर्ग के लोगों को आसानी से जाल में फंसाकर ठगी हो रही हैं वह भी करोड़ों तक की ठगी के उदाहरण मिल रहे हैं। झूठे मामलों में परिजनों को फंसने से बचाने का झांसा देकर ठगी हो रही है। मजे की बात यह है कि इस स्तर तक ड़र या भयाक्रांत हो जाते हैं कि किसी अन्य या पुलिस से समस्या साझा करने की हिम्मत भी नहीं कर पाते और ठगी के बाद हाथ मलते रह जाते हैं। डिजिटल अरेस्ट के मामलें तो दिनों-दिन बढ़ते ही जा रहे हैं। दरअसल इसमें पुलिस, सरकारी जांच एजेंसी या प्रवर्तन निदेशालय के नकली अधिकारी बन कर इस कदर ड़रा देते हैं और मजे की बात यह कि एक दो दिन नहीं अपितु कई दिनों तक लगातार ऑडियो या वीडियो कॉल करके ठगी का शिकार बना लेते हैं।

ऐसा नहीं है कि सरकारें हाथ पर हाथ धरे बैठी हो। सरकार व वित्तदायी संस्थाओं द्वारा मीडिया के माध्यम से सजग किया जा रहा है। इसके साथ ही झारखण्ड के बड़े केन्द्र जमातड़ा को लगभग समाप्त कर ही दिया है। पर देश में 74 हॉट स्पॉट विकसित हो गए हैं। इनमें हरियाणा का नूंह, राजस्थान का डीग, झारखण्ड का देवघर, राजस्थान का अलवर और बिहार का नालंदा पहले पांच हॉट स्पॉट हो गए हैं। मीडिया द्वारा भी समय समय पर स्ट्रिंग कर इस तरह के केन्द्रों को एक्सपोज किया है पर ठगी कम होने को ही नहीं है। दरअसल आमनागरिकों को भी सजग होना ही होगा। अनजान नंबरों पर बात ही ना करें। ज्योंही कोई डराये धमकायें तो बहकावे में आने के स्थान पर पड़ताल करें। इस तरह के हालात सामने आये तो परेशान होने के स्थान पर परेशानी को साझा करें, पुलिस का सहयोग लेने में भी संकोच ना करें। देखा जाए तो सजगता ही इस समस्या का समाधान हो सकती है।

**–डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,**
**( वरिष्ठ लेखक )**

# अवैध बजरी के दो ट्रक व कार और गीली लकड़ी भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

## बजरी परिवहन के मामले में दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया

**मांडलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ थाना पुलिस प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस जतिन जैन ने बजरी माफिया पर कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी भरे ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार भीलवाड़ा मार्ग के होडा गांव के पास पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान बनास नदी से अवैध बजरी दोहन कर ट्रक से परिवहन कर बिजौलियां की ओर ले जाया जा रहा था। ट्रक के आगे पीछे एक लग्जरी कार पुलिस की रैकी कर रही थी। प्रशिक्षु आईपीएस जतिन जैन ने अवैध बजरी भरे ट्रक और लग्जरी कार को जब्त कर मुकदमा दर्ज किया और दोनों वाहनों के चालक को गिरफ्तार किया है। वहीं ओवरलोड अवैध बजरी के ट्रक पर खनिज व परिवहन विभाग द्वारा जुर्माना वसूली की कार्रवाई भी की जा रही है।




मांडलगढ़ में पुलिस ने गीली लकड़ी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया।

प्रशिक्षण आईपीएस जतिन जैन ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान होडा गांव टोल प्लाजा के पास विभिन्न किस्म की अवैध गीली लकड़ियों से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया और अग्रिम कार्रवाई के लिए मांडलगढ़ वन विभाग को सुपुर्द किया है।

गौरतलब कि मांडलगढ़ क्षेत्र में प्रतिदिन विभिन्न मार्गों से अवैध गीली लकड़ियों से भरे सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉली बीगोद और खटवाड़ा में संचालित आरा मशीनों पर कटिंग के लिए ले जाये जाते हैं, लेकिन वन विभाग के जिम्मेदार अफसरों की लापरवाही के चलते लकड़ी माफिया पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**■ काछोला पुलिस ने जब्त बजरी के ट्रक के खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया, जो चर्चा का विषय बना हुआ है**

दूसरी ओर काछोला थाना पुलिस ने दिनदहाड़े बनास नदी से अवैध बजरी भरकर परिवहन करने के मामले में एक ट्रक को जब्त किया है। ट्रक में तिरपाल से ढककर दिन में बजरी माफिया बेख़ौफ़ होकर अवैध बजरी परिवहन कर रहे हैं, पुलिस ने खनिज व परिवहन विभाग को अक्रिम कार्रवाई के लिए सूचित किया है। वहीं पुलिस द्वारा बजरी माफिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं होने से आमजन में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# द्विवार्षिक अधिवेशन एवं होली स्नेह मिलन हुआ

**ब्यावर,** (निसं)। सेंट्रल गवर्नमेंट पेंशनर्स एसोसिएशन इकाई के तत्वाधान में द्विवार्षिक खुला अधिवेशन कार्यक्रम जेपी होटल उदयपुर रोड में आयोजित किया गया।

एन. एम. माली संगठन के अध्यक्ष के अनुसार प्रत्येक 2 साल में संगठन के चुनाव आयोजित किए जाते हैं तथा इसी कड़ी में 75 वर्ष से अधिक सुपर सीनियर सिटीजन (पेंशनर्स)का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। रंगारंग कार्यक्रम होली स्नेह मिलन के रूप में आयोजित किया गया जिसमें संस्था के ही सदस्य दिनेश आहूजा, जेपी खोरवाल , राजकुमार पंवार और संस्था के अध्यक्ष एन .एम. माली ने मधुर गीत और भजन प्रस्तुत किये। सुरेश चंद्र शर्मा ने कार्यक्रम के संबंध में स्वरचित शानदार कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर फूलों की होली भी खेली गई।इस भव्य आयोजन में जयपुर मुख्यालय से वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ साथ अजमेर, किशनगढ़ , उदयपुर,भरतपुर आदि स्थानों से भी वहां के अध्यक्ष महासचिव एवं संरक्षक ने भी शिरकत किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के विभिन्न सदस्यों ने सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम के तहत आने वाली समस्याओं में ज्यादातर मामलों में जेनेरिक मेडिकल देने और ब्यावर में वैलनेस सेंटर नहीं होने के संबंध में मुद्दे उठाए। पेंशनर्स के संबंधित मुद्दे यथा 65 साल 70 साल और 75 साल की उम्र में क्रमशः, 5 10 और 15 अतिरिक्त पेंशन देने तथा 50 फीसदी महंगाई भत्ते को पेंशन में मर्ज करने के साथ-साथ आठवें वेतन आयोग का विधिवत गठन करने तथा कम्यूटेशन की राशि 15 साल लगातार काटने के बजाय 10 साल तक ही काटने के संबंध में चर्चा की गई तथा इन मुद्दों को सरकार के साथ पुरजोर से उठाने और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करवाने के निर्णय लिए गए। सीजीपीए अजमेर इकाई के उपाध्यक्ष बाबूलाल बरोलिया ने सीजीएचएस और वैलनेस सेंटर के संबंध में आ रही परेशानियों का जिक्र किया और वर्तमान नियमावली से सदस्यों का अवगत कराया और निवारण भी सुझाए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीताराम मीणा संरक्षक सीजीपीए इकाई अजमेर ने अपने उद्बोधन में सीजीपीए ब्यावर इकाई के उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की ओर तथा एक जुट होकर रहने एवं प्रसन्न रहने के संबंध में बताया। विशिष्ट अतिथि डी के छंगानी अध्यक्ष सीजीपीए मुख्यालय जयपुर ने अपने उद्बोधन में सरकार की वर्तमान नीतियों की कड़ी आलोचना की तथा एकजुटता बनाए रखने की अपील की। अगले दो वर्ष के लिए संगठन के नए पदाधिकारी के रूप में सर्वसम्मति से एन. एम माली को पुनः अध्यक्ष चुना गया।

# खेत में संदिग्ध गुब्बारा मिलने से हड़कंप

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले के संगरिया थाना क्षेत्र में खेत में एक संदिग्ध गुब्बारा मिलने से हड़कंप मच गया है। यह गुब्बारा पाकिस्तान से संबंधित होने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, यह गुब्बारा नाथवाना रोही चक 3 एमएम के स्थित एक खेत में मिला है, जिसे स्थानीय किसान सुशील जाखड़ ने देखा और पुलिस को सूचित किया।

सूचना मिलने पर संगरिया पुलिस थाना के एएसआई राजाराम स्वामी मय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर फोटो और वीडियोग्राफी की और संदिग्ध गुब्बारे को जब्त कर लिया। गुब्बारे पर उर्दू भाषा में 'जॉन जॉन पाकिस्तान' लिखा हुआ था, जिससे यह शक और गहरा हो गया कि यह पाकिस्तान से आया हुआ हो सकता है। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# शहीद दिवस पर नशे के खिलाफ मैराथन दौड़ संपन्न

**झुंझुनूं,** (निसं)। भारत की जनवादी नौजवान सभा की ओर से शहीद ए आजम भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु के शहादत दिवस पर नशे के प्रति जागरूकता को लेकर जेपी जानूं स्कूल से शहीद स्मारक तक मैराथन दौड़ आयोजित करवाई। जिसमें सैंकड़ों नौजवानों ने भाग लिया। सबसे पहले स्काउट गाइड के सीओ महेश कलावत ने नशे के प्रति जागरूकता को लेकर शपथ दिलवाई। जेपी जानूं स्कूल से नौजवानों को बलवीर भैड़ा, डीवाईएफआई के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ जानूं, मोरारका महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र न्यौला, एसएफआई के संस्थापक सदस्य कॉमरेड फूलचंद बर्बर, एसएफआई के जिला अध्यक्ष आशीष पचार ने नौजवानों को हरी झंडी दिखाकर रवानगी दी। शहीद स्मारक पार्क में श्रद्धांजलि सभा रखी। जिसमें उद्घाटन भाषण में बलवीर भैड़ा ने कहा कि युवाओं को नशे के खिलाफ ऐसे कार्यक्रम करने चाहिए। जिससे युवाओं में जागरूकता बनी रहे।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**सोमवार 24 मार्च, 2025**

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 4:27 तक, परिघयोग सायं 4:44 तक, वणिज करण सायं 5:22 तक, चन्द्रमा आज प्रातः 10:25 से मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-धनु, मंगल-मिथुन, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज भद्रा सायं 5:22 से आरम्भ होगी। आज दशामाता व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** अमृत सूर्योदय से 8:01 तक, शुभ 9:32 से 11:03 तक, चर 2:04 से 3:35 तक, लाभ-अमृत 3:35 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:30, सूर्यास्त 6:36



**मेष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।


**वृष**
दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। शुभ संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

**कर्क**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**सिंह**
व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक मामलों में परेशानी अभी बनी रहेगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




**तुला**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक मामलों में उचित परामर्श मिलेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**धनु**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में आपसी वाद-विवाद होने का भय है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। वाणी पर संयम रखें।

**मकर**
वर्तमान में चल रहा मानसिक तनाव दूर होने लगेगा। मनःस्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**कुंभ**
आर्थिक/वित्तीय मामलों को दिन के मध्यान्ह पूर्व में करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात घर-परिवार के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।



**मीन**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# जयपुर की सड़कों पर उतरीं करीब 100 विंटेज और क्लासिक कारें

**जयपुर।** राजपूताना ऑटोमोटिव स्पोर्ट्स कार क्लब द्वारा जयपुर की वार्षिक विंटेज और क्लासिक कार एग्जीबिशन एंड ड्राइव के 26वें संस्करण का आज ताज जय महल पैलेस में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर

- विंटेज और क्लासिक कार एग्जीबिशन एंड ड्राइव का समापन
- जयपुर ग्रामीण, सांसद, राव राजेंद्र सिंह ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए

जयपुर ग्रामीण, सांसद, राव राजेंद्र सिंह मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर अभिनेत्री निहारिका रायजादा भी उपस्थित रही। पुरस्कार तीन श्रेणियों- विंटेज, क्लासिक और मॉडर्न क्लासिक में दिए गए।

विंटेज श्रेणी में कॉनकोर्स डी एलिगेंस टाइटल से अवॉर्ड गौतम हरि सिंघानिया (1930-कॉर्ड 29) को दिया गया। फर्स्ट- बेस्ट मेन्टेंड कार यूरोपियन का पुरस्कार द जेम सिनेमा को (1939-मर्सेडीज बैंज), मोस्ट ओरिजनल कार यूरोपियन टाईटल का पुरस्कार पंकज गर्ग (1939-स्टैंडर्ड 8), फर्स्ट- बेस्ट मेन्टेंड कार अमेरिकन का पुरस्कार भरत सेठ (1937-प्लाय माउथ) को मिला। फर्स्ट-बेस्ट रीस्टोर्ड कार अमेरिकन का पुरस्कार मुकेश अग्रवाल (1933-शैवरलेट) । वहीं, क्लासिक और मॉडर्न क्लासिक श्रेणी में गौतम हरि सिंघानिया ने (1950-रिले आरएमडी) के लिए पुरस्कार जीता। फर्स्ट-बेस्ट मेन्टेंड कार यूरोपियन का पुरस्कार अविजित सिंह बदनौर (1959-डेमलर 250), फर्स्ट- बेस्ट रीस्टोर्ड कार यूरोपियन का टाईटल (रघु सिन्हा मेमोरियल ट्रॉफी) मीत बडालिया को (1960 ऑस्टिन हैले) के लिए मिला। फर्स्ट- बेस्ट मेन्टेंड कार अमेरिकन का पुरस्कार अमित माहेश्वरी (1956-ओल्ड्स मोबाइल 88) ने जीता। इनके अतिरिक्त कई अन्य टाईटल्स के पुरस्कार वितरित किए गए। ऑटो एक्सपर्ट जूरी मुंबई से अनिरुद्ध कासलीवाल और कोलकाता से श्रीवर्धन कनोरिया ने कारों को मौलिकता, रखरखाव, दुर्लभता, उद्गम आदि के आधार पर जज किया।

ड्राइव को सुबह 11.30 बजे जनरल मैनेजर, ताज जय महल पैलेस, जयपुर, वर्धमान एस. राठौड़, ताज ग्रुप, सेल्स-मार्केटिंग एरिया डायरेक्टर, इस्लाम चौधरी, डिप्टी डायरेक्टर, पर्यटन विभाग, उपेंद्र सिंह शेखावत और दयानिधि कासलीवाल सहित अन्य व्यक्तियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। यह ड्राइव गवर्नमेंट हॉस्टल, एमआई रोड, पांच बत्ती, स्टेच्यू सर्कल, अंबेडकर सर्कल, जनपथ टर्न से चोम्मू सर्कल होते हुए अंत में ताज जय महल पैलेस में समाप्त हुई। जिसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सड़कों पर दौड़ती इन विंटेज और क्लासिक कारों को देखने के लिए लोग उत्साहित नजर आए। गौरतलब है कि एग्जीबिशन में भारत के विभिन्न हिस्सों- दिल्ली, चंडीगढ़, मुंबई, जयपुर सहित राजस्थान से लगभग 100 विंटेज और क्लासिक कारें शामिल हुईं।

समारोह में राजपूताना ऑटोमोटिव स्पोर्ट्स कार क्लब (आरएएससीसी) के संस्थापक अध्यक्ष, दयानिधि कासलीवाल, आरएएससीसी के उपाध्यक्ष, सुधीर कासलीवाल, आरएएससीसी के सचिव, अविजित सिंह बदनौर, डिप्टी डायरेक्टर, पर्यटन विभाग, उपेंद्र सिंह शेखावत, सहित देश भर से कार पारखी, पर्यटक और शहर के कई जाने-माने लोग उपस्थित रहे।



राजपूताना ऑटोमोटिव स्पोर्ट्स कार क्लब की ओर से जयपुर की वार्षिक विंटेज और क्लासिक कार एग्जीबिशन एंड ड्राइव के 26वें संस्करण का रविवार को आयोजन किया।

## देश से माफी मांगें सपा सांसद : शेखावत

**जयपुर/नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने महाराणा सांगा को लेकर दिए बयान पर समाजवादी पार्टी सांसद रामजी लाल सुमन से माफी मांगने के लिए कहा है। शेखावत ने कहा कि सुमन ने अपरोक्ष रूप से बता दिया है कि उनकी पार्टी के संस्कार कैसे हैं?

शेखावत ने तंज कसा कि अपने माथे का तिलक पोंछने वाले, जाने किस आईने में सूरत देखते हैं। उन्होंने कहा कि महाराणा सांगा को गद्दार कहना केवल और केवल तुष्टीकरण की ओछी राजनीति है। यह उस विशेष वर्ग को खुश करने की तुच्छ चेष्टा है, जो आक्रांताओं को अपना हीरो मानता है।

शेखावत ने कहा कि जिन्होंने गुंडागर्दी को जनसेवा जाना, उन नेताओं की पार्टी का सांसद क्या जाने कि मातृभूमि रक्षार्थ तन पर 80 घाव लेकर भी आक्रांताओं को उनकी जगह बताना क्या होता है? केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सपा सांसद को अपनी पार्टी से मिले निर्देश को भूलकर चिंतन करना चाहिए और अखिल भारत के नायक महाराणा सांगा के प्रति अत्यंत निम्न टिप्पणी के लिए पूरे देश से क्षमा मांगनी चाहिए।

# मुख्यमंत्री ने स्व. डॉ. देबेंद्र प्रधान को श्रद्धांजलि अर्पित की



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को ओडिशा के तालचेर में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के निज आवास पहुंचकर उनके पिता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. डॉ. देबेंद्र प्रधान को श्रद्धांजलि अर्पित की। शर्मा ने डॉ. देबेंद्र प्रधान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए और परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी तथा उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा मौजूद रहे।

# नाबालिगों को तलाश नहीं करने पर चार पुलिस अधीक्षक तलब

**अदालत ने बारां और धौलपुर पुलिस अधीक्षक को 7 अप्रेल, झुंझुनूं एसपी को 8 अप्रेल और डीग एसपी को 9 अप्रेल को पेश होकर मामलों से जुड़ी प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा**

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने चार अलग-अलग मामलों में नाबालिगों की तलाश नहीं होने पर चार जिला पुलिस अधीक्षकों को तलब किया हैं। अदालत ने बारां और धौलपुर पुलिस अधीक्षक को 7 अप्रेल, झुंझुनूं एसपी को 8 अप्रेल और डीग एसपी को 9 अप्रेल को तलब किया है। अदालत ने सभी जिला एसपी से मामलों से जुडी प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा है। जस्टिस नरेन्द्र सिंह और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश लापताओं के परिजनों की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाओं पर अलग-अलग सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में बारां जिले के हरनावदाशाहजी और झुंझुनूं जिले के गुढ़ा गौडजी थाना क्षेत्र से गायब नाबालिग बालिकाओं को तलाशने के लिए पुलिस को निर्देश देने की गुहार की गई थी। वहीं धौलपुर जिले के बाड़ी थाना क्षेत्र से करीब डेढ़ साल पहले गायब हुए 11 साल के दिव्यांग आकाश की तलाश नहीं होने पर परिजनों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान सभी मामलों में पुलिस थानों ने अभी तक की तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश की थी। रिपोर्ट के साथ थानाधिकारी भी कोर्ट में मौजूद रहे, लेकिन कोर्ट पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं हुआ। कोर्ट ने कहा कि नाबालिगों को तलाशने में पुलिस की ढिलाई रही हैं। ऐसे में संबंधित पुलिस अधीक्षक कोर्ट में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण दें।

मामले में बारां जिले के हरनावदाशाहजी थाने की तथ्यात्मक रिपोर्ट के अनुसार बालिका 24 दिसम्बर 2024 को अपने घर से गायब हुई थी। घटना के समय बालिका की उम्र 17 साल 6 महीने थी। बालिका के पिता ने छीपाबड़ौद के ढोलम थाने के नितेश नागर पर उसकी पुत्री को बहलाकर ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बालिका को कोटा, झालावाड़, जयपुर और अन्य जगह तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। घटना के बाद आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी देखी गई, लेकिन दोनों उसमें कहीं भी दिखाई नहीं दिए। आरोपी का फोन भी बंद है। दोनों के आधार कार्ड पर कोई सिम भी एक्टिवेट नहीं हुई। दूसरे मामले में झुंझुनूं जिले के गुढ़ागौडजी थाने की तथ्यात्मक रिपोर्ट के अनुसार थाना क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग बालिका 19 फरवरी 2025 से गायब हैं। घटना के समय बालिका की उम्र 16 साल 9 माह थी। परिजनों ने गोदारो का बास सिंग्नोर निवासी योगेश सिंह पर आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि आरोपी देर रात घर के बाहर आया और बालिका को लेकर चला गया। हमने उनका पीछा भी किया, लेकिन वो फरार हो गया। पुलिस ने अपनी रिपोर्ट नें कहा कि हमने आरोपी के परिजनों से भी पूछताछ की, लेकिन उन्हें कोई जानकारी नहीं होना बताया। दोनों के मोबाइल की कॉल डिटेल के आधार पर संदिग्धों से भी पूछताछ की। बालिका की तलाश के लिए गांधीधाम गुजरात, जयपुर और उदयपुर में भी कार्रवाई की गई, लेकिन बालिका को अभी तक तलाश नहीं किया जा सका।

धौलपुर जिले के पुलिस थाना बाड़ी से करीब डेढ़ साल पहले गायब हुए 11 साल के दिव्यांग बालक की तलाश पुलिस अभी नहीं कर पाई हैं। पुलिस की ओर से हाईकोर्ट में दायर तथ्यात्मक रिपोर्ट में पुलिस का कहना है कि 15 जून 2023 से लापता बालक की तलाश के लिए हमने 25 हजार के ईनाम की भी घोषणा की हैं। बालक की तलाश में पुलिस टीमें धौलपुर जिले, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में भेजी गई। बालक की तलाश के लिए उसके पोस्टर रेलवे स्टेशन और बस स्टैण्ड पर चस्पा किए गए। होटल, ढाबों पर बालक की तलाश की गई। पिछले साल 31 दिसम्बर 2024 को बालक के पीवीसी कार्ड के लिए 50 रुपए का भुगतान हुआ। यह भुगतान किस बैंक, खाते अथवा ऑनलाइन ऐप के जरिए किया गया। उसकी जानकारी के लिए यूआईडीएआई रीजनल ऑफिस, दिल्ली को लिखा गया, लेकिन उन्होंने बिना हाईकोर्ट के आदेश के जानकारी देने से मना कर दिया।



जयपुर नगर निगम ग्रेटर घर-घर कचरा कलेक्शन करके सेवापुर डंपिंग यार्ड में पहुंचा रहा था जिससे वहां कचरे का पहाड़ बन गया। अब पिछले 10 दिन से टोडी मोड़ पर एक निजी प्लॉट में कचरा डिपो बना दिया है जिससे वहाँ से गुजरने वाले लोगो का बदबू से हाल बुरा हैं।

## रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे : डॉ. प्रेमचंद

**जयपुर।** कौशल विकास से ही विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त होगा और अपार युवा संसाधन की प्रतिभा के साथ न्याय भी हो सकेगा। स्किल एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट से न केवल रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा, बल्कि भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में भी कारगर कदम उठाये जा सकेंगे। ये कहना है उच्च शिक्षा मंत्री व उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा का। वे आज भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी-बीएसडीयू के दूसरे दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

## हेमू कालाणी को नमन किया

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने माँ भारती की परतंत्रता की बेड़ियों को तोड़ने के लिए अपना जीवन होम कर देने वाले महान क्रांतिकारी, अमर हुतात्मा हेमू कालाणी जी की जयंती पर नमन किया है। देवनानी ने कहा है कि अमर शहीद हेमू कालाणी की वीरता की गौरवगाथा सदैव देश की भावी पीढ़ियों को मातृभूमि की सेवा के लिए प्रेरित करती रहेंगी। देवनानी ने कहा कि देश के लिए बलिदान देने की कोई उम्र नहीं होती, हेमू कालाणी इसका जीवंत उदाहरण हैं। देवनानी ने कहा कि बीस वर्ष से भी कम आयु में अमर शहीद कालाणी ने अंग्रेजों के खिलाफ क्रांतिकारी संघर्ष छेड़ा और हथियारों से भरी अंग्रेजी ट्रेन रोकने के प्रयास में वे गिरफ्तार भी हुए। देवनानी ने कहा कि अंग्रेजों की घोर यातनाएं भी उनका हौसला न तोड़ सकीं और वे फांसी के फंदे को हंसते-हंसते चूमकर अमर हो गए।

# भर्ती रद्द करने को लेकर राज्यपाल के प्रमुख सचिव तलब

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय में चतुर्थ श्रेणी भर्ती- 2021 की चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसे रद्द करने के मामले में राज्यपाल के प्रमुख सचिव को 27 मार्च को तलब किया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश नाथूसिंह व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने प्रमुख सचिव को कहा है कि वह भर्ती से जुड़ा समस्त रिकॉर्ड भी अदालत में पेश करें।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अदालत को बताया कि विश्वविद्यालय ने साल 2021 में एलडीसी और चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए भर्ती निकाली। भर्ती की समस्त प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्यपाल के आदेश से भर्ती को स्थगित किया गया और भर्ती में अनियमिता की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई। वहीं कमेटी की जांच रिपोर्ट के बिना ही भर्ती को रद्द कर दिया गया। याचिका में कहा गया कि भर्ती की संपूर्ण चयन प्रक्रिया और दस्तावेज सत्यापन के बाद बिना किसी आधार भर्ती को रद्द नहीं किया जा सकता। इसके अलावा मामले में बनाई जांच कमेटी की भी न तो कोई मीटिंग हुई और ना ही कमेटी ने दो साल बाद कोई जांच रिपोर्ट पेश की। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने राज्यपाल के प्रमुख सचिव को भर्ती से जुडे समस्त रिकॉर्ड के साथ पेश होने के आदेश दिए हैं।

# राज्यभर में सरस डेयरियां करेंगी घी-दूध की नि:शुल्क जांच

- अत्याधुनिक मशीनों से जांच कर घर बैठे जांच परिणाम से अवगत कराया जावेगा

**जयपुर।** अब आप अपने घर में उपयोग में लाये जा रहे घी-दूध की नि:शुल्क जांच करा सकते हैं। घी-दूध खुला हो या पैक्ड और चाहे किसी भी ब्राण्ड का हो, आपको बस 50 एम.एल. कच्चे दूध या घी का सैम्पल अपने नजदीकी जिला दुग्ध संघ की लेबोरेट्री में लेकर जाना है जहां अत्याधुनिक मशीनों से नि:शुल्क जांच कर आपको घर बैठे जांच परिणाम से अवगत कराया जावेगा।

खाद्य पदार्थों और दूध एवं दूध से बने उत्पादों में मिलावट को जड़ से समाप्त करने और आमजन को शुद्ध एवं पौष्टिक दूध एवं दूध से बने उत्पाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रतिबद्धता के चलते राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन ने पहली बार एक साथ राज्यभर की सभी सरस डेयरियों में घी-दूध की नि:शुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया है। इससे एक ओर जहा आम उपभोक्ताओं को दूध और दूध बने उत्पादों की गुणवत्ता और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता पैदा होगी वहीं दूसरी ओर मिलावट पर भी प्रभावी रोक लगेगी। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रशासक और प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि आम उपभोक्ता अब राज्यभर की सरस डेयरियों में उनके द्वारा उपयोग में लाये जा रहे घी-दूध अथवा दूध से बने अन्य उत्पादों के सैम्पल जांच हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय समय में जमा करा सकते हैं।

## सर्व ब्राह्मण समाज के 271 वरिष्ठ जनों का अभिनंदन

**जयपुर।** सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात के तत्वावधान में सरस्वती स्कूल बावड़ी गोपीनाथ में सर्व ब्राह्मण होली मिलन एवं वरिष्ठ जन सम्मान समारोह का भव्यतम आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें 271 वरिष्ठ जनों का साफा बन्धवा कर शॉल एवं दुपट्टा तथा भगवान परशुराम की तस्वीर भेंट कर अभिनंदन किया गया। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा एवं जिला कोषाध्यक्ष गजानंद शर्मा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि चोमू पूर्व विधायक रामलाल शर्मा एवं अति विशिष्ट अतिथि चोमू थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा रहे समारोह की अध्यक्षता सोहन लाल पारीक एवं सुरेश शर्मा ने संयुक्त रूप से की। विशिष्ट अतिथि हाई कोर्ट बार एसोसिएशन उपाध्यक्ष बाबूलाल शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद मिश्रा जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था समन्वयक मोहनलाल शर्मा रामगोपाल बाबूजी रहे इस अवसर पर फागोत्सव में भजनों पर फूलों से होली खेल कर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी गई।

# एक साथ चुनाव से रूकेगा धन का अपव्यय : सतीश पूनिया

**जयपुर।** वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान के तहत रविवार को राजस्थान के सोशल मीडिया एक्टिविस्ट, मीडिया इन्फ्लूएंसर, एनजीओ व नेशनल खिलाडियों की राज्यस्तरीय कार्यशाला

- एक समय पर सभी चुनाव होने से जीडीपी में होगी 1.5 प्रतिशत की बढोतरी : सुनील भार्गव
- वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर विपक्ष कर रहा राजनीतिः नाहर सिंह

का आयोजन मानसरोवर में किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि देश में स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सभी चुनाव एक साथ एक समय पर करवाना जरूरी है।

पूनिया ने वन नेशन वन इलेक्शन के लाभ गिनाते हुए कहा कि बार-बार होने वाले चुनावों के कारण आचार संहिता और अन्य बाधाएं होती है। इसके कारण धन का अपव्यय होता है व प्रशासन भी ठप हो जाता है। इससे आमजन के जनहितार्थ कार्य भी नहीं हो पाते और लोगों को परेशानी का सामना करना पडता है। देश की प्रगति के लिए यह आवश्यक है कि सर्व सम्मति से यह संविधान संशोधन विधेयक पारित हो

वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक सुनील भार्गव ने कहा कि एक समय पर चुनाव को लेकर 45 लाख करोड रूपए की बचत होगी। जिससे देश की जीडीपी 1.5 फीसदी बढेगी। देश में इस समय जितना बजट चुनावों पर खर्च होता है अगर वह बच जाए तो कई राज्यों का वार्षिक बजट दुगुना हो सकता है। उन्होंने कहा कि कि 1983 में इलेक्शन कमीशन व 1999 में लॉ कमीशन ने और 2024 में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने देश में सभी चुनाव एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की है। एक साथ चुनाव वर्ष 34 में होंगे, इसमें यह साफ है कि यह राष्ट्रहित का मुद्दा है।

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर विपक्ष के लोगों की बयानबाजी शुरू हो गई है। देश में एक मतदाता सूची लोकतंत्र को सरल बनाएगी और इसके कारण कई सारे खर्च भी बच जाएंगे। विपक्ष के नेताओं के कोई मुद्दा नहीं बचा इसलिए अब उन्होंने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आरोप लगाना शुरू कर दिया है।



वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान के तहत रविवार को मानसरोवर में राज्यस्तरीय कार्यशाला को भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने उद्घाटन किया।

## नववर्ष पर होगा पथ संचलन

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ऋषि गालव भाग द्वारा 30 मार्च नववर्ष पर जयपुर में निकाला जाएगा। विराट पथ संचलन, मुख्य कार्यक्रम महाराजा कॉलेज खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि महंत स्वामी अक्षयानंद महाराज जगदगुरु आश्रम जयपुर व मुख्य वक्ता निंबाराम क्षेत्र प्रचारक राजस्थान रहने वाले हैं। पूर्व तैयारी में रविवार को शहर के लगभग 31 स्थानों पर बस्ती व नगरों के पथ संचलन आयोजित किए गए जिनमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# चिकित्सा शिवर और प्रयास प्रदर्शनी का उद्घाटन

- उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी रही विधाधर नगर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर
- भाजपा मंडल अध्यक्ष के निवास पर कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी रविवार को विधाधर नगर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहीं, इस दौरान उन्होंने भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश अग्रवाल के निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगो से मुलाकात की और संगठनात्मक एवं क्षेत्र के विकास के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर मैं प्रतिबद्ध, विधाधर नगर का करेंगे चहुमुखी विकास।

उप मुख्यमंत्री ने राजेश कालानी फाउंडेशन द्वारा श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन, सेक्टर 2 में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। जिसमें कई लोगों ने भाग लिया और नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। उन्होंने फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी सुरेश कालानी तथा फाउंडर ट्रस्टी शांति लाल जागेटीया का अभिनंदन करते हुए कहा कि आपके द्वारा पिछले लगातार 11 वर्षों से चिकित्सा सेवा शिविर के माध्यम से कई लोगो को चिकित्सा सुविधा मिली हैं। कोरोना महामारी के कठिन समय में भी मेगा शिविरों के माध्यम से लोगों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई। जागृति फाऊंडेशन की फाउंडर व वार्ड नं. 21 की पार्षद प्रियंका अग्रवाल द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'प्रयास' प्रदर्शनी का उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने फीता काट कर उद्घाटन किया।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को विधाधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वीकेआई रॉड नंबर 17 में सर्व हिंदू समाज और गायत्री परिवार के सौजन्य से आयोजित 21 कुण्डीय महायज्ञ कार्यक्रम में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में सुख-शांति, सुरक्षा और प्रगति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने महिलाओं के साथ जमीन पर बैठकर उनका हालचाल जाना और उन्हें इस आयोजन की बधाई दी।

# हाईटैंशन लाइन के टूटे तार की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन युवक झुलसे, मौत

## रास्ते में टूटा बिजली का तार बाइक को छू गया, जिसके करंट से बाइक सहित तीनों झुलस गए



हाईटैंशन विद्युत लाइन के तार के करंट से मोटरसाइकिल कबाड़ में बदल गई।



लोगों ने मृतकों के आश्रितों के लिये मुआवजे की मांग की।

■ मृतकों के आक्रोशित परिजन और ग्रामीण आश्रितों को मुआवजे सहित विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए

**नागौर/डीडवाना, (निसं)।** नागौर जिले के खींवसर उपखंड के गांव मूंडियाड से कडलु मार्ग पर हाईटेंशन विद्युत लाइन के तार की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन व्यक्तियों की मोटरसाइकिल सहित जलने से मौके पर ही मौत हो गई। बिजली विभाग की इस बड़ी लापरवाही ने निर्दोष लोगों की जान ले ली। सूचना मिलने पर भावंडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी लाया गया। मृतकों के आक्रोशित परिजन और ग्रामीण आश्रितों को मुआवजे सहित विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए।

जानकारी के अनुसार मुंदियाड गांव में हुए हादसे में पीथाराम, कालूराम और जेठाराम की इस हादसे में मौत हुई है। ये तीनों बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। रास्ते में टूटा हुआ बिजली का तार बाइक को छू गया, जिससे बाइक में तेज करंट दौड़ गया। करंट इतना तेज था कि बाइक सहित तीनों युवक झुलस गए। भावंडा एसएचओ मानवेंद्र सिंह ने बताया कि दोपहर करीब बारह बजे नागौर के मुंदियाड़ निवासी पीथाराम देवासी, कालूराम देवासी व जेठाराम देवासी एक बाइक पर सवार होकर मुंदियाड़ से कड़लू जा रहे थे। रास्ते में 11 हजार केवी बिजली का तार टूटा हुआ था, उसके संपर्क में आते ही तीनों झुलस गए और मौत हो गई। टूटे हुए तार में करंट दौड़ रहा था। आसपास के लोगों ने तुरंत बिजली विभाग को सूचना देकर सप्लाई बंद करवाई, लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर आक्रोश जताया है।घटना को लेकर ग्रामीण व खींवसर विधायक रेवंतराम डांगा मौके पर पहुंचे और दुखद घटना पर शोक व्यक्त करते हुए हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया।

ग्रामीणों के साथ बीच रास्ते में बैठ गये और विद्युत विभाग की लापरवाही की बात कही। वहीं खींवसर विधायक रेवंतराम डांगा व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट द्वारा परिवार के प्रति गहरा दुख प्रकट किया है। नागौर के मूंडियाड में एक ही परिवार के तीन व्यक्तियों की करंट की चपेट में आने से हुई मौत के मामले में विधायक रेवंतराम डांगा मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को उचित न्याय एवं मुआवजा दिलवाने की मांग की। जिला कलेक्टर, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, थानाधिकारी सहित विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर तुरंत प्रभाव से पीड़ित परिवार को नियमानुसार मुआवजा दिलवाने के लिए निर्देशित किया। वहीं खींवसर विधायक रेवंतराम डांगा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवेंद्र सिंह, मूंडवा पुलिस उपाधीक्षक गोपाल सिंह और अधीक्षण अभियंता अशोक चौधरी मौके पर पहुंचे और धरने पर बैठे लोगों से समझाइश की। मृतकों के आश्रितों को 15-15 लाख रुपए के मुआवजे की भी मांग सरकार से की है।

# बोलेरो और कार की टक्कर में 10 जने घायल

## चार की हालत गंभीर, छह जनों को मामूली चोटें आई



घायलों को राजकीय बीडीके अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

**झुंझुनूं, (निसं)।** सदर थाना इलाके के बीड़ में हुए सड़क हादसे में 10 जने घायल हो गए। आमने-सामने की हुई बोलेरो और कार की टक्कर से चार गंभीर घायलों को राजकीय बीडीके अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। शेष छह घायलों को मामूली चोटें होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

जानकारी के मुताबिक सुलताना गांव के रहने वाले दो दंपती समेत आठ महिलाएं और पुरूष अनुयायी संत श्रीजय गुरूदेव महाराज के सालाना आयोजन मुक्ति दिवस के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए मंडावा रोड पर दुराना गांव जा रहे थे। बीड़ में जब उनकी बोलेरो गाड़ी पहुंची तो सामने से एक कार आई, जो रॉन्ग साइड में आते हुए सामने से बोलेरो को टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घायलों को राजकीय बीडीके अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सदर पुलिस भी मौके पर पहुंची। इस हादसे में सुलताना निवासी मानसिंह व उनकी पत्नी अंतर कंवर, सत्यनारायण और उनकी पत्नी धोल, धर्मवीर, विजय, प्रेम और पूजा घायल हो गए। वहीं कार सवार हरियाणा निवासी दो जने भी घायल हुए हैं। इनमें से धर्मवीर, मानसिंह, धोल व पूजा का इलाज चल रहा है। शेष सभी को छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। वहीं मामले की जांच शुरू कर दी है।

# युवक ने आत्महत्या की

**टोंक, (निसं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात को एक युवक ने कमरे में पंखें से रस्सी बांधकर उसके लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। उसके साथ रहने वाले उसका छोटे भाई जब बाजार से वापस आया तो कमरे की कुंडी अंदर से बंद मिली, जिसके बाद दरवाजे को जोर से धक्का दिया तो दरवाजा खुल गया। जहां कमरे में उसका बड़ा भाई पंखे से लटका मिला, पास ही रहने वाले अन्य परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजन उसे सआदत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

थाना कोतवाली प्रभारी भंवर लाल वैष्णव ने बताया कि मृतक आकाश नामा पुत्र गिर्राज प्रसाद नामा निवासी नौशे मियां का पुल नाइयों की गली जो बड़ा कुआं क्षेत्र में किराए की दुकान में रेडीमेड की दुकान लगाता था।

दोनों भाई आकाश और उसका छोटा भाई कन्हैयालाल उनके मकान के पास ही कमल कुमार जैन के मकान में किराये से रहते थे। वहीं मृतक आकाश शनिवार रात को अकेला था और उसका छोटा भाई बाजार गया हुआ था, रात करीब दस बजे उसका छोटा भाई बाजार से वापस आने पर दरवाजा बन्द होने से उसको आवाज लगाई तो उसने दरवाजा नहीं खोला, तो उसने जोर से दरवाजे के धक्का दिया तो दरवाजा खुल गया, जहां उसे आकाश पंखे पर रस्सी के सहारे लटका मिला। मौके पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 40 किलो डोडा-चूरा जब्त

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर की सदर थाना पुलिस ने भीलवाड़ा-कोटा मार्ग पर स्थित कोटड़ी चौराहा क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक कार से 40 किलो 675 ग्राम डोडा-चूरा जब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है, जबकि दो फरार हो गये। सदर थाना पुलिस के अनुसार, थाना प्रभारी कैलाश बिश्नौई कोटड़ी चौराहा क्षेत्र में हाइवे पुलिया पर नाकाबंदी कर रहे थे। इस दौरान मांडलगढ़ की ओर से एक स्विफ्ट कार को पुलिस ने रुकवाया। इसमें सवार तीन में से दो लोग पुलिस को देखकर भाग छूटे, जबकि किटीया निवासी प्रकाश जाट को पुलिस ने पकड़कर कार की तलाशी ली तो उसमें दो कट्टों में भरा 40 किलो 675 ग्राम डोडा-चूरा मिला, जिसे कार सहित जब्त कर लिया।

# नाबालिग लड़की से दुष्कर्म

**जयपुर।** तूंगा थाना इलाके में धोखे से मिलने के बहाने बुलाकर एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपित ने उसका अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहा है। पीड़िता के पिता ने थाने में मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि दौसा के रहने वाले व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी नाबालिग बेटी से परिचित युवक ने दुष्कर्म किया है। आरोप है कि नाबालिग बेटी से बातचीत के दौरान आरोपी युवक ने दोस्ती कर ली। 16 मार्च को सुबह आरोपी ने धोखे से मिलने के बहाने बुलाया। मिलने जाने पर नाबालिग बेटी को आरोपी एक कैफे में ले गया। कैफे में आरोपी ने नाबालिग के साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर डरा-धमकाकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। अपने मोबाइल में अश्लील वीडियो बना लिए। अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया।

# 70 लाख रुपये का सात क्विंटल अवैध डोडा-पोस्त बरामद, आरोपी फरार

■ बैंक करेंसी परिवहन में प्रयुक्त आने वाली जैसी गाड़ी बनाकर अवैध डोडा-पोस्त की तस्करी की जा रही थी

■ सरहद भोलागर नगर लुणवा में खेत में बने कमरे में खड़ी एक बैंक की करेंसी परिवहन में उपयोग लेने वाली जैसी फर्जी गाड़ी को पकड़ा

■ पुलिस ने कार्रवाई के दौरान सुरक्षा गार्ड की वर्दी, एक बारह बोर राइफल मय सात कारतूस बरामद किए

**बाड़मेर/गुड़ामालानी, (कासं)।** जिले की गुड़ामालानी थाना पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 70 लाख रुपये का सात क्विंटल से अधिक का अवैध डोडा-पोस्त बरामद किया है। तस्करों द्वारा बैंक के करेंसी परिवहन में प्रयुक्त आने वाली जैसी फर्जी गाड़ी बनाकर अवैध डोडा-पोस्त की तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान सुरक्षा गार्ड की वर्दी, राइफल और कारतूस भी बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि पुलिस उप अधीक्षक गुडामालानी सूखाराम के सुपरविजन में गुड़ामालानी पुलिस थानाधिकारी देवीचंद ढाका मय टीम द्वारा बैंक की करेंसी परिवहन जैसी गाड़ी में भरे भारी मात्रा में 7 क्विंटल 38 किलोग्राम अवैध डोडा-पोस्त तथा 1 बारह बोर राइफल मय सात कारतूस बरामद किये। पुलिस ने बैंक की करेंसी परिवहन करने जैसी प्रयुक्त गाड़ी को जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि थानाधिकारी देवीचंद ढाका पुलिस थाना गुड़ामालानी मय टीम द्वारा रविवार को सरहद भोलागर नगर लुणवा में एक खेत में बने कमरे में खड़ी एक बैंक की करेंसी परिवहन मे उपयोग लेने वाली जैसी गाडी को दस्तयाब कर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन में 7 क्विंटल 38 किलोग्राम अवैध डोडा-पोस्त बरामद किया गया। गाड़ी के अन्दर एक 12 बोर राइफल मय सात कारतूस भी बरामद किये गये। पुलिस कार्रवाई की भनक लगने पर आरोपी फरार हो गये।

एसपी मीणा ने बताया कि मुलजिमान ने अवैध डोडा-पोस्त के परिवहन में बैंक करेंसी के परिवहन हेतु उपयोग में ली जाने वाली गाडी जैसी फर्जी गाड़ी तैयार कर डोडा पोस्त की तस्करी कर रहे थे। उक्त गाडी में एक सुरक्षा गार्ड की वर्दी तथा सुरक्षागार्ड के जैसी बारह बोर राइफल भी बरामद हुई है तथा गाड़ी में डमी सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। मीणा ने बताया कि मुलजिम नरेशकुमार पुत्र जबराराम पुरोहित निवासी लुणवा जागीर के गांव से करीब दो किलोमीटर दूर आबादी क्षेत्र से दूर खेत में एक कमरा बनाया हुआ है। जिसमें मुलजिम रमेश कुमार पुत्र रुगनाथराम विश्नोई निवासी गुड़ामालानी, सुरेन्द्र पुत्र आसुराम विश्नोई निवासी जुगताणियों की ढाणी व सुनिल पुत्र तेजाराम विश्नोई निवासी गुड़ामालानी गाड़ी को खड़ी करते थे तथा रात में सप्लाई करते थे। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज अग्रीम अनुसंधान व आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# आरोपी ने दोस्त की पीट-पीटकर हत्या की थी

■ चाय की दुकान पर जाकर आरोपी बोला मैंने मर्डर कर दिया, नशेड़ी होने पर लोगों ने शक नहीं किया

■ वारदात वाले कमरे से एफएसएल टीम को नशे की दवा का खाली रैपर तथा पत्थर मिला

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** शहर के वार्ड नं. 32 कचियागढ़ में बीते दिन शनिवार को हुए युवक के मर्डर के मामले में रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस जानकारी के अनुसार मृतक राजू निठारवाल पुत्र रघुनाथ निवासी भारणी की पीट पीटकर हत्या कर दी गई थी। हत्या करने वाला कोई और नहीं उसका दोस्त अमित निवासी कचियागढ़ ही था जैसा पुलिस ने बताया। आरोपी ने नशे में अपने दोस्त की हत्या की और फिर चाय पीने चला गया। इसके बाद वह दोबारा घर लौटा और दोस्त की लाश को सड़क पर फेंक कर चाबी पड़ौसी के घर रखकर फरार हो गया।

आसपास के लोगों से पूछताछ में पता चला कि आरोपी शाम को नशे की हालत में चाय की दुकान पर आया था और बताया कि वह मर्डर करके आया है। लेकिन लोगों ने नशेड़ी होने के कारण उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया। वहीं घटनास्थल के पास ही गली में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ चल रहा था, ऐसे में दोनों के बीच हुई कहासुनी और मारपीट के बारे में किसी को पता नहीं चल पाया। इधर रविवार को घटनास्थल का डिप्टी एसपी उमेश गुप्ता ने जायजा लिया। वहीं दोपहर तक सीकर से मौके पर एफएसएल टीम भी पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस जानकारी के अनुसार जिस कमरे में वारदात को अंजाम दिया गया उस कमरे से एफएसएल टीम को नशे की दवा का खाली रैपर तथा पत्थर भी मिला है जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया। परिजनों की मौजूदगी में थानाधिकारी विजयसिंह ने शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

आसपास के लोगों बताया कि आरोपी अमित चाय की दुकान से घर लौटा और राजू को घसीटते हुए करीब 10 फीट दूर गली में फेंक दिया। इसके बाद कमरे पर ताला लगाया और पड़ोसी के घर में चाबी रखकर फरार हो गया। घटना की सूचना पर राजू के परिजन अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने बताया कि राजू परिवार में इकलौता बेटा था। दो बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है। राजू के पिता रूघनाथ सिंह का करीब एक साल पहले निधन हो चुका है। राजू अक्सर श्रीमाधोपुर आया करता था। वह खेती बाड़ी का काम करता था।

डिप्टी एसपी उमेश गुप्ता ने कहा कि आरोपी अमित दर्जी अपने दोस्त राजू निवासी भारणी की हत्या कर फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के बाद ही हत्या के कारण सामने आएंगे। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# सिर कटी लाश के मामले में युवक की हत्या होने से इन्कार

■ पुलिस जांच में सामने आया है कि युवक की मौत सात दिन पहले अत्यधिक नशे के चलते हो गई थी

■ फार्म हाउस में शव पड़ा होने का मामला, कुत्तों ने शव नोंचकर सिर धड़ से अलग कर दिया था

**जयपुर।** बगरू थाना पुलिस ने फार्म हाउस पर सिर कटी लाश मिलने के मामले में युवक की हत्या होने से इनकार किया है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि युवक की मौत सात दिन पहले शराब के अत्यधिक नशे के चलते हो गई थी। इसके बाद कुत्तों ने नोचकर सिर धड़ से अलग कर दिया। पुलिस ने रविवार दोपहर बगरू सीएससी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

थानाधिकारी मोतीलाल शर्मा ने बताया कि अजमेर रोड पर ठिकरिया टोल प्लाजा के पास एक फार्म हाउस पर शनिवार सुबह सिर व धड़ अलग-अलग पड़ा मिला था। व्यक्ति का सिर शव से करीब 15 फीट दूर पड़ा था। काफी दिन पुराना होने के कारण शव से उठी बदबू से परेशान पड़ौसियों ने शिकायत दी थी। शव के पास मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान ग्राम पंचायत देवलिया के गांव रामपुरा के रहने वाले श्रवण लाल प्रजापत (48) पुत्र पांचूराम प्रजापत के रूप में हुई थी। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाकर शव को बगरू सीएससी में रखवाया था। पुलिस ने रविवार दोपहर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस पूछताछ में परिजनों ने बताया कि मृतक श्रवण लाल प्रजापत जयपुर में काम करता था। शराब पीने का आदी था। कई बार दो-चार दिन तक घर नहीं लौटता था। मोबाइल भी नहीं रखता था। 15 मार्च को घर से निकला था। इसके बाद वापस घर नहीं लौटा। पहले की स्थिति को देखते हुए परिजनों ने अपने स्तर पर ढूंढ़ने के बाद पुलिस में गुमशुदगी दर्ज नहीं करवाई। पुलिस प्रथमदृष्टया माना जा रहा है कि 15 मार्च को ही शराब के अत्यधिक नशे के कारण वह फार्म हाउस में पेड़ के नीचे बैठ गया। अत्यधिक नशे में होने के कारण उसकी बैठे-बैठे ही मौत हो गई। कोई संभालने वाला नहीं होने के कारण शव सड़ गया। शव को कुत्तों ने नोंचना शुरू किया। कुत्तों के नोच-नोच कर धड़ से सिर को अलग तक कर डाला।

# नाले में 10 फीट लम्बा मगरमच्छ आया

■ मगरमच्छ को रेस्क्यू कर चम्बल में छोड़ा

**कोटा, (निसं)।** गुमानपुरा इलाके के बल्लभबाड़ी क्षेत्र में मंदिर के समीप नाले मे एक 10 फीट लम्बा मगरमच्छ घुस आया। जानकारी के अनुसार मगरमच्छ मंदिर के पास नाले मे कीचड़ में छिपा बैठा था। मंदिर के पुजारी की नजर मगरमच्छ पर पड़ी तो पूजारी ने शोर मचाना शुरू कर दिया और मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। वहीं रिहायशी कॉलोनी में मगरमच्छ की सूचना पाकर गुमानपुरा पुलिस भी मौके पर पहुंची और वन विभाग की टीम को सूचना दी गई, सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और एक घंटे की मशक्कत के बाद रस्सियों से बांधकर मगरमच्छ को रेसक्यू किया गया। गुमानपुरा थानाधिकारी ने बताया कि बल्लभबाड़ी इलाके में मंदिर के समीप नाले मे मगरमच्छ की सूचना मिली। वन विभाग की टीम को मौके पर बुलाया गया। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर मगरमच्छ को रेस्क्यू कर चम्बल नदी में छोड़ दिया।

# एंबुलेंस व ट्रक की भिड़ंत में एंबुलेंस चालक व एक अन्य की मौत, तीन घायल



ट्रक व एम्बुलेंस की टक्कर में एम्बुलेंस गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई।

■ तीन गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर किया

■ बीमार महिला को निजी अस्पताल से एंबुलेंस चालक बीकानेर ले जा रहा था

**सादुलपुर, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-52 चूरू-सादुलपुर सड़क पर स्थित एक ट्रक और एंबुलेंस की रविवार शाम को हुई भिड़ंत में एम्बुलेंस चालक व एक अन्य की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए। हालांकि मामला तारानगर क्षेत्र का है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना का मौका निरीक्षण किया है तथा घायलों को अस्पताल में रेफर करवाया। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित गांव राजू की ढाणी के पास हुई सड़क दुर्घटना के बाद एक बार सड़क मार्ग पर जाम लग गया।

प्राप्त पुलिस सूत्रों के अनुसार सादुलपुर निवासी निवासी 30 वर्षीय महिला सीमा उर्फ बबली पत्नी जगदीश कुमार की तबीयत ज्यादा खराब होने पर स्थानीय एक निजी अस्पताल से उपचार के लिए एम्बुलेंस से बीकानेर लेकर जा रहे थे। एंबुलेंस में शिव कुमार, रतनलाल व सुमन सवार थे। एंबुलेंस को खारिया हाल राजगढ़ निवासी 35 वर्षीय राजेश गोदारा चला रहा था।

सादुलपुर से बीकानेर लेकर जाते समय रास्ते में राजू की ढाणी गांव के पास पहुंचे तो चूरू की ओर से आ रहे एक ट्रक से एंबुलेंस की भिड़ंत हो गई। सड़क निर्माण के कारण एक लाईन बन्द थी, जिसके कारण एक ही सड़क पर दोनों वाहन आ रहे थे। दूधवाखारा के गोसेवक विक्की ने अपनी टीम के साथ तीन घायल 32 वर्षीय रतनलाल, 30 वर्षीय सुमन देवी व 45 वर्षीय शिव कुमार को चूरू के डीबी अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान शिव कुमार की मौत हो गई गयी। वहीं हादसे में गंभीर घायल रतनलाल व सुमन को प्राथमिक इलाज के बाद जयपुर रैफर किया गया। दूसरी ओर राजगढ़ में एंबुलेंस चालक राजेश गोदारा की भी मौत हो गयी। देर शाम तक मामला दर्ज नहीं हुआ है।

# करोड़ों की सायबर ठगी के मामले में एक गिरफ्तार

■ मजदूर के बैंक खाते में करोड़ों रुपए के लेनदेन के सायबर ठगी का मामला

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** मजदूर के बैंक खाते में करोड़ों रुपए के लेनदेन के साइबर ठगी मामले में आरोपी विरेन्द्र सिंह निवासी सुखवंत सिनेमा के पास, पुरानी आबादी को गिरफ्तार किया गया है। इसे लेकर पुरानी आबादी थाना में 3 बी निवासी रमेश भाट ने मामला दर्ज करवाया था।

जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर आरोपी को उसके घर से ही गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में पहले एक अन्य आरोपी रोहित गोयल की गिरफ्तारी जयपुर से हुई थी। पीड़ित रमेश भाट ने पुलिस को बताया कि विरेन्द्र सिंह ने उसे नौकरी दिलाने के नाम पर बैंक खाता खुलवाने के लिए राजी किया। रमेश ने विरेन्द्र सिंह को अपने दस्तावेज दे दिए तो आरोपी ने एसबीआई जेसीटी मिल में करंट अकाउंट खुलवा दिया। विरेन्द्र सिंह ने इस खाते के साथ अपना मोबाइल नंबर जुड़वा लिया।

यह खाता आगे रोहित गोयल नामक व्यक्ति को किराए पर दे दिया गया। मई 2024 में खाते में करीब तीन करोड़ का लेनदेन हुआ। जब बैंक और जांच एजेंसियों की नजर इस खाते पर पड़ी तो रमेश को पूछताछ के लिए बुलाया गया। यहीं से उसे ठगी का अहसास हुआ और उसने पुलिस में शिकायत दी।

मामले की जांच कर रहे हेड कांस्टेबल कमलेश मीणा ने बताया कि ठगी के तौर-तरीके के बारे में अभी जांच की जा रही है। प्रथमदृष्टया ऐसा लग रहा है कि आरोपी की अहम भूमिका जरूरतमंद लोगों के नाम से खाते खुलवाकर साइबर ठगों को किराए पर देने की थी।

# गांधी पथ वैशाली वेस्ट कनक वृंदावन के आसपास रोड कट को रिपेयर करने में धांधली, करोड़ों की बरबादी



जेडीए के जोन 7 के गांधी पथ वैशाली नगर वेस्ट के रोड कट रिपेयर का काम किया जा रहा है।

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण के रोड कट रिपेयर के काम में जबरदस्त धांधली की जा रही हैं। जेडीए के करोडों रुपए खराब कर रहे हैं। ताजा मामला जेडीए के जोन 7 के गांधी पथ वैशाली नगर वेस्ट के रोड के रोड कट रिपेयर का है। पांच करोड़ रुपए का ये काम जो फर्म कर रही हैं उसमें भारी कमियां हैं।

- **सड़क एक बरसात के बाद कभी भी बैठ सकती है। उसमें जगह जगह गड्ढे हो सकते हैं**

सड़क एक बरसात के बाद कभी भी बैठ सकती है। उसमें जगह जगह गड्ढे हो सकते हैं। रोड कट को ठीक करने में पूरी नहीं की गई और डीबीएम ओर बीसी की जा रही हैं।

## इस तरह हुआ काम

वैशाली नगर वेस्ट गांधी पथ कनक वृंदावन के आसपास गत दिनों बीसलपुर की पानी की लाइन बिछाने का काम हुआ था।

इसके लिए पूरी सड़क की दो-दो मीटर खुदाई कर दी थी। रोड कट का पैसा भी जलदाय विभाग ने जमा करा दिया था। इसके बाद जेडीए ने रोड कट रिपेयर करने का टेंडर किया उसके बाद काम स्टार्ट हुआ। मौके पर हालात कुछ अलग ही कहानी कह रहे हैं।

## मिट्टी पूरी नहीं, रोलर नहीं चला, सड़क पोली

जिस फर्म ने ऱोड कट का काम किया उसने पहले गड्ढो को मिट्टी से भर दिया लेकिन उसमें पानी नहीं छोड़ा ढंग से रोलर नहीं चलाया जिससे मिट्टी बैठ नहीं पाई। इससे सड़क पोली रह सकती है जो कभी भी भारी वाहन चलने से बैठ सकती है या कोई बड़ा गड्ढा भी हो सकता है।

## इस तरह काम होना था

इसके बाद जीएसबी डब्लूएमएम डालनी थी जो पूरी नहीं डाली। यह डेढ फुट तक डालनी थी लेकिन पूरी तरह नहीं डाली। इसके बाद डब्लूएमएम को रोड से 90 एमएम नीचे रखना था पूर्व बनी हुई रोड से। वो काम भी नहीं किया। इसके बाद डीबीएम 50 एमएम डालनी थी जो नहीं डाली। डीबीएम में डामर भी मामूली सी थी। इसमें बिटुमिन कंक्रीट डाली गई है जिसकी मोटाई भी पूरी नहीं है। डामर की मोटाई पूरी नहीं होने ओर डामर की मात्रा पूरी नहीं होने के कारण एक ही एक बरसात भी नहीं चलेगी, सड़क पोली होने से कभी भी हादसा हो सकता हैं। भारी वाहन चलने पर सड़क बैठ भी सकती हैं।

**इनका कहना है**

रोड कट का काम आजकल तीन साल की डिफेक्ट लायबिलिटी में है। ठेकेदार को रोड सुधारनी होगी। मौके पर काम किस तरह हो रहा है चेक करता हूं।

**निशांत खंडेलवाल**
एक्सईइन जोन 7
जेडीए

# पुखराज पथैना गैंग के चार बदमाश हथियार सहित गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने बजाज नगर थाना इलाके में एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए पुखराज पथैना गैंग के चार बदमाशों को धर-दबोचा है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से देशी पिस्टल मय मैगजीन, एक देशी कट्टा सहित छह जिंदा कारतूस जब्त किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार बदमाशों पर हत्या, लूट डकैती व अवैध हथियार रखने के कई मामले चल रहे हैं। आरोपी हथियार दिखाकर लोगों में डर व भय पैदा कर प्लाटों व जमीनों पर कब्जा करना व कब्जा खाली कराने एवं हथियारों की खरीद फरोख्त का काम करते हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुन्दन कंवरिया ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत सीएसटी ने बजाज नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अमर सिंह निवासी मथुरागेट जिला भरतपुर, अजय मीणा निवासी लक्ष्मणगढ़ अलवर, सुशील (30) जिला भरतपुर और सुरजीत सिंह निवासी भरतपुर हाल बजाज जयपुर को गिरफ्तार किया है।

## सार-समाचार

### गैस सिलेंडर चुराने वाला चोर पुलिस के हत्थे चढ़ा



**जयपुर।** करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर गैस सिलेंडर चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी के आठ घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए गए है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में आरोपी ने कई चोरी की वारदात करना स्वीकार किया है। आरोपित चोरी के सिलेंडरों को सस्ते दामों पर लोगों को बेच कर अपने शौक पूरा करता है। आरोपी पूर्व में भी चोरी की वारदात में गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर गैस सिलेंडर चोर राम सिंह गुर्जर (25) निवासी गांव बनेठा जिला टोंक हाल नांगल जैसा बोहरा करधनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित राम सिंह गुर्जर से चोरी के आठ गैस सिलेंडर बरामद किए। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### फागोत्सव व होली मिलन समारोह



**जयपुर।** ओबीसी जागृति मंच जयपुर शहर द्वारा फागोत्सव व होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन कोलकाता मैरिज गार्डन न्यू सांगानेर रोड सोडाला जयपुर आयोजित किया गया। इसमें जागृति मंच के संरक्षक गोवर्धन यादव, घासीलाल सैनी, संयोजक भंवर लाल सैनी, सुनील सांखला, आयोजन समिति के सदस्य महेश सैनी, जितेंद्र चंदेल, कमलेश चौधरी, जवाहर चौधरी, रामस्वरूप जांगिड़, दिनेश कुमावत, दिनेश सैनी, एडवोकेट मनीष कटारिया द्वारा भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चे के पूर्व उपाध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला जयपुर जिला माली संस्थान के अध्यक्ष रोशन सैनी सिविल राइट्स समिति के एमपी सैनी पूर्व पार्षद गणेश सैनी चंचल सैनी ढूढाढ परिषद के विजयपाल कुमावत दुर्गा लाल माली का स्वागत किया। कार्यक्रम में महिलाओं वआगुंतकों ने फाग उत्सव का आनंद लिया एवं समाज में फैली बुराइयों को दूर करने का आव्हान किया।

### ट्यूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन 31 को




**जयपुर।** जयपुर के ग्लोबल इनिशिएटिव इवेंट मैनेजर्स डे के उपलक्ष में आयोजित किए जाने वाले इंटरनेशनल वेडिंग एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन 31 मई व 1 जून को जयपुर में किया जाएगा। जयपुर क्लब में आयोजित एक समारोह के दौरान इस बहु प्रतिष्ठित आयोजन के लिए फेडरेशन ऑफ राजस्थान इवेंट मैनेजर्स एवं आई डब्ल्यू टीसी ने साथ आने की घोषणा की। फोरम प्रेसिडेंट, मोहित माहेश्वरी एवं जनरल सेक्रेटरी अजय चौहान ने बताया कि राजस्थान अंतर्राष्ट्रीय पटल पर डेस्टिनेशन वेडिंग का एक महत्वपूर्ण केंद्र एवं आकर्षण बन चुका है जिसमें आई डब्लू टीसी का एक महत्वपूर्ण योगदान है, इसके साथ फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान इवेंट मैनेजर्स को जोड़ना न केवल महत्वपूर्ण बल्कि गर्व की बात है। आई डब्ल्यू टीसी के संस्थापक इवेंट गुरु अरशद हुसैन ने बताया कि दो दिवसीय इस आयोजन में कॉन्क्लेव के अतिरिक्त फैशन शो एवं अवार्ड शो का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें देश-विदेश के प्रसिद्ध इवेंट मैनेजर्स हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान इवेंट मैनेजर के उपाध्यक्ष हितेंद्र शर्मा कोषाध्यक्ष विनीत जैन, नवीन शर्मा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर में 72 यूनिट एकत्रित



**जयपुर।** पानीपेच स्थित टीम 39 जहां चाह वहां राह जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा स्वर्गीय श्री गौरी शंकर जी बियानी की स्मृति में पंचम ब्लड डोनेशन कैंप पुष्पा देवी मेमोरियल ब्लड सेंटर, अंबाबाड़ी, जयपुर में लगाया गया , जिसमें ब्लड दानदाताओं के द्वारा 72 यूनिट का योगदान दिया गया। कार्यक्रम में ब्लड डोनर को प्रशस्ति पत्र व माला पहनाकर अभिनंदन किया गया।

### घर में घुसकर बुजुर्ग महिला से लूट

**जयपुर।** चाकसू थाना इलाके में बुजुर्ग महिला को घर में घुसकर लूटने का मामला सामने आया है। जानकारी में सामने आया है कि रात के अंधेरे में घुसे नकाबपोश बदमाशों ने मुंह दबाकर बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन और हाथ के कड़े उतार ले गए। थाने में बुजुर्ग महिला के बेटे ने मामला दर्ज करवाया है। एसआई जय कुमार ने बताया कि लूट की वारदात भादीपुरा चाकसू निवासी नरेन्द्र सिंह राजावत (53) के घर हुई। 21 मार्च की रात को परिवार के सदस्या खाना खाकर घर में सो गए। देर रात अंधेरे का फायदा उठाकर नकाबपोश दो बदमाश घर के अंदर घुस आए और बाहर कमरे में सो रही उसकी बुजुर्ग मां का हाथ से मुंह बंद कर गले से सोने की चेन और हाथ के दोनों कड़े उतारकर चोरी कर ले गए।

### कला मेले का समापन

**जयपुर।** राजस्थान ललित कला अकादमी की ओर से जवाहर कला केंद्र में आयोजित पांच दिवसीय 24वां कला मेला रविवार को सम्पन्न हुआ। मेले के समापन समारोह में जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी ने कहा कि जयपुर की पहचान विरासत को संजोकर रखने वाले शहर के साथ ही कला और साहित्य के कद्रदान के रूप में भी है। उन्होंने कहा कि कला मेले से नए कलाकारों को भी अपनी कला प्रदर्शित करने का बेहतरीन मंच मिला है। इस अवसर पर राजस्थान ललित कला अकादमी के सचिव डॉ. रजनीश हर्ष ने उपमुख्यमंत्री व कला-संस्कृति मंत्री दिया कुमारी, शासन सचिव कला व संस्कृति डॉ. रवि जैन व अकादमी प्रशासक श्रीमती पूनम का आभार व्यक्त किया जिनके मार्गदर्शन में कला मेले का सफल आयोजन हो सका। मेले के अंतिम दिन बड़ी संख्या में कला प्रेमी कला के अवलोकन के लिए पहुंचे।

# भगवान श्री झूलेलालजी की शोभायात्रा 29 को धूमधाम से निकलेगी




भगवान श्री झूलेलाल चेटीचण्ड सिंधी मेला समिति ग्रेटर महानगर की ओर से भगवान झूलेलाल जी का जन्मोत्सव के लिये पोस्टर का विमोचन किया गया।

**जयपुर।** भगवान श्री झूलेलाल चेटीचण्ड सिंधी मेला समिति ग्रेटर महानगर की ओर से सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल जी का जन्मोत्सव चेटीचंड के रूप में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। समिति संयोजक शंकर सेवानी व श्याम कोरानी ने पत्रकारों को बताया कि इसी 29 मार्च को दोपहर 2 बजे चेटीचण्ड महोत्सव के तहत भगवान झूलेलाल जी की तृतीय विशाल शोभायात्रा शाही लवाजमे के साथ धूमधाम से यहां वरुण पथ स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर से रवाना होगी।

- **शोभायात्रा में कई आकर्षक झांकियां, बैंडबाजे, सिंधी शहनाई, बहिराणा साहिब, हाथी, घोड़े होंगे शामिल**

शोभायात्रा को गुरु मां डॉ. निर्मला सेवानी हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगी। कार्यक्रम का अहम मकसद सिंधी समाज में एकता का संदेश देना है। साथ ही सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और महिलाओं में शिक्षा को बढ़ावा देना भ्भी है ताकि सिंधी समाज की संस्कृति को अक्षुण्ण बनाया जा सके। समिति पदाधिकारियों ने भगवान श्री झूलेलालजी की शोभायात्रा के पोस्टर का विमोचन भी किया। शोभायात्रा वरुण पथ से किरण पथ, रजत पथ, हीरा पथ, वीटी रोड, पटेल मार्ग, विजय पथ, थड़ी मार्केट, झूलेलाल चौक, अग्रवाल फार्म से होते हुए बाबा रामदेव मंदिर सेक्टर-11, जोन-115 पर समाप्त होगी। समिति अध्यक्ष शंकर दुलानी ने बताया कि शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकियां बाजे, सिंधी शहनाई, बहिराणा साहिब, हाथी, घोड़े समेत करीब 35 झांकियां शामिल होंगी।
शोभायात्रा में भगवान श्री झूलेलालजी की आरती का रथ, गणेश की आरती का रथ, कमल पर खड़े भगवान श्री झूलेलाल जी, राम दरबार, सिंधी शहनाई, छेज, मछली पर भगवान श्री झूलेलाल जी, विभिन्न प्रकार की सजीव झांकियां, राधा- कृष्ण, सिंधी लोक नृत्य, शिव-पार्वती, संत कंवर राम भगत, माता शेरावाली, राजा टेऊंरामजी, सांई भगत रिझूरामजी, सांई लीलाशाहजी, सांई हिरदाराम समेत अन्य झांकियां खास आकर्षण का केन्द्र होगी।

# मादक पदार्थ सहित एक तस्कर गिरफ्तार



महेश नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर दक्षिण (डीएसटी) ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

**जयपुर।** महेश नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर दक्षिण (डीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से 5 किलो चार सौ ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा भी जब्त किया है। पुलिस के अनुसार जब्त किए गए गांजे की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 30 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि महेश नगर थाना पुलिस और डीएसटी दक्षिण ने मादक पदार्थ तस्करी करने के मामले में आरोपी श्रवण सोलंकी (23) निवासी भोपालगढ़ जिला जोधपुर हाल गणेश नगर महेश नगर को गिरफ्तार किया है।

# निलंबित प्रिंसिपल के खिलाफ छात्रा ने करवाया दुष्कर्म का मामला दर्ज

**जयपुर।** प्रताप नगर थाना इलाके में महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज की एक छात्रा ने निलंबित प्रिंसिपल सैयद मशकूर अली के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने आरोपी मशकूर अली को हिरासत में ले लिया है।

गौरतलब है कि इससे पहले छात्राओं की शिकायत पर प्रिंसिपल के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। बाद में उसे जमानत मिल गई और वह जेल से बाहर था। शुक्रवार रात एक छात्रा ने अब उसके खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले दर्जनों छात्राओं ने प्रिंसिपल सैयद मशकूर अली पर पद का दुरुपयोग करने और देह शोषण जैसे आरोप लगाए थे।

इस दौरान छात्राओं ने कॉलेज परिसर में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया था। छात्राओं का कहना था कि प्रिंसिपल उन्हें अपने पास बुलाकर कहता था कि इन कपड़ों में तुम बोल्ड लग रही हो। तुम्हें तो फिल्मों में जाने के लिए ट्राई करना चाहिए।

पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए एफआईआर दर्ज कर 11 मार्च को आरोपी को डिटेन किया था। इसके बाद पुलिस ने छात्राओं के बयान और मोबाइल के स्क्रीनशॉट से अनुसंधान कर मामला प्रमाणित पाए जाने पर आरोपी मशकूर अली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपी जेल से कुछ समय पहले जमानत मिलने के बाद बाहर आया था। अब एक छात्रा ने प्रताप नगर थाने में बलात्कार का केस दर्ज करवाया है।

# प्रसिद्ध नृत्यांगना सुधा चंद्रन ने रंगारंग प्रस्तुति दी




विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति की स्वर्ण जयन्ती पर आर.आई.सी. में प्रसिद्ध नृत्यांगना सुधा चन्द्रन और मुम्बई से आए 25 कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुति दी।

**जयपुर।** विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) की स्वर्ण जयन्ती पर राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर (आर.आई.सी.) के मुख्य आडिटोरियम में शनिवार को प्रसिद्ध नृत्यांगना सुधा चन्द्रन और मुम्बई से आए 25 कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। इसके अलावा रेतकलाकृति के प्रसिद्ध कलाकार राहुल आर्य ने रेत और एनिमेशन के अचम्भित कर देने वाले प्रदर्शन से जयपुर फुट की 50 वर्षो की यात्रा का प्रदर्शन किया।

शनिवार को आयेजित इस अद्‌भूत कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और विशिष्ठ अतिथि मुख्य सचिव सुधांश पंत थे। सुधा चन्द्रन, जिनका दायां पैर जब वह 16 वर्ष की थी एक सड़क दुर्घटना में काटना पड़ा था, लेकिन सुधा ने विकलांग होने के बावजूद जयपुर फुट लगाकर नृत्य जारी रखा और अपने जीवन पर आधारित फिल्म "नाचे मयूरी" में अभिनय किया और राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। बी.एम.वी.एस.एस. की स्वर्ण जयन्ती पर सुधा चन्द्रन के पति रवि डाँग के निर्देशन में सुधा चन्द्रन और विभिन्न कलाकारों ने जयपुर फुट की पचास वर्ष की जीवन यात्रा को नृत्य के रूप में बडे सजीले दंग से प्रस्तुत किया । इन प्रस्तुतियों में जयपुर फुट की यात्रा वृतांत के साथ ही अपाहिज हुए व्यक्तियों की पीड़ा की भावपूर्ण प्रस्तुति की गई । विकलांगों को खोया हुआ विश्वास और साहस पुनः प्राप्त करने की शक्ति नृत्यों के माध्यम से बडी सजीवता से प्रस्तुत किया गया। नृत्यों में विकलांगों के कल्याण के लिए बी.एम.वी.एस.एस. के प्रयासों को श्रृंखलाबद्ध तरीके से प्रस्तुत किया गया जिसमें बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता के योगदान और कैसे उन्होंने जयपुर फुट को देश के विभिन्न हिस्सों के अलावा 44 अन्य देशों में पहुँचाया इसकी कहानी भी दर्शायी गई। सुधा चन्द्रन ने साथ ही देशभक्ति पूर्ण संगीतबद्व धुनों पर भी अपने साथियो के साथ प्रस्तुति दी। नृत्यो का निर्देशन चिराग गोहिल और लेखन रमेश मोदी ने किया। कार्यक्रम के युवा नृत्यांगना डॉ. कोनिका शर्मा ने भी प्रस्तुति दी।

# मुहाना मंडी में पार्किंग ठेका रद्द कराने की तैयारी



जयपुर के ज्योतिबा फुले टर्मिनल मार्केट मुहाना मंडी में रविवार को संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक हुई।

**जयपुर।** जयपुर के ज्योतिबा फुले टर्मिनल मार्केट मुहाना मंडी में रविवार को संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जयपुर फल और सब्जी थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष योगेश तंवर ने की। यह समिति मंडी समिति की ओर से पार्किंग ठेका दिए जाने के बाद उसे रद्द करवाने के लिए बनाई गई है। इसमें आढ़तिया, सब्जी, आलू-प्याज, फल व्यापारी संगठन, माशाखोर यूनियन, ट्राई साइकिल, पिकअप और ऑटो संगठन के साथ स्थानीय किसान भी शामिल हैं। बैठक में सभी सदस्यों ने एकमत से पार्किंग ठेके को रद्द कराने का समर्थन किया और इसके लिए आवश्यक कदम उठाने पर सहमति जताई।

- **व्यापारियों ने गठित की संयुक्त संघर्ष समिति**
- **विरोध प्रदर्शन के लिए बैठक में रणनीति पर चर्चा**

योगेश तंवर ने बताया कि मंडी समिति ने किसानों, मजदूरों और व्यापारियों के विरोध के बावजूद यह ठेका लागू कर दिया है, जिससे मंडी में काम करने वाले सभी प्रभावित पक्षों में चिंता है। उनका कहना है कि न तो व्यापारियों और किसानों ने कभी पार्किंग सुविधा की मांग की और न ही ग्राहकों ने, इसके बावजूद मंडी समिति ने यह ठेका जबरन थोप दिया है। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि ठेका निरस्त नहीं किया गया, तो मंडी बंद करने जैसे कठोर कदम उठाए जाएंगे। इस फैसले के खिलाफ जल्द ही जिम्मेदार अधिकारियों और सरकारी पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

संघर्ष समिति का कहना है कि मंडी करोड़ों रुपये का टैक्स देती है, इसके बावजूद मूलभूत सुविधाओं की कमी बनी हुई है। मंडी प्रांगण में जलापूर्ति, लाइटिंग, सीवरेज, ड्रेनेज, शौचालयों और सड़कों की स्थिति खराब है। स्वच्छता की स्थिति भी चिंताजनक है, लेकिन इन समस्याओं को सुधारने के बजाय पार्किंग ठेके का बोझ व्यापारियों पर डाल दिया गया है।

संघर्ष समिति का कहना है कि मंडी में गार्डों की संख्या पर्याप्त होने के बावजूद चोरियां और आवारा पशुओं की समस्या बनी हुई है। यदि गार्डों का सही इस्तेमाल किया जाए, तो पार्किंग की समस्या हल हो सकती है। समिति ने बताया कि सभी पक्षों की असहमति के बावजूद यह ठेका मात्र 40 लाख रुपये सालाना में दे दिया गया है, जिससे व्यापार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व की हानि होगी। संघर्ष समिति की बैठक की अध्यक्षता जयपुर फल और सब्जी थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष योगेश तंवर ने की। बैठक में जयपुर फल थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष गोविंद चेलानी, महामंत्री कैलाश फाटक, संरक्षक बाबूलाल गुप्ता, उपाध्यक्ष इमरान कुरैशी, मुहाना आलू-प्याज आढ़तिया संघ के अध्यक्ष मदन शर्मा, मुहाना कैला संघ के अध्यक्ष सुरेश, किसान नेता भंवर चौधरी, माशाखोर यूनियन के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा और ट्राई साइकिल लोडिंग पिकअप यूनियन के अध्यक्ष बनवारी बडगुजर समेत अन्य व्यापारी व किसान नेता मौजूद रहे।

# सारस्वत समाज के फ़ागोत्सव का आयोजन



**जयपुर।** सारस्वत ब्राह्मण समाज , महिला मंडल और युवा मंडल की ओर से रविवार को राजधानी के विधाधर नगर स्थित परशुराम भवन में श्याम भजन संध्या और फ़ाग महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। गीत संगीत और नृत्य के साथ आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में भक्ति और उल्लास से समूचा स्थल गूंज उठा। महिलाओं और पुरुषों ने मिलकर भजनों का आनंद लिया और फूलों की होली खेली।

कार्यक्रम की शुरुआत समाजबंधुओं द्वारा की गई विशेष पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय एवं आमंत्रित भजन गायकों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। फूलों की होली इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रही।



## World Tuberculosis Day

Honoring the relentless human spirit in the face of a formidable adversary, a disease that has shaped history and medical progress is Tuberculosis. World Tuberculosis Day focuses on a global challenge that affects millions every year. The day marks the anniversary of Dr. Robert Koch's groundbreaking discovery of the bacterium causing tuberculosis (TB). It's a day that brings people together, raising awareness about the impact of TB and the ongoing efforts to beat it. Think of it as a reminder that, despite advances in medicine, TB still poses a significant threat, especially in parts of the world with limited access to healthcare!



# A Daylight Bombing Of Sargodha

PART:4

That night, there were reports that Pakistan had dropped some infiltrators by parachute around the airfields in Punjab including Adampur. We were called back to the squadron and spent the entire night guarding our precious aircraft while a furious gunfight went on between our squadron airmen and an enemy, who was returning the fire from behind the fields adjoining the airfield perimeter. When dawn broke, we were bleary-eyed, not having slept a wink all night. A search of the fields behind the squadron did not reveal any intruders.



Air Marshal Philip Rajkumar (Retd)

When we were flying to the North of Lahore, I saw a glint in the sky above and to the left of the formation. It could only have come from a turning aircraft and I reported 'Bogey, left 7 o'clock' high' and Handa called out 'Buster,' which meant opening full power. As we crossed the border, my low fuel red warning light came on in the cockpit, indicating a fuel reserve of about 10 minutes at the engine power I was using and I reported this to Handa. He replied, 'You are over India now and you can eject if you have to.' I had no intention of doing that and we unintentionally flew over the radar unit at Amritsar. Our own anti-aircraft guns started firing at us and I saw the red tracer shells coming straight at me and then burning out.

Fortunately, no one was hit and I called out that I was easing up to 6000 feet AGL to spot Adampur. To my relief, I saw the runway from a distance of about 15 miles. I throttled back, descended to traffic pattern height, did a tight pattern and touched down with barely three minutes of fuel left in my tanks.

### Debrief

Back in the crew room, every one clustered around us to hear about the results of our raid. When I announced that Handa had destroyed a Sabre on the ground, a cheer went up. Kay had dropped his bombs on the other aircraft at the Northern ORP and Brar had dropped his bombs on an aircraft hangar. We had no idea what damage our bombs had caused because there was no post raid reconnaissance to assess the damage. Ours was the most successful mission of the entire day because we had returned unscathed from the enemy's lair after destroying an aircraft and some installations on the ground. Handa's formation had redeemed itself in style after the early morning mistakes! I grabbed a cup of tea, sat down and noticed that my hands were shaking. The 90-minute adrenalin rush was over.

That night, there were reports that Pakistan had dropped some infiltrators by parachute around the airfields in Punjab including Adampur. We were called back to the squadron and spent the entire night guarding our precious aircraft while a furious gunfight went on between our squadron airmen and an enemy, who was returning the fire from behind the fields adjoining the airfield perimeter. When dawn broke, we were bleary-eyed, not having slept a wink all night. A search of the fields behind the squadron did not reveal any intruders. It turned out that our fire was being returned by our own airmen in the Mechanical Transport section, which was located behind the fields. We had spent the whole night firing at each other! I can never forget the events of 07 Sep '65.

In 1980, the PAF admitted to an English journalist that they had lost one F-104 Starfighter in combat with a Mystere during the dawn raid by the Tigers on 07 Sep '65. Both aircraft had engaged in a dogfight at low level and shot each other down. The Starfighter pilot had ejected and survived but the Mystere pilot had gone down with his aircraft. As no one else had claimed this 'kill,' the aircraft could have been shot down only by Devayya. Air Hq doggedly pursued this case with the Ministry of Defence, and on 26 Jan '88, more than 22 years after the event, Devayya was awarded a posthumous *Maha Vir Chakra* for his act of bravery, which has ensured him a hallowed niche in the pantheon of Indian air warriors.

**Concluded.**

rajeshsharma1049@gmail.com

## #TIGERS OVER SARGODHA



Squadron Leader, AB Devayya, in a Mystere Cockpit. He was awarded the Maha Vir Chakra almost 23 years after the 1965 War. As far back as in 1980, Group Capt Omi Taneja wrote a letter to the Indian Government recommending Squadron Leader Devayya for a *Maha Vir Chakra*. Taneja pointed out the admission in Fricker's book and the possibility that Devayya was the victor.







In 1988, 28 years after his victory, Devayya was awarded the Maha Vir Chakra, posthumously.



THIS IS A PAINTING BY DEB GOHAIN. HE HAS BEEN AN AIR FORCE PILOT AND, AS OTHER PILOTS OF THE FORCE, REMEMBERS THIS OPERATION WITH REVERENCE. HE HAS A COLLECTION OF PAINTINGS OF VARIOUS FORCES' ACTIONS THAT ARE A PART OF OUR HISTORY AND DUE TO HIM, NOW, WE HAVE ANOTHER DIMENSION TO REVERE THEM.

Pen Pictures of The 13 Air Warriors Who Struck Sargodha on 07 September 1965. The 13 pilots of No 1 Squadron, based at Adampur in Punjab, attacked the heavily defended Pakistan Air Force base at Sargodha at the dawn on 07 September 1965. They flew in three formations of four aircraft each.

**Red Formation**
1. Wg Cdr OP Taneja
2. Flt Lt VK Verma
3. Sqn Ldr P R Earle
4. Sqn Ldr A Sridharan

**Standby 1**
Sqn Ldr AB Devayya

**PINK Formation**
1. Sqn Ldr DE Satur
2. Fg Offr SS Dange
3. Flt Lt JP Singh
4. Flt Lt AK Brahmawar

**Standby 2**
Sqn Ldr BS Raje (Did not take off)

**White Formation**
1. Sqn Ldr S Handa
2. Flt Lt DS Brar
3. Flt Lt DS Kahai
4. Fg Offr P Rajkumar



## PINK FORMATION

### Flight Lieutenant Janak Pratap 'JP' Singh



JP was commissioned as a fighter pilot with the 74th Pilots Course in 1958. After the early morning raid on 07 Sep 1965, he went to Sargodha for a second attack in the afternoon at 3 P. M. For his gallantry, he was awarded a Mention-in-Despatch. Later, he commanded No 3 squdron equipped with Mig-21 FL aircraft and was the Air-Officer-Commanding at Air Force Station Pune in the mid 1980s. He was the Air Attache at the Indian Embassy in Iraq and superannuated on his return in 1988. JP was awarded a Vayu Sena Medal by the Rashtrapati for his services in the IAF. JP was married to Tekraj and they have a son, Vikram, who was an airline pilot with the erstwhile Indian Airlines. JP passed away in 2014. Tekraj and Vikram live in Mumbai.

## WHITE FORMATION

### Flying Officer Philip 'Raj' Rajkumar



Raj was born in Davangere in the old Mysore state in 1941 and graduated with a science degree in April 1960. Commissioned in the fighter stream with the 82nd Pilots Course, he initially flew Toofanis with No 47 squadron, underwent gunnery training on Sabre jets in the USA and joined No 1 squadron in September 1964. He was awarded a Mention-in-Despatch for gallantry during the war. In 1971, he was selected to undergo the experimental Test Pilots course in France and spent two decades in the discipline of flight testing. Commanded No 108 squadron, Air Force station Gorakhpur and the IAF Flight Test Centre, the Aircraft and Systems Testing Establishment at Bangalore. In 1994, Raj was deputed to the Aeronautical Development Agency to take charge of the flight test programme of India's most ambitious aeronautical venture, the Light Combat Aircraft Project. In spite of US sanctions following the Pokaran nuclear tests, the first technology demonstrator was successfully flown in January 2001. For his distinguished services, Raj was awarded the Param Vishisht Seva Medal, Ati Vishisht Seva Medal and the Vayu Sena Medal. He superannuated in August 2001 in the rank of Air Marshal. Raj is married to Sheila and they live in Bangalore. Their only daughter, Nilima, and her family have settled down in Chicago, USA.

### Flight Lieutenant Darshan Singh 'DS' Brar

Hailing from Ferozepur in Punjab DS, graduated from the National Defence Academy and was commissioned as a fighter pilot in the IAF with the 80th Pilots course in December 1961. Initially posted to a Toofani squadron, he underwent gunnery training on the F86F Sabre jet with the United States Air Force. After the Sargodha raid, he flew many more missions during the conflict and was awarded a Mention-in-Despatch for gallantry. He left the IAF in 1967 as he wanted to marry a foreign national and settled down in Sydney, Australia.

## STANDBY 1


### Squadron Leader Ajamada Bopayya 'Tubby' Devayya



Tubby was an instructor at the Jet Training Wing in Hakimpet, Hyderabad when he was attached to No 1 Squadron for operational duties in August 1965. He was detailed as Standby 1 for the Sargodha raid.

Though he was not required to take off, as no aircraft from the main force had fallen out, he did get airborne, navigated his way to the target and got into a dogfight with a Pakistani F-104 Starfighter, a vastly superior aircraft to the Mystere. Both aircraft shot each other down. While the Pakistani pilot ejected and survived, Devayya perished with his aircraft. The IAF was blissfully unaware of Tubby's courageous act till the other side admitted to a British journalist in 1980 about their loss of a F-104 during the dawn raid by No 1 Squadron. Gp Capt (Retd) Omi Taneja took up his case for a gallantry award with Air Headquarters. After due diligence, Devayya was awarded a posthumous *Maha Vir Chakra* on 26 January 1988. The proud citizens of his hometown Madikeri, Kodagu, Karnataka have erected his statue at a town traffic island to commemorate his heroic sacrifice. Devayya was married to Sundari and they had two daughters, Preetha and Smitha. All of them live in Bengaluru.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# दो दिन से घर से लापता मां-बेटी के शव खेत में बने पॉण्ड में मिले

## पुलिस ने दोनों शवों को पुलिस सुरक्षा में लेकर मोर्चरी में रखवाया

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र के पचेवर कस्बे में पावर हाऊस के पास खेत में बने फार्म पोण्ड में रविवार को एक विवाहित महिला व मासूम बच्ची का शव तैरता मिलने से क्षैत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पुलिस सुरक्षा में लेकर मालपुरा जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक विवाहिता के पिता ने पचेवर थाने में मामला दर्ज कराया है।

थानधिकारी मुकेश चौधरी ने बताया कि पचेवर कस्बा निवासी जीतराम भाण्ड की पत्नी नसीब अपनी दो साल की मासूम बेटी मनीषा को साथ लेकर शुक्रवार को घर से निकली थी।




**विवाहित महिला व मासूम बच्ची।**

परिजनों द्वारा मां-बेटी को जगह-जगह तलाश किया गया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रविवार की दोपहर ग्रामीणों के जरिये सूचना मिली कि पावर हाऊस के पास एक खेत में बने फार्म पॉण्ड में दो शव तैर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौजूद ग्रामीणों के सहयोग से दोनों शवों को बाहर निकाल उनकी पहचान नसीब व मनीषा भाण्ड मां-बेटी के रूप में की। परिजनों ने बताया कि 22 मार्च को उनकी और से पचेवर थाने मे गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया गया था। मृतक नसीब का विवाह चार साल पूर्व पचेवर निवासी जीतराम भाण्ड के साथ सम्पन्न हुआ था। मृतका का पति जयपुर रोजगार के लिये गया हुआ था, 21 मार्च को नसीब अपनी बेटी के साथ बिना परिजनों को बताये घर से निकली थी, जो देर शाम तक घर नहीं लौटी। ससुराल पक्ष की और से पीहर पक्ष को भी मामले की सूचना दी गई। सूचना पर मालपुरा जिला अस्पताल पहुंचे मृतका के पिता समेलिया थाना क्षैत्र फागी निवासी राघव पुत्र शम्भु भाण्ड ने पुलिस को दी रिपोर्ट में उसकी बेटी के साथ मारपीट व प्रताड़ित करने के चलते नसीब द्वारा अपनी जीवनलीला समाप्त करने जैसा कदम उठाने का अंदेशा जताया है। दोनों मां-बेटी का शव घर से महज लगभग चार सौ मीटर दूर एक खेत में बने फार्म पॉण्ड में तैरता मिला है। दिनभर पीहर व ससुराल पक्ष के लोगों के बीच सामाजिक स्तर पर बातचीत का दौर चला लेकिन सहमति नहीं बनने पर मृतका के पिता की और से दी रिपोर्ट पर मामला दर्ज करने के बाद शव का पोस्टमार्टम करा सुपुर्द किया गया।

# पुलिस ने अनशनकारी को जयपुर रैफर किया

**झुंझुनूं, (निसं)।** कलेक्ट्रेट के बाहर गुढ़ागौड़जी के टोडी में जमीन विवाद को लेकर न्याय की गुहार लगा रहे रोशनलाल मेघवाल को रविवार को मेडिकल रिपोर्ट के अधार पर पुलिस ने जयपुर भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार रोशनलाल मेघवाल व दो अन्य राजेश देवी तथा संजय कुमार पिछले पांच दिन से कलेक्ट्रेट के बाहर अनशन पर बैठे थे। शनिवार को रोशनलाल मेघवाल की तबियत बिगड़ने पर उसे बीडीके अस्पताल में भर्ती करवाया गया। रात को रोशनलाल बिना मेडिकल स्टाफ को बताए वापिस अनशन स्थल पर पहुंच गया। सुबह वापिस पुलिस पहुंची और रोशनलाल को बीडीके अस्पताल ले आई। जहां पर मेडिकल टीम ने रोशनलाल के स्वास्थ्य की जांच की। जिसमें गंभीर हालत होने पर उसे जयपुर रैफर करने का परामर्श दिया। चिकित्सकों की रिपोर्ट पर जब कोतवाल हरजिंदर सिंह रोशनलाल को एंबुलेंस में बैठाने के लिए ले जा रहे थे, तो रोशनलाल एक बार फिर तैश में आ गया और पुलिस से खुद को छुड़वाने लगा। लेकिन पुलिस ने जबरदस्ती रोशनलाल को एंबुलेंस में बैठाकर उसे जयपुर के लिए रवाना किया। इधर, रोशनलाल को जयपुर रवाना करने पर अनशन पर बैठे राजेश देवी और संजय कुमार ने बताया कि पहले गुढ़ागौड़जी पुलिस और प्रशासन कथित भूमाफियाओं से मिला हुआ था। अब झुंझुनूं पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत भी सामने आ रही है। राजेश देवी ने बताया कि जब डॉक्टर अनशन स्थल पर आकर जांच कर रहे थे। तो वे बता रहे थे कि सब ठीक है। लेकिन बाद में पुलिस और प्रशासन के दबाव में चिकित्सक गलत रिपोर्ट बताकर रोशनलाल को जयपुर भेजा है। ताकि यह अनशन और धरना यहीं पर खत्म हो जाए।

इधर, रोशनलाल मेघवाल को जयपुर रैफर किए जाने के बाद भी कलेक्ट्रेट के बाहर धरना व अनशन जारी है। रोशनलाल के जयपुर रैफर की सूचना मिलने पर विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि धरना स्थल पहुंचे। यहां पर भी वक्ताओं ने आरोप लगाया कि रोशन मेघवाल को जबरदस्ती बीडीके अस्पताल भेजा। जहां से उन्हें जयपुर रेफर कर दिया गया। इससे पहले, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने धरना स्थल पर पहुंचकर मेघवाल का स्वास्थ्य परीक्षण किया था, जिसे ठीक बताया गया था। इसी दौरान, राजेश देवी को भी पुलिस ने बीडीके अस्पताल में भर्ती करवा दिया। धरने के दौरान भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विकास आल्हा, बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बंशीधर भीमसरिया, जिला संघर्ष समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर जयलाल सिंह, डीके महरिया और अन्य नेताओं ने धरने को संबोधित किया। धरने में भीम आर्मी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि सेवदा, प्रभुदयाल रेगर, महेंद्र सिंह चारावास, वयोवृद्ध तोताराम सैनी सहित कई प्रदर्शनकारी शामिल थे।

# पांच साल पुराने 40 करोड़ के धोखाधड़ी मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

- मामले के अन्य पांच आरोपियों को 21 मार्च को ही सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिली थी
- हिरासत में लिए जाने के करीब 20 घंटे बाद शाम को परिजनों को गिरफ्तारी की सूचना दी

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** करीब पांच साल पुराने 40 करोड़ के धोखाधड़ी मामले में एसओजी ने एक आरोपी पंकज अग्रवाल निवासी नागपाल कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया। उसे देर रात ही हिरासत में लिया गया था।

मामले में रोचक बात यह है कि मामले के अन्य पांच आरोपियों को 21 मार्च को ही सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिली थी। इस बात का एसओजी को तभी पता चल गया था, क्योंकि एसओजी के अधिकारी सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रखने को मौजूद थे। जमानत मिलने वालों के अलावा यह एक मात्र आरोपी था जिस पर पुलिस का डंडा चल सकता था। हुआ भी यही। एसओजी ने दिल्ली से श्रीगंगानगर लौट रहे सभी आरोपियों की लोकेशन ट्रेस की। श्रीगंगानगर में घुसते ही जिला पुलिस की मदद से पकड़ लिया और जयपुर ले गए।

हिरासत में लिए जाने के करीब 20 घंटे बाद शाम को परिजनों को गिरफ्तारी की सूचना दी है। यह मामला गणपति मल्टी कमोडिटी की ओर से 22 दिसंबर 2019 को ज्योति सीमेंट वाले प्रेम अग्रवाल, उसके पुत्र प्रदीप अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, पत्नी कमला अग्रवाल, पुत्रवधू रेखा अग्रवाल व नेहा अग्रवाल पर करीब 40 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया था। मामले की जांच एसओजी जयपुर के डीवाईएसपी शिवकुमार भारद्वाज कर रहे हैं।

पंकज अग्रवाल को हिरासत में लेने पर उनकी पत्नी नेहा अग्रवाल की ओर से न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने याचिका लगाई गई। उन्होंने अपने पति को अवैध हिरासत में रखने का आरोप लगाया। इसे लेकर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जवाहरनगर एसएचओ से रविवार 11 बजे से पहले वस्तु स्थिति की रिपोर्ट तलब की। नेहा अग्रवाल के वकील विपिन सिद्ध ने बताया कि इस मामले में प्रेम अग्रवाल, कमला अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, नेहा अग्रवाल की अग्रिम जमानत याचिका 21 मार्च को ही सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर ली थी। याचिकाकर्ता नेहा अग्रवाल के पति पंकज अग्रवाल अपने भाई प्रदीप अग्रवाल के साथ दिल्ली से वापिस लौट रहे थे। रास्ते में ही मीरा चौकी पर नाकाबंदी कर पुलिस ने पंकज अग्रवाल को गाड़ी से उतार लिया।

एडवोकेट सिद्ध ने बताया कि पुलिस ने पंकज अग्रवाल के परिवार को गिरफ्तारी संबंधी कोई दस्तावेज नहीं दिखाया और इतना ही बताया गया कि एसओजी यूनिट की ओर से इस आशय के निर्देश मिले हैं। एडवोकेट सिद्ध ने बताया कि इसके बाद पंकज अग्रवाल को एक निजी कार में बैठाकर ले गए। पंकज अग्रवाल को अग्रिम जमानत नहीं मिली थी। उसे गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को श्रीगंगानगर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

मामले का दूसरा रोचक पहलू यह भी सामने आया है कि इस मामले में एसओजी 21 मार्च तक पेश की तथ्यात्मक रिपोर्ट में पंकज अग्रवाल को आरोपी नहीं मान रही थी। पंकज अग्रवाल के अधिवक्ता विपिन सिद्ध ने बताया कि हमारी ओर से छह में से पांच आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट में लगाई गई थी। इसका कारण यह था कि एसओजी की ओर से हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में पेश की गई तथ्यात्मक रिपोर्ट में पंकज का नाम तक शामिल नहीं होता था। वरना हमारी ओर से पांच की जगह सभी छह आरोपियों की ही जमानत याचिका लगाई जा सकती थी। जब एसओजी के हाथ गिरफ्तारी से खाली रह गए तो जिस पर आरोप नहीं मान रहे थे, उसे तरह गिरफ्तार किया गया जैसे कि गंभीर आपराधिक प्रवृत्ति के आरोपी को गिरफ्तार किया जाता है।

# केंद्रीय मंत्री ने ए.एस.आई. अधिकारियों से सोनार किले को लेकर चर्चा की

**जैसलमेर, (निसं)।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने सर्किट हाउस में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) के अधिकारियों के साथ सोनार किले की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुख्य विषय किले के द्वितीय द्वार को खोलने और पर्यटकों की

- बैठक में किले की ऐतिहासिक संरचना को सुरक्षित रखते हुए सुविधाओं के विस्तार और भीड़ प्रबंधन पर विचार किया



**केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ( दांये से प्रथम ) ने सर्किट हाउस में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के अधिकारियों के साथ सोनार किला की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की।**

आवाजाही को बेहतर बनाने का है। बैठक में किले की ऐतिहासिक संरचना को सुरक्षित रखते हुए सुविधाओं के विस्तार और भीड़ प्रबंधन पर विचार किया गया, जिससे पर्यटकों को अधिक सुगम अनुभव मिल सके। सर्वप्रथम केंद्रीय मंत्री शेखावत का जैसलमेर एयरपोर्ट और जैसलमेर सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत-अभिनंदन किया। उन्होंने सर्किट हाऊस में बड़ी संख्या में उपस्थित गणमान्य लोगों से मुलाकात की औश्र अपने स्वागत-अभिनंदन के लिए सभी का आभार जताया।

शेखावत ने कहा कि पहले की सरकारों की यह सोच हुआ करती थी कि सीमावर्ती क्षेत्र प्रतिबंधित रहे, वहां लोगों का आवागमन न हो, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच यह है कि सीमावर्ती गांव हमारा आखिरी नहीं पहला गांव है। जब से उसको पहला गांव कहकर संबोधित करना शुरू किया है, उसी तरह से विकसित करना शुरू किया, उसका प्रभाव अब दिखाई देने लगा है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अभी हाल में राजस्थान की उप मुख्यमंत्री व पर्यटन मंत्री दिया कुमारी के साथ बैठक हुई। बड़े स्तर पर हम जैसलमेर और पश्चिमी राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा दे सकें, उसको लेकर चर्चा की। राजस्थान सरकार को निर्देश दिए हैं कि वो एक बार प्रस्ताव बनाकर भारत सरकार को दें, ताकि हम आइकॉनिक डेस्टिनेशन डेवलपमेंट की स्कीम में जैसलमेर को सम्मिलित कर पर्यटन संभावनाओं को विकसित करने के लिए काम कर सकें।

# महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किशनगढ़बास की बेटी प्रज्ञा पालावत का सम्मान

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** खैरथल-तिजारा जिले के किशनगढ़ बास की बेटी व भारत की सर्वोच्च न्यायालय सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता प्रज्ञा पालावत को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण, समानता और न्याय की वकालत के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित

- सुप्रीम कोर्ट में वकील है प्रज्ञा पालावत, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मिला प्रशस्ति पत्र

किया गया है जो किशनगढ़ बास के पालावत परिवार के साथ जिले के लिए गौरव की बात है। किशनगढ़बास की बेटी व सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता प्रज्ञा पालावत के पिता एडवोकेट संजीव सिंह बारेठ किशनगढ़बास बार एसोसिएशन के सदस्य हैं तथा जिला कांग्रेस कमेटी अलवर में प्रवक्ता हैं। बारेठ ने बताया कि उनकी बेटी प्रज्ञा पालावत को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भारतीय न्यायविद् परिषद और अखिल भारतीय बार एसोसिएशन की ओर से महिला सशक्तिकरण, समानता और न्याय की वकालत के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान



**सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता प्रज्ञा पालावत ( बीच में )प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते हुये।**

के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान न्यायमूर्ति डॉ. के.जी. बालाकृष्णन, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति विनीत सरन अध्यक्ष रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण और सेवानिवृत न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट के यहां प्रदान किया गया। प्रज्ञा पालावत को मिले सम्मान पर प्रज्ञा पालावत के दादा वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पदमश्री से सम्मानित कवि सूर्यदेव सिंह बारेठ ने खुशी जाहिर की और कहा यह सम्मान पूरे परिवार का नहीं बल्कि क्षेत्र व जिले का सम्मान है। किशनगढ़ बास निवास पर अधिवक्ताओं एवं परिचित लोगों ने पिता सजीव सिंह बारेठ व दादा सूर्यदेव सिंह बारेठ को बेटी प्रज्ञा पालावत के सम्मानित होने पर बधाई दी। इस अवसर पर बारेठ परिवार ने लोगों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया।

# शांतिभंग में नौ गिरफ्तार

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ थाना पुलिस की ओर से चिटा, हेरोइन और नशीले पदार्थो के खिलाफ चलाए गए अभियान अंतर्गत माता मंडी क्षेत्र में शांति भंग करने के आरोप में रविवार को नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाअधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि अभियान अंतर्गत माता मंडी क्षेत्र में कुछ लोग आपस में झगडा कर रहे थे। पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा झगडे का कारण पूछा तो एक दूसरे को मारने पीटने पर उतारू हो गए। उन्होंने बताया कि मामले में समझाने के बाद भी झगडा करने पर आरोपी अमित कुमार जाट, रोहित राजपूत, प्रेम शर्मा, साहिल कायमखानी तथा विपिन मेघवाल, रोहित रेगर, किशन राजपूत, प्रवीण जाटव नीरज योगी को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ शांति भंग करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।



**जैसलमेर। जिले की द्वारकाधीश धाम माने जाने वाली नगरी रामदेवरा में पद्मश्री से सम्मानित पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल ने रविवार को लोक देवता बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन किए। उन्होंने समाधि पर प्रसाद और चादर चढ़ाकर विधिवत पूजा-अर्चना की। साथ ही देश की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर का भ्रमण करने के बाद पौडवाल ने बाबा रामदेव समाधि समिति कार्यालय का दौरा किया। वहां उन्होंने समिति सदस्यों से मुलाकात कर बाबा रामदेव के इतिहास की जानकारी ली। बाबा के वंशज कानसिंह तंवर और मोतीसिंह तंवर ने उन्हें बाबा रामदेवजी की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया।**

# 'धार्मिक कथाएँ जीवन जीने की प्रेरणा देती हैं'

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी रविवार को सिरसी रोड़ स्थित मैरिज गार्डन में आयोजित मां जमवाय जी की कथा में शामिल हुई। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म की कथा जीवन जीने की प्रेरणा देती है। उप मुख्यमंत्री ने मां जमवाय माता और व्यास पीठ को नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महंत करणी प्रताप सिंह आढ़ा और भजन प्रवाहक किन्नू बन्ना द्वारा जमवाय माता जी की कथा बेहद सुंदर वर्णन किया जा रहा हैं। भगवान श्री राम जी और उनके वंशजों के प्रसंगों का गुणगान करती इस महिमा का आयोजन बेहद सुंदर और प्रशंसनीय हैं। उन्होंने कहा कि भारत का यह स्वर्णिम समय है, जब अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर जगमगा रहा है।

# लोहार्गल की चेतनदास बावड़ी में तोड़फोड़ व मारपीट का मामला जमीन विवाद का निकला

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले के गोठड़ा थाना इलाके के लोहार्गल में स्थित चेतनदास महाराज की बावड़ी मंदिर में रात को हुई मारपीट का मामला जमीनी विवाद का निकला। इस मामले में मंदिर के महंत गोपालदास ने अपने ही सगे भांजे बजरंगलाल शर्मा और उसके साथियों पर जानलेवा हमले का मामला दर्ज कराया है।

महंत गोपालदास ने बताया कि वे करीब पांच-छह दशक से बावड़ी, मंदिर को संभालते हैं। उनका भांजा भी जब छोटा था तो उनके पास आ गया। उन्होंने उसे पढ़ाया लिखाया, जिसके बाद बाद भांजा बजरंगलाल शर्मा उनके साथ ही रहने लगा, लेकिन अब भांजे बजरंगलाल के मन में लोभ आ गया। वह बावड़ी, मंदिर और मंदिर के नीचे आने वाली जमीन को हड़पना चाहता है। जिसके लिए आए दिन धमकियां देता है और झगड़ा करता है। बीती रात को महंत गोपालदास के बेटे का साढ़ू भोजासर निवासी शंकरलाल शर्मा मिलने के लिए अपने दोस्त राकेश शर्मा के साथ आया था। रात ज्यादा होने के कारण वह मंदिर में ही ठहर गया। इसी दौरान रात को बजरंगलाल शर्मा अपने दो-तीन साथियों के साथ लाठियों और सरियों से लैस होकर आया। जिसने



**पुलिस ने मौका मुआयना कर मामले की जांच शुरु की।**

महंत पर हमला बोल दिया। तोड़फोड़ मचानी शुरू कर दी। बीच-बचाव में शंकरलाल और राकेश आए तो उनके साथ भी बेरहमी से मारपीट की। इसके बाद भाग गए।

शंकरलाल का इलाज जयपुर में चल रहा है, जिसे कई जगहों पर फ्रेक्चर आए है। वहीं राकेश भी घायल है। इस मामले में गोठड़ा थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज करवाई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने मंदिर में मकान के गेट को तोड़कर सामान को खुर्द-बुर्द कर दिया और मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पिछले चार-पांच महीनों से बजरंगलाल शर्मा द्वारा महंत को जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया गया है। आज पुलिस ने मौका मुआयना किया है। वहीं जल्द ही मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। इधर, महंत गोपालदास ने अपनी जान को खतरा बताया है।

**महंत पर भी दर्ज करवाया मामला:-** इसी मामले को लेकर महंत गोपालदास समेत करीब आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। पिपराली निवासी विजय प्रकाश शर्मा ने गोठड़ा थाना में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में विजय प्रकाश

- सगा भांजा ही महंत गोपालदास का दुश्मन बना, मामला दर्ज

शर्मा ने बताया कि 21 मार्च को रात्रि करीब नौ बजे बजरंगलाल शर्मा का फोन आया और मंदिर में आने को कहा। जब मैं और बजरंगलाल शर्मा मंदिर में पहुंचे तो गोपाल शर्मा पुत्र रघुनाथ शर्मा, मंजूदेवी पत्नी गोपाल शर्मा, रमाकांत शर्मा पुत्र गोपाल शर्मा, सोनू शर्मा पत्नी रमाकांत शर्मा निवासी भाना वाली ढाणी तन बागोरिया कि ढाणी, पवन शर्मा भोजासर सहित उनके साथ गाड़ियों में आए अन्य आठ से दस लोगों ने मिलकर लाठियों व सरियों से जानलेवा हमला कर दिया व मंदिर में रखा कीमती सामान गाड़ियों में डालकर ले गए।

हम दोनों ने चिराना सीएचसी में प्राथमिक उपचार कराया। जहां से बजरंगलाल शर्मा को गंभीर हालत में सीकर रैफर कर दिया गया। उक्त घटना को लेकर पुलिस प्रशासन से कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में शुरू कर दी है।

# 'राजस्थान का इतिहास हमारी धरोहर है'

- चळकोई फाउण्डेशन के हिस्ट्री टॉक कार्यक्रम में राजस्थानी भाषा को लेकर संकल्प पारित
- मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला कलक्टर जितेन्द्र सोनी, शिक्षाविद राजवीर सिंह ने विचार व्यक्त किए

**जयपुर।** मानसरोवर स्थित एक ऑडिटोरियम में रविवार को चळकोई फाउंडेशन द्वारा इतिहास पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में राजस्थान के इतिहास में कर्नल जेम्स टॉड के योगदान पर गहन चर्चा हुई। इसी दौरान राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने राजस्थानी भाषा की मान्यता का मुददा भी पुरजोर तरीके से उठाया। इस आयोजन ने न सिर्फ कर्नल जेम्स टॉड के योगदान को याद किया, बल्कि राजस्थानी भाषा और संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक नई ऊर्जा भर दी।

कार्यक्रम में राजस्थान की प्रख्यात इतिहासकार डॉ. रीमा हूजा ने कर्नल टॉड के जीवन और उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि टॉड ने बिना किसी औपचारिक ऐतिहासिक प्रशिक्षण के बावजूद, राजस्थान के इतिहास को एक विशद और विलक्षण रूप में प्रस्तुत किया। डॉ. हूजा ने उनके योगदान को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि टॉड ने राजस्थान की जनजातियों, पर्व-त्योहारों, परंपराओं, और शौर्यगाथाओं को कलमबद्ध कर एक अमूल्य धरोहर सहेजने का काम किया।

गर्ग ने कहा कि इतिहास को हमेशा तथ्यों के आधार पर देखा जाना चाहिए। उन्होंने समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के बयान पर विरोध प्रकट करते हुए कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए इतिहास का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। जयपुर के जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अपने संबोधन में राजस्थानी भाषा और उसकी महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षण की जो व्यवस्था की गई है, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राजस्थानी भाषा को भी एक आधिकारिक दर्जा दिलाने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। सोनी ने राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और उसकी भाषाई सुंदरता को सहेजने पर बल दिया।

## संक्षिप्त

### स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**फुलेरा।** कस्बे की बिचून रोड़ के निकट स्थित बलाई समाज सामुदायिक भवन परिसर में रविवार को प्रातः 10:30 बजे बलाई समाज विकास परिषद फुलेरा की एक मीटिंग आयोजन परिषद के अध्यक्ष प्रमोद कालावत की अध्यक्षता में किया गया। इसके साथ ही समाज का होली स्नेह मिलन समारोह भी आयोजित हुआ। इस दौरान समारोह के मुख्य अतिथि के रूप मोती लाल वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जलदाय विभाग से सेवानिवृत अधिशासी अभियंता भंवर लाल साम्भरिया, शिक्षाविद से. नि. प्रिंसिपल कुन्दन मल भंवरिया, पूर्व अध्यक्ष पांचू लाल बरवड़, सुगन चन्द डोसीवाल, भीकम चन्द वर्मा, कन्हैया लाल मलिंडा, सीताराम देवन्दा रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक दूसरे पर पुष्प वर्षा कर एक-दूसरे होली की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही समारोह में समाजोत्थान पर विस्तार से चर्चा की, एवं महिला उत्थान के लिए परिषद में महिलाओं की भागीदारी का निर्णय लिया गया। इसके अलावा युवा वर्ग में लगातार बढ़ रही नशे की प्रवृति पर अंकुश लगाने के लिए एक स्वर में अपनी सहमति जताई।

### शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**राजगढ़।** लायंस क्लब की ओर से रविवार रात्रि को शहीद दिवस कार्यक्रम पर पंडित भवानी सहाय शर्मा स्मारक के समक्ष दीप प्रज्वलित कर वीर शहीदों को सादर नमन किया। इस दौरान क्लब के सदस्यों सहित अन्य गणमान्य जन की ओर से वीर शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के आजादी आंदोलन मैं योगदान एवं उनके व्यक्तित्व पर गर्म जोशी से नारे लगाए। लायंस क्लब के कार्यकर्ताओं ने जोशीले नारे लगाकर देश की आजादी में किए गए योगदान एवं बलिदान पर उनके व्यक्तित्व को याद किया। इस अवसर पर प्रांतीय सलाहकार खेम सिंह आर्य, मदन लाल शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, एन एल वर्मा, वीरेंद्र दाधीच, छोटेलाल मीणा, संत ज्ञानेश्वर शर्मा, दुष्यंत आर्य, किशोर मुखर्जी, पूर्ण जैमन, एवं अन्य कार्यकर्ता व गणमान्य मौजूद रहे।

### अशोककुमार बने प्रदेश संयुक्त सचिव

**निवाई।** अखिल राजस्थान उपभोक्ता संगठन महासंघ के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. अनन्त शर्मा व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेशकुमार वैष्णव की सहमति से प्रदेशाध्यक्ष योगेश पालीवाल ने कार्यकारणी का विस्तार करते हुए संगठन में अशोककुमार शर्मा को प्रदेश संयुक्त समिहिलाओं ने दशा माता का व्रत रखकर सुनी दशा माता की कथा।

### पूजा अर्चना की

**दूदू।** कस्बे एवं आसपास के गांवों में रविवार को महिलाओं द्वारा दशा माता की कहानी सनी जाकर परिवार एवं पति की खुशहाली की कामना की है इस दौरान महिलाओं द्वारा होली के दिन दहन के दौरान दिखाई गई सूत की कूकडी द्वारा निर्मित डोरे की पूजा अर्चना की जाकर गले में पहना गया महिलाओं ने इस दौरान रंग बिरंगे परिधानों में मंगल गीत जाकर पूजा अर्चना की।

### एक ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

**निवाई।** बरोनी थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान अवैध बजरी से भरे हुए एक डम्पर को जब्त किया है। थानाधिकारी बृजेंद्रसिंह राठौड ने बताया कि थाना के सामने की गई नाकाबंदी के दौरान एक डम्पर को जब्त किया है। डम्पर में अवैध बजरी भरी हुई थी। उन्होंने बताया कि डम्पर चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है। इसी प्रकार पुलिस की टीम ने गांव प्यावडी के तन दौराने गश्त अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया है। जब्त ट्रैक्टर ट्राली को मय बजरी थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा करवा दिया गया है तथा मालिक व चालक के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है।

### आदिनाथ जयंति पर निकाली शोभायात्रा

**मालपुरा।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के जन्म एवं दिक्षा कल्याणक के उपलक्ष मे रविवार को सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा निकाली गई भगवान आदिनाथ की शोभायात्रा। आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से हाथी,घोडे व बैण्ड बाजो के लवाजमे के साथ शुरू हुई आदिनाथ जी की शोभायात्रा मे तीन मंजिला रथ को समाज के युवाओं ने स्वंय खींचा। युवाओं ने जैन भजनो पर जमकर नृत्य किया। लोगो ने जीओं और जीने दो के जयघोष लगाते हुये शोभायात्रा नगर भ्रमण कर आदिनाथ मंदिर पहुंची। जहां दिनभर विभिन्न धर्मिक कार्यक्रमो का आयोजन हुआ।

# यू.डी.एच. मंत्री झाबर सिंह खर्रा, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का किया स्वागत

- चुनावो में ग्रामवासियों से किया वादा पूरा हुआ- रामलाल शर्मा
- ग्राम पंचायत कालाडेरा को नगरपालिका में क्रमोन्नत करने पर हुआ अभिनन्दन समारोह का आयोजन, हजारों की संख्या में पहुँचे ग्रामीण

**चौंमू / कालाडेरा।** ग्राम पंचायत कालाडेरा को नगरपालिका क्रमोन्नत होने पर रविवार को बस स्टैण्ड कालाडेरा पर विशाल अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। अभिनंदन समारोह के मुख्य अतिथि स्वायत्त शासन एव नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा और पूर्व विधायक रामलाल शर्मा शिरकत की।

कार्यक्रम में आये हुए अतिथि ने सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत यज्ञाचार्य बुद्धि प्रकाश शास्त्री व पंडित पंकज शास्त्री के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करवा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ग्रामीणोंद्वारा अतिथियो को 51 किलो की माला व साफा पहनाकर गद्दा बैठकर स्वागत किया। वहीं कस्बे की छोटी बालिका लक्षिता जागींड ने मंत्री झाबर सिंह खर्रा को भगवान श्रीराम जी की फोटो प्रतिमा देकर स्वागत किया। वहीं मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि



कालाडेरा ग्राम पंचायत को नगरपालिका में क्रमोन्नत होने पर झाबर सिंह खर्रा को श्रीराम जी की फोटो प्रतिमा देकर स्वागत किया।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास को प्राथमिकता देती है और बजट घोषणाओं को 100 प्रतिशत धरातल पर उतारने के साथ आमजन को उसका लाभ दिलाने का काम करती है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि जब मैंने बस स्टैंड कालाडेरा में चुनावी सभा की थी तब यहां उपस्थित जनता से भाजपा की सरकार आने पर नगरपालिका बनाने का वादा किया था जो आज पूरा हो गया है। एक सच्चे जनप्रतिनिधि का कार्य जनभावनाओं के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने कालाडेरा को नगरपालिका में क्रमोन्नत करने पर माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

इस मौक़े पर कालाडेरा सरपंच अशोक शर्मा, गोविन्दगढ पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव, कालाडेरा मण्डल अध्यक्ष लालचंद यादव, बांसा मंडल अध्यक्ष शंकर लाल गोगोरिया, पूर्व फल सब्जी मंडी अध्यक्ष दिनेश गोरा, बंशीधर मण्डल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष उपेन्द्र बिहारी झालाणी, भगवान सहाय शर्मा, पूर्व सरपंच रामगोपाल मीणा, व्यापार मण्डल अध्यक्ष महेश कुमार योगी, पूर्व उपसंरपच मुकेश पंचोली, मुरारी लाल चौबे, ओमप्रकाश धामाणी, लालाराम दूत, पूर्व व्यापार मण्डल अध्यक्ष हनुमान खोज, शक्ति केंद्र प्रभारी सोहन लाल कुमावत, छीगनलाल कुमावत, पूरण शर्मा , मुकेश चोपड़ा, महेन्द्र कुमावत, सतीश दौसाया, अर्जुन ममोडिया, मोहन लाल खोज, ग्यारसी लाल खोज, कालूराम उज्जैनिया, बबलू उज्जैनिया, रणजीत, नंदलाल कुमावत, हरनाथ बागड़ा, अखिल शर्मा, सहित सेकड़ो ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए



**सांभरझील।** यहां अंबेडकर भवन में क्रांतिकारी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी, भारत के वीर सपूत, इंकलाब जिंदाबाद के नारे से आजादी का बिगुल बजाने वाले क्रांति के प्रतीक, समता, न्याय, बंधुता के प्रणेता, अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के बलिदान दिवस को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा उनकी प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की ऐतिहासिक स्मृतियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। समिति की वेबसाइट एवं अंबेडकर जयंती के पोस्टर का विमोचन किया गया। प्रोजेक्टर के माध्यम से वेबसाइट चलाकर लोगों को समिति की ऑनलाइन सदस्यता लेने हेतु प्रेरित किया। अमर शहीदों के बलिदान का महत्व बताया तथा शहीदों के त्याग एवं समर्पण से ही आज हम सब आजाद भारत में खुशहाल जीवन जी रहे हैं एवं उन्नित कर रहे हैं। आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### कमेटी गठित

**नारायणपुर।** कस्बे के राजपुरा मोहल्ला स्थित माधवानंद आश्रम में 17 मई से प्रारंभ होने वाले 21 कुण्डीय रुद्र महायज्ञ की तैयारियों को लेकर रविवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में महायज्ञ के सुचारू आयोजन हेतु कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अर्जुन लाल यादव को अध्यक्ष, महेन्द्र शर्मा को सचिव एवं योगेश चंद सैनी को कोषाध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। बैठक के दौरान कमेटी के सदस्यों ने यज्ञ की व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। टेंट, साउंड और हलवाई की बुकिंग को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में मंदिर की साध्वी विदुषी सरस्वती, पूर्व सरपंच शिम्भूदयाल सैनी, फूलचंद यादव, मोहन लाल यादव, सुरेन्द्र शर्मा, सुबेसिंह सोलंकी, दामोदर शर्मा, घनश्याम प्रजापत, रोहिताश सैनी और कालू जोशी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ के दौरान भव्य अनुष्ठान, प्रवचन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रभर के श्रद्धालु भाग लेंगे। आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### 417 यूनिट रक्त संग्रहित

**पावटा।** भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहीद दिवस के उपलक्ष्य में आज एस.के हॉस्पिटल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक छठे विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 417 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस दौरान लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया। शिविर में स्थानीय युवाओं, छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर रक्तदान के महत्व और इसके माध्यम से जीवन रक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया गया। रक्तदान करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिक चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में आयोजन एस के हॉस्पिटल डॉ. वीरेंद्र गढ़वाल, रामकरण राठी अखिलेश यादव द्वारा अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। शिविर में शामिल विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड़ अतिथि जगन चौधरी, शिवपाल राठी, अन्य उपस्थित रहे अनिल चौधरी, अमनदीप खोजा, रघुवीर गठाला, भूपेन्द्र गढ़वाल, शेर सिंह मण्ढा, अनिल राठी, राकेश गिठाला, प्रदीप कादिया, राव बिल्लू, मुकेश यादव, पृथ्वी , जयसिंह धनकड़, शिवम् टांक, रोहतास फोकाट, डीसी गिठाला, राकेश सैनी, नीरज गजराज, उमेश बधाला , प्रदीप यादव, राहुल राठी, धीरज सारण, होमेन्द यादव,विक्रम सारण, मनोज बाज्या ने इस पहल को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### अग्नि दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से झुलसे

**देवली।** उपखंड क्षेत्र के छातडी गांव में बीती रात को हुए अग्नि दुर्घटना में पांचू लाल भील के परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। इस दुर्घटना में आठ माह की एक मासूम बालिका आग की चपेट में आने से मृत्यु हो गई । जानकारी में मामला सामने है कि पांचू लाल भील के परिवार के साथ हुए इस हादसे के बाद कई समाज के लोग पीड़ित परिवार की मदद करने को लेकर आगे आए हैं। पीड़ित परिवार की मदद करने पहुंचे अख्तर उल्ला ने बताया कि ग्राम छतड़ी नेगड़िया में पांचू लाल भील के परिवार के खेत में बनी घास की टपरी अचानक से आग लग गई था। इस दुर्घटना में पीड़ित परिवार को जान माल का नुकसान उठाना पड़ा है । बताया जा रहा है कि पांचू लाल कच्ची टापरी में अपना गुजर बसर कर रहा था। ऐसे उक्त गरीब परिवार की टपरी आग की चपेट में आ गई । इस दुर्घटना में एक आठ माह की बच्ची मौके पर ही झुलस जाने से मौत हो गई। तो वहीं एक ओर बालिका और एक महिला अद हालत में झुलस गई है। साथ ही भैंस बकरी भी आग की चपेट में आ गए हैं जिनकी भी मौके पर मौत हो गई। इस दुर्घटना में गरीब परिवार को काफी आर्थिक नुक्सान पहुंचा है। इसे ध्यान में रखते हुए सहायता पहुंचाने में बीसलपुर बांध के मछली ठेकेदार आवेश कुरेशी रईस पठान सोजी हाड़ा दीपू जूनिया दयाराम कीर रफीक अब्बासी किशन कीर रमेश मीना देवपुरा मथुरा लाल मीना बोरडा असलम शेख अपनी ओर से पीड़ित परिवार को 31 हजार रुपए कि नगद राशि मदद के तौर पर भेंट की है।

### हनुमान जी का महाभिषेक

**पावटा।** अंतरराष्ट्रीय श्री कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन पावटा द्वारा इस्कॉन संस्थापकाचार्य श्री कृष्ण कृपा श्री श्रीमद ए सी भक्ति वेदांत स्वामी प्रभुपाद के आशीर्वाद से इस्कॉन पावटा के सहयोग से 6 अप्रैल 2025 वार रविवार को श्री रामलला का जन्म उत्सव रामनवमी महोत्सव के रूप में इस्कॉन पावटा शिशु वाटिका स्कूल में बहुत ही भव्य रूप में मनाया जा रहा है। जानकारी देते हुए इस्कॉन पावटा मुख्य प्रवक्ता यशोदा कृष्ण प्रभु ने बताया कि रामनवमी महोत्सव इस्कॉन पावटा में बहुत ही श्रद्धाभाव से मनाया जाएगा। राम नवमी उत्सव प्रात 10 बजे महामंत्र के गुणगान से आरंभ होगा। रामलला की प्रसन्नता के लिए महासंकीर्तन किया जाएगा। प्रात 11 बजे श्री श्री सीताराम, लक्ष्मण, हनुमान जी का पंचामृत महाभिषेक किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से कथा का आयोजन होगा। वही दोपहर 2 बजे महाआरती व राजभोग दर्शन का समय रहेगा। इसके बाद दोपहर 2.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम व ड्रामा एवं 3 बजे महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

### उपकारागृह का निरीक्षण

**कोटपूतली।** स्थानीय उप कारागृह का रविवार को सघन निरीक्षण किया गया। एसपी राजन दुष्यन्त के निर्देश पर एएसपी वैभव शर्मा के सुपरविजन एवं एसडीएम बृजेश कुमार चौधरी की मौजूदगी में डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के नेतृत्व में कोटपूतली एसएचओ राजेश कुमार शर्मा, पनियाला एसएचओ मोहर सिंह, महिला पुलिस थाना कोटपूतली, पुलिस थाना सरुण्ड व जिले की रिजर्व पुलिस लाईन जाप्ते के साथ तीन टीमें गठित की गई। टीमों द्वारा एक साथ उपकारागृह का औचक निरीक्षण कर जेल की गहनता से तलाशी व चैकिंग की गई तथा जेल में बंद विचाराधीन बंदियों से वार्ता कर जानकारी प्राप्त की गई। जेल में बंदियो के रहने के लिये बनी बैरिक्स एवं परिसर की सघन चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान कोई प्रतिबंधित सामग्री नहीं मिली एवं ना ही कोई आपत्तिनजक वस्तु मिली। भविष्य में भी समय-समय पर नियमित रुप से जेल चैकिंग की जाती रहेगी।

### विधायक रामसहाय वर्मा को सौंपा ज्ञापन

**निवाई।** गांव बारेड़ा को ग्राम पंचायत बस्सी में यथावत रखने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विधायक रामसहाय वर्मा को ज्ञापन सौपा है। ग्रामीण भंवरसिंह राजावत, भरतलाल मीणा, गोकुल मीणा, जगराम कटारिया, रामपाल यादव, हंसराज यादव, पप्पू चौधरी, नन्दसिंह राजावत, सुरजन गुर्जर, श्योराज मीणा, हनुमान मीणा, हरिनारायण मीणा, विनोद यादव, रामलाल गुर्जर, नरशी गुर्जर, मनोज यादव व जीतराम जाट सहित कई ग्रामीण ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतो के पुनर्गठन हेतु प्रस्ताव मांगे गये है। इस विषय में आप जन मे चर्चा है कि ग्राम बारेडा को वर्तमान ग्राम पंचायत बस्सी से हटाया जाकर ग्राम किंवाडा के साथ नवीन ग्राम पंचायत का गठन किया जा रहा है।

## महाराणा प्रताप पर की टिप्पणी पर राजपूत समाज में गुस्सा

**अलवर।** रविवार को राजपूत सभा अलवर की कार्यकारिणी मीटिंग राजपूत सभा भवन अम्बेडकर नगर, अलवर में अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मीटिंग में समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा महाराणा सांगा के लिए अर्नगर्ल शब्दों का राज्यसभा में दिये भाषण में कहे जाने के प्रति घोर निन्दा की गयी। इस हेतु समाज के सभी सरदारों ने सांसद की सदस्यता रद्द करने एवं शीघ्र ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार करने एवं देशद्रोह का केस दर्ज किये जाने की मांग की। मीटिंग में राजपूत सभा अलवर महामंत्री राजेश सिंह बहाली ने बताया कि सरकार इस मुद्दे को गम्भीरता से ले नहीं तो समाज द्वारा उग्र आन्दोलन किया जावेगा। इसके लिए राजपूत समाज अपनी रणनीति बनाएगा। मीटिंग में समाज के पृथ्वी सिंह नरूका, मनोज शेखावत सहित समाज के गणमान्य लोग शामिल हुऐ।

## 'टीबी हारेगा देश जीतेगा' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सक्रिय भागीदारी आवश्यक'

- मंत्री ने आवास पर की जनसुनवाई, अनेक कार्यक्रमों में की शिरकत

**अलवर।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने रविवार को अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर टीबी से मुक्त हुई जिले की 231 ग्राम पंचायतों के सरपंच/प्रशासकों एवं ग्राम स्तरीय कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र एवं गांधीजी की प्रतिमा भेंट कर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया।

मंत्री शर्मा ने विश्व क्षयरोग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के जिला स्तरीय कार्यक्रम में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य टीबी उन्मूलन की दिशा में सामुदायिक सहायता प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि टीबी रोगियों के उपचार में हर संभव मदद करें, ताकि टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने सक्षम लोगों से निक्षय मित्रा बनकर टीबी के इलाज में अतिरिक्त निदान और पोषण



अलवर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के जिला टीबी कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र प्रदान करते।

की सहायता प्रदान करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 'टीबी हारेगा देश जीतेगा' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामुदायिक भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने अभियान को लेकर सरकार की मंशानुरूप चिकित्सकों व कार्मिकों को कार्य करने के निर्देश दिए। मंत्री शर्मा ने इस अवसर पर वर्ष 2023 में टीबी से मुक्त हुई जिले की 231 ग्राम पंचायतों के प्रशासकों एवं ग्राम स्तरीय कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र एवं गांधीजी की प्रतिमा भेंट कर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि राज्य स्तर पर संचालित टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत वर्ष 2024 में जिले की 231 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है जो कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 6 मापदंडों को पूरा करने मे सफल रही है। इसके अलावा वर्ष 2023 में कुल 30 एवं वर्ष 2022 में जिले की 6 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। इन सभी टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के सरपंचों को कांस्य एवं जोग ग्राम पंचायतें विगत वर्षों में भी टीबी मुक्त घोषित हुई उन्हें रजत पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. कपिल भारद्वाज ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस का आयोजन जिला एवं ब्लॉक स्तर पर किया जाएगा एवं अलवर शहर में जीएनएम छात्र-छात्राओं द्वारा टीबी रोग के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु जागरूकता रैली आयोजित की जाएगी।

## बैठक में संगठन सुदृढ़ता व कार्ययोजना पर हुई चर्चा

- नेता रहते हैं 5 साल, कार्यकर्ता हजारों साल- इंद्राज गुर्जर

**पावटा।** रविवार को निजी होटल ग्रीन पार्क में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिसमें कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व एवं समस्त अग्रिम संगठनों सहित पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, जयपुर देहात (ग्रामीण) कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं जमवारामगढ़ पूर्व विधायक गोपाल मीणा, कांग्रेस प्रभारी जयपुर ग्रामीण एवं प्रदेश महासचिव आर.सी.चौधरी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पावटा अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव, विराटनगर प्रभारी योगेश यादव, सह प्रभारी राधेश्याम यादव सहित वरिष्ठ नेताओं की गरिमामय उपस्थिति में संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्ययोजनाओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसमें भाग लिया।बैठक में पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा, नेता केवल 5 साल तक रहते हैं, लेकिन कार्यकर्ता अपनी मेहनत और समर्पण से संगठन को हजारों साल तक जीवित रखते हैं।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की।

कार्यकर्ताओं की आवाज शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाने के लिए संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ बनाना आवश्यक है।

उन्होंने कांग्रेस को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से समय और समर्पण देने की अपील की। बैठक में सदस्यता अभियान को तेजी से बढ़ाने और नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई। ने कहा कि कार्यकर्ताओं की आवाज शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाने के लिए संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ बनाना आवश्यक है। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी वरिष्ठ सदस्य पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश मीणा, वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व सरपंच रामावतार टेपण, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहरसिंह धनकड़, डॉ. रामस्वरूप अधाना, सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला, राजेंद्र पारीक, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामजीलाल यादव, मंडल अध्यक्ष देशराज सिंह, सुनील गुप्ता, वेद प्रकाश बाकोलिया, मालीराम कुमावत, सागरमल बुनकर, पूर्व जिला अध्यक्ष रामेश्वर यादव, जिला परिषद राजेश यादव, रामकरण यादव, भागीरथ मल जांगिड, सुरेश यादव, उमराव यादव, अमित जाट, सीताराम देवन्दा, राजू धनकड सहित बड़ी संख्या में पार्टी के समस्त कार्यकर्ता, पदाधिकारी, मंडल सदस्य, ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता मौजूद रहे व पार्टी सशक्त व मजबूत बनाने में कार्यकर्ताओं के विचार जाने।

## फुलेरा में कर्मचारी स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित

- कार्यक्रम के दौरान प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**फुलेरा।** कस्बे के स्वास्तिक पैराडाइज गार्डन में रविवार को प्रातः 11:15 बजे कुम्हार, कुमावत, प्रजापति समाज समस्त रेल कर्मचारियों व अधिकारियों का प्रथम होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन कन्हैया लाल कुमावत की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व विधायक निर्मल कुमावत रहे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में किशन लाल भोड़ीवाल, नन्द किशोर, राकेश कुमावत, महेन्द्र कुमावत, आशीष कुमावत रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों द्वारा श्री गणेश जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प माला अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात समाज के मण्डल रेल कर्मचारी एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा आगन्तुक अतिथियों का माला, साफा पहनाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में रेल अधिकारियों व कर्मियों द्वारा किये गये विशिष्ट एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए समाज की प्रतिभाओं जिसमें एस एस ई कमलेश कुमावत, राकेश कुमावत, सीएम आई विनय राजोरा, राकेश कुमार, जितेन्द्र कुमावत एवं एएलपी पूजा कुमावत तथा पॉइंट्स मैन पूजा कुमावत को माला पहनाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि निर्मल कुमावत ने कहा कि मनुष्य या समाज को आगे बढ़ाने के लिए संगठन का होना जरूरी है। यदि कोई भी समाज एकजुट और संगठित होने के साथ ही अपने समाज की प्रतिभाओं को तराशकर आगे लाये और उनका उत्साह वर्धन करें तो यह कार्य भी समाज को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। इसके अलावा नवगठित इस समिति की प्रशंसा करते हुए उन्होंने आगे कहा कि यहां एकजुट होकर समाज को और आगे बढ़ाने के रास्ते को खोला है। इससे आने वाली पीढ़ी को भी आपसे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन हेमन्त कुमार एवं पत्रकार दामोदर कुमावत के द्वारा किया गया। वहीं उपस्थित सभी समाज बन्धुओं ने बारी-बारी से अपना परिचय दिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में अध्यक्ष कन्हैया लाल कुमावत ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सैकड़ो समाज बन्धु उपस्थित रहे।

## आदिनाथ जन्मकल्याणक महामहोत्सव मनाया धूमधाम से

- महोत्सव को लेकर निकाली प्रभात फेरी

**निवाई।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में आर्यिका श्रुतमति, सुबोधमति एवं विशेषमति माताजी के सानिध्य में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जन्मकल्याण महामहोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। विज्ञातीर्थ कमेटी के अध्यक्ष सुनील भाणजा एवं हितेश छाबड़ा ने बताया की रविवार को निवाई के सभी जिनालयों में आदिनाथ भगवान का जन्मकल्याणक धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः कालीन बेला में प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें आचार्य शांतिसागर पाठशाला के छोटे बच्चों ने जैन धर्म की ध्वजाएं लेकर भगवान आदिनाथ के जयकारे लगाते हुए एवं जैन समाज के सभी युवा एवं महिला-पुरूषों द्वारा प्रभात फेरी निकाली। विमल जौंला ने बताया कि प्रभात फेरी श्री शांतिनाथ




भगवान आदिनाथ जन्मकल्याणक महामहोत्सव को लेकर प्रभात रैली निकालते हुए श्रद्धालु।

दिगंबर जैन अग्रवाल से रवाना होकर भगवान महावीर मार्ग, श्री दिगंबर बड़ा मंदिर होते हुए नसियां मंदिर पहुंची। जहां पर सभी गुरु भक्तों ने माताजी से आशीर्वाद लिया। उसके पश्चात भगवान आदिनाथ का अभिषेक, शांतिधारा एवं ऋषभदेव समवशरण मंडल विधान की पूजा, नवदेवता पूजा, भक्तामर पूजा, देवशास्त्र गुरु पूजा व भगवान आदिनाथ पूजा की गई। उसके बाद माताजी ने धर्म सभा को संबोधित किया। नवरत्न टोंग्या व योगेंद्र सिंघल ने बताया कि ऋषभदेव भगवान का जन्मकल्याणक महामहोत्सव संपूर्ण विश्व में धर्म प्रभावना के साथ बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के तहत सायंकाल में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में णमोकार महिला मंडल, विशुद्ध वर्धनी महिला मंडल व त्रिशला महिला मंडल द्वारा सामूहिक संगीतमय भक्तामर की दीप अर्चना के साथ पाठ व पालना झूलाने के कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर सुशील कटारिया, मुकेश बनेठा, कमलेश टोंक, ज्ञानचन्द सोगाणी, राकेश संघी, रवि भाणजा, अरविंद ककोड, त्रिलोक सिरस, मोहित चवरिया, सुशील गिंदोडी, नरेंद्र भाणजा, त्रिलोक नला, ताराचंद भाणजा, मीनाक्षी भाणजा, त्रिशला रामनगर, सुनील बनेठा व हेमराज जैन सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण

**टोंक।** जिला प्रशासन टोंक एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों को और मजबूत बनाने के लिए बहुत से अग्रणी कदम उठाये जा रहे हैं। संस्था रॉकेट लर्निंग द्वारा जिले की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर रही हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में कौशल संवर्द्धन किए जाने के उद्धेश्य से रॉकेट लर्निंग संस्था ने मिशन बुनियाद कार्यक्रम के तहत नवाचार की शुरुआत की है। टोंक जिले के सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सेक्टर अनुरूप पूर्व में मॉड्यूल-1 प्रारम्भिक ब्लायावस्था, शिक्षा का महत्व तथा विकास के आयाम का प्रशिक्षण दिया गया, उसी के आधार पर मॉड्यूल-2 खेल आधारित शिक्षा पर आधारित था। जिसका मुख्य उद्देश्य जिले की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के विकास के विभिन्न क्षेत्रों की कक्षा में आयोजित की जाने वाली विभिन्न खेल आधारित गतिविधियों को समझें।



जसप्रीत बुमराह के बिना इस कलंक को हटाना मुंबई इंडियंस के लिए काफी मुश्किल होगा।
- केदार जाधव

पूर्व चैम्पियन, जसप्रीत बुमराह के बारे में भविष्यवाणी करते हुए।




**आज का खिलाड़ी** **शीतल देवी**



**जम्मू-कश्मीर** की बिना हाथ की तीरंदाज और पैरालंपिक पदक विजेता शीतल देवी ने रविवार को यहां खेलो इंडिया पैरा खेलों के बहुप्रतीक्षित मुकाबले में ओडिशा की दिव्यांग (बिना हाथ, बिना पैर) पायल नाग को हराकर स्वर्ण पदक जीता। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में दोनों युवाओं के बीच मुकाबले में गत विजेता शीतल ने वापसी करते हुए खेलों का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। 18 वर्षीय शीतल ने कंपाउंडडनरी ओपन फाइनल मैच में 17 वर्षीय पायल के खिलाफ 109-103 से जीत दर्ज की। पायल के दोनों हाथ और दोनों पैर नहीं हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारतीय हॉकी टीम ने 1936 के खेलों में जर्मनी को 8-1 से हराकर विश्व में अपनी खेल क्षमता सिद्ध की थी।

# राजस्थान रॉयल्स को 44 रन से हराकर सनराइजर्स हैदराबाद ने मैच जीता



हैदराबाद, 23 मार्च। ईशान किशन (नाबाद 106) की तूफानी शतकीय पारी और ट्रैविस हेड (67) रनों की अर्धशतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के दूसरे मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 44 रन से हरा दिया।

287 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तेजी के रन बनाने के प्रयास में 50 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। यशस्वी जयसवाल (एक), कप्तान रियान पराग (चार) और नीतीश राणा (11) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ध्रुव जुरेल ने संजू सैमसन के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 111 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में हर्षल पटेल ने संजू सैमसन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

संजू सैमसन ने 37 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाते हुए (66) रन बनाये। अगले ही ओवर में एडम जम्पा ने ध्रुव जुरेल को आउटकर राजस्थानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जुरेल ने 35 गेंदों में पांच चौके और छह छक्के लगाते हुए (70) रनों की तूफानी पारी खेली। इसके बाद शिमरॉन हेटमायर और शुभम दुबे ने गेंद की पिटाई जारी रखी। राजस्थान का छठा विकेट आखिरी ओवर में शिमरॉन हेटमायर के रूप में गिरा। शिमरॉन हेटमायर ने 23 गेंदों में एक चौका और चार छक्के लगाते हुए (42) रन बनाये। शुभम दुबे 11 गेंदों में एक चौका और चार छक्के लगाकर (34) रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद के गेंदबाजी आक्रमण के आगे राजस्थान के बल्लेबाज निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 242 रन ही बना सके और 44 रनों से रोमांचक मुकाबला हार गये।

सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से सिमरजीत सिंह और हर्षल पटेल को दो-दो विकेट मिले। मोहम्मद शमी और एडम जम्पा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए तूफानी अंदाज में (45) रन जोड़े। चौथे ओवर की पहली गेंद पर महीश तीक्षणा ने अभिषेक शर्मा को आउटकर हैदराबाद को पहला झटका दिया। अभिषेक शर्मा ने 11 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए (24) रन बनाये। हैदराबाद का दूसरा विकेट ट्रैविस हेड के रूप में गिरा। ट्रैविस हेड ने 31 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए (67) रन बनाये।

इसके बाद नीतीश कुमार रेड्डी 15 गेंदों में (30) हाइनरिक क्लासन 14 गेंदों में (34) रन बनाकर आउट हुये। आखिरी ओवर में अनिकेत वर्मा (सात) और अभिनव मनोहर (शून्य) को तुषार देशपांडे ने आउट किया। सनराइजर्स हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 286 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इशान किशन ने 47 गेंदों में 11 चौके और छह छक्के लगाते हुए (नाबाद 106) रनों की तूफानी पारी खेली। राजस्थान रॉयल्स की ओर से तुषार देशपांडे ने तीन, महीश तीक्षणा ने दो और संदीप शर्मा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से हराया

चेन्नई, 23 मार्च। नूर अहमद (चार विकेट) और खलील अहमद (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (53) तथा रचिन रविंद्र (नाबाद 59) की बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के तीसरे मुकाबले में पांच गेंदे शेष रहते मुम्बई इंडियंस को चार विकेट से हरा दिया।

156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में राहुल त्रिपाठी (दो) का विकेट गवां दिया। इसके बाद ऋतुराज गायकवाड़ और रचिन रविंद्र ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी हुई। आठवें ओवर में विग्नेश पुतुर ने ऋतुराज गायकवाड़ को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। गायकवाड ने 26 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के लगाते हुए (53) रनों की पारी खेली। इसके बाद शिवम दुबे (नौ) और दीपक हुड्डा (तीन) रन बनाकर आउट हुये।

सैम करन (चार) को विल जैक्स ने बोल्ड किया। रचिन रविंद्र ने 45 गेंदों में दो चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 65) रन बनाये। छठें विकेट के रूप में रवींद्र जडेजा (17) रनआउट हुये। रचिन रविंद्र ने 20वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। चेन्नई सुपर किंग्स ने 19.1 ओवर में छह विकेट पर 158 रन बनाकर चार विकेट से मुकाबला जीत लिया।

मुम्बई इंडियंस की ओर से विग्नेश पुतुर ने तीन विकेट लिये। दीपक चाहर और विल जोक्स को एक-एक विकेट मिले। इससे पहले आज यहां चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान



ऋतुराज गायकवाड ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसने पहले ही ओवर में रोहित शर्मा (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद रायन रिकलटन (13) रन बनाकर आउट हुये। इन दोनों बल्लेबाजों को खलील अहमद ने आउट किया। पांचवें ओवर में आर अश्विन ने विल जैक्स (11) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कप्तान सूर्य कुमार यादव और तिलक वर्मा ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 49 रनों की साझेदारी हुई। 11वें ओवर नूर अहमद ने सूर्यकुमार यादव को आउट इस साझेदारी को तोड़ा। सूर्यकुमार यादव ने 26 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (29) रन बनाये। रॉबिन मिन्ज (तीन) रन बनाकर आउट हुये। 13वें ओवर की आखिरी गेंद पर नूर ने तिलक वर्मा को पगबाधा आउट किया।

तिलक वर्मा ने 25 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए (31) रन बनाये। नमन धीर (17), मिचेल सैंटनर (11) और ट्रेंट बोल्ट (एक) रन बनाकर आउट हुये। दीपक चाहर ने 15 गेंदों में दो चौको और दो छक्कों की मदद से (नाबाद 28) रनों की पारी खेली। मुम्बई इंडियंस ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 115 रन का स्कोर खड़ा किया। चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से नूर अहमद ने चार और खलील अहमद ने तीन विकेट लिये। नेथन एलिस और रवि अश्विन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# विराट कोहली को गले लगाने वाला फैन हुआ गिरफ्तार

कोलकाता, 23 मार्च। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए आईपीएल 2025 की शुरुआत शानदार हुई है। पहले मैच में आरसीबी ने केकेआर को 7 विकेट से हराया। विराट कोहली ने इस मैच में 59 रनों की नाबाद पारी खेली। उनके अर्धशतक के बाद एक फैन ईडन गार्डन्स ग्राउंड पर घुस आया था, जो कोहली के पास पहुंच गया। फैन पहले कोहली के पैरों में गिर गया और फिर उन्हें गले लगा लिया। सुरक्षाकर्मी आए और उसे पकड़कर मैदान से बाहर कर दिया।

वहीं पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।रिपोर्ट्स के अनुसार फैन पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 329 के तहत मामला दर्ज हुआ है। ये धारा तब लागू होती है जब कोई व्यक्ति बिना किसी वैध अनुमति या अधिकार के किसी संपत्ति



में प्रवेश करता है। सोशल मीडिया पर विराट कोहली के इस पैन की कई वीडियो वायरल हो रही है। एक वीडियो से साफ हो रहा है कि कैसे वह एक जाली लगी हुई ग्रिल को फांदकर ग्राउंड के अंदर जा रहा है। विराट कोहली को लेकर ऐसी दिवानगी अक्सर देखी जाती है। इससे पहले भी कई विराट के फैंस ग्राउंड पर घुस आए हैं। इस मैच में रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर केकेआर को बल्लेबाजी का निमंत्रण दिया था।

**हैदराबाद के बल्लेबाजों ने जोफ्रा आर्चर की कुटाई कर दी**

# आईपीएल इतिहास के एक मैच में सबसे ज्यादा रन देने वाले गेंदबाज बने

हैदराबाद, 23 मार्च। आईपीएल 2025 के दूसरे मैच में हैदराबाद ने राजस्थान के खिलाफ गजब की बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 286 रन बना दिए और ये आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर रहा। इस मैच में हैदराबाद ने इशान किशन की नाबाद 106 रन की पारी के दम पर इस टीम के खिलाफ विशाल स्कोर बनाने में मदद की तो वहीं हेड ने भी इस मैच में 67 रन की बेहतरीन पारी खेली।

इस मैच के दौरान राजस्थान के गेंदबाजों की जमकर कुटाई हैदराबाद के बैटर्स ने की और सबसे ज्यादा रन जोफ्रा आर्चर ने लुटाए। इस मैच में जोफ्रा ने इतने रन दे दिए कि वो आईपीएल के एक मैच में सबसे ज्यादा रन देने वाले बॉलर की लिस्ट में पहले स्थान पर आ गए तो वहीं हेनरिक क्लासेन ने अपनी पारी के दम पर वीरेंद्र सहवाग ने इस रिकॉर्ड



को तोड़ दिया। जोफ्रा आर्चर ने हैदराबाद के खिलाफ हुए मैच में 4 ओवर में 76 रन दिए और उन्हें कोई भी विकेट नहीं मिला। इसके बाद वो इस लीग के एक मैच में सबसे ज्यादा रन देने वाले बॉलर की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए और मोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया। मोहित ने साल 2024 में दिल्ली के खिलाफ अपने 4 ओवर के स्पैल में 73 रन दिए थे, लेकिन अब जोफ्रा उनसे आगे आ गए।राजस्थान के खिलाफ इस मैच में क्लासेन ने 14 गेंदों पर छक्का और 5 चौकों की मदद से 34 रन की पारी केली और इस लीग में 1000 रन पूरे करते हुए सहवाग को पीछे छोड़ दिया। क्लासेन आईपीएल में सबसे कम गेंदों पर 1000 रन पूरे करने वाले बैटर्स की लिस्ट में अब दूसरे नंबर पर आ गए। क्लासेन ने ये कमा 594 गेंदों पर किया जबकि सहवाग ने ऐसा 604 गेंदों पर किया था। इस लिस्ट में पहले नंबर पर आंद्रे रसेल थे जिन्होंने 545 गेंदों पर अपने 1000 रन पूरे किए थे।

# चेपॉक में रोहित के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड, 18वीं बार हुए डक पर आउट

चेन्नई, 23 मार्च। रोहित शर्मा इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा बार शून्य के स्कोर पर आउट होने के मामले में सबसे ऊपर आ गए हैं। उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में खलील अहमद ने शिवम दुबे के हाथों कैच करवाया। ये आईपीएल इतिहास में 18वीं बार है जब रोहित शर्मा शून्य के स्कोर पर आउट हुए हैं। अब आईपीएल में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने के मामले में उन्होंने दिनेश कार्तिक और ग्लेन मैक्सवेल की बराबरी कर ली है।

रोहित चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में 0 रन बनाकर आउट हुए हैं। वो राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ भी चार-चार बार खाता तक नहीं खोल पाए थे। बता दें कि, दिनेश कार्तिक, ग्लेन मैक्सवेल और रोहित शर्मा अब अपने-अपने आईपीएल करियर



में 18 बार शून्य के स्कोर पर आउट हुए हैं। रोहित शर्मा- 18 डक, दिनेश कार्तिक 18 डक, ग्लेन मैक्सवेल 18 डक, पीयूष चावला 16 डक, सुनील नरेन 16 डक। रोहित शर्मा अपने आईपीएल करियर में 7 हजार रन बनाने के बेहद करीब हैं। उन्होंने अभी तक अपने करियर में 6,628 रन बनाए हैं और 7 हजार का आंकड़ा छूने के लिए उन्हें 372 रनों की जरूरत है।

**जयपुर पोलो सीजन 2025 आरपीसी पोलो कप**

# पीपीसी ने 9.5-5 के स्कोर से कृष्णा पोलो से मैच जीता

जयपुर, 23 मार्च। जयपुर पोलो सीजन 2025, आरपीसी पोलो कप के मैच में रविवार को रामबाग पोलो ग्राउंड पर कृष्णा पोलो ओर पीपीसी के बीच खेला गया जिसमें पीपीसी ने कृष्णा पोलो को 9-9.5 के स्कोर से हराया। कृष्णा पोलो की ओर से रणशेय पुरोहित ने 5, वंदित गोलेछा ने 2, योगेंद्र सिंह ओर अश्विनी शर्मा ने 1-1 गोल किए, जबकि डेढ़ गोल का एडवांटेज लेकर खेल रही पीपीसी की ओर से लोकेन्द्र सिंह ने 1, विशाल सिंह ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 7 गोल कर टीम को जीत दिलाई।

# ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को 82 रनों से हराया

माउंट माउंगानुई (न्यूजीलैंड), 23 मार्च। बेथ मूनी (70) रन की आतिशी अर्धशतकीय पारी के बाद एनाबेल सदरलैंड (चार विकेट) और अलाना किंग (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 82 रनों से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं।

205 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने



मात्र 13 रन के स्कोर पर अपने पहला विकेट कप्तान सूजी बेट्स (12) के रूप में गवां दिया। उन्हें दूसरे ओवर में अलाना किंग ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद एनाबेल सदरलैंड ने जॉर्जिया प्लिमर (14) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को दूसरी सफलता दिलाई। सोफी डिवाइन (शून्य) और ब्रुक हैलीडे (एक) भी भी सदरलैंड ने अपना शिकार बनाया। मैडी ग्रीन (22), जेस केर (14) रन बनाकर आउट हुई। 14वें ओवर में अलाना किंग ने अमेलिया केर को आउटकर न्यूजीलैंड की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया। अमेलिया केर ने (36) गेंदों में 40 रन बनाये। पोली इंग्लिस (तीन) और ली ताहुहु (दो) को डार्सी ब्राउन ने आउट किया। 17वें ओवर की पहली गेंद पर सदरलैंड ने ईडन कार्सन (चार) को आउट कर न्यूजीलैंड की पारी का 122 के स्कोर पर अंत कर दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड पर 82 रनों से जीत दर्ज करे हुए तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एनाबेल सदरलैंड ने चार विकेट और अलाना किंग ने तीन विकेट लिये।

# सिरसा में जूडो के ट्रायल आज

सिरसा 23 मार्च। हरियाणा सरकार की खेल नीति के अनुसार 24 मार्च को शाम 4 बजे सिरसा के शहीद भगत सिंह खेल स्टेडियम बरनाला रोड में वर्ष 2025-26 के लिए जूडो खेल की सरकारी खेल नर्सरी के लिए खिलाड़ियों के ट्रायल लिए जाएंगे। इस खेल नर्सरी में अर्चना जूडो कोच भीम अवॉर्डी द्वारा कोचिंग दी जाएगी। जूडो खेल ओलंपिक कॉमनवेल्थ एशियन गेम में खेला जाने वाला है, इसमें खिलाड़ियों के लिए अपना करियर बनाने के लिए काफी अवसर है। जूडो कोच अर्चना ने बताया कि इस स्कीम में 8 से 15 वर्ष के चयनित खिलाड़ियों को 2000 प्रतिमाह और 15 से 19 वर्ष के चयनित खिलाड़ियों को 2500 प्रतिमाह राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि ट्रायल के लिए आने वाले युवा अपने साथ आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो व बैंक खाते की प्रति अवश्य लेकर आएं।

# राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने नामधारी एफसी को 2-1 से हराया

## आई-लीग में 5वें स्थान पर पहुंचा

जयपुर, 23 मार्च। राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने विद्याधर नगर स्टेडियम, जयपुर में नामधारी एफसी के खिलाफ कठिन मुकाबले में 2-1 से जीत दर्ज की। इस महत्वपूर्ण जीत के साथ राजस्थान यूनाइटेड एफसी आई-लीग तालिका में 5वें स्थान पर पहुंच गया है जिससे उनकी शीर्ष-4 में जगह बनाने की संभावनाएं और मजबूत हो गई हैं।जर्सी नंबर 7, मांगू कूकी ने 40वें मिनट में बॉक्स के बाहर से शानदार लॉन्ग-रेंज गोल कर राजस्थान को बढ़त दिलाई।

जर्सी नंबर 10, एलेन आयुरजान ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में एक और गोल कर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया।नामधारी एफसी ने वापसी की कोशिश की और जर्सी नंबर 10, विन्सेंटे ने 54वें मिनट में एक गोल कर अंतर कम किया। हालांकि, राजस्थान यूनाइटेड की रक्षापंक्ति ने शानदार खेल दिखाते हुए विपक्षी टीम को कोई और मौका नहीं दिया।

इस जीत के साथ राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने खुद को आई-लीग में एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित कर लिया है,



टीम ने पूरे मैच में आक्रामक खेल, रणनीतिक अनुशासन और शानदार डिफेंस का प्रदर्शन किया।

### टीएसजी हॉफ़ेनहाइम के साथ रणनीतिक साझेदारी

एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने जर्मनी के शीर्ष क्लब टीएसजी हॉफ़ेनहाइम के साथ एक खिलाड़ी विकास और विदेशी आदान-प्रदान कार्यक्रम के लिए समझौता किया है। इस साझेदारी से राजस्थान यूनाइटेड एफसी के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण, विश्व स्तरीय कोचिंग और उच्च स्तर पर खेलने के अवसर मिलेंगे।

### अगला मुकाबला

राजस्थान यूनाइटेड एफसी अब अपने सीजन के अंतिम घरेलू मुकाबले में 28 मार्च 2025 को शाम 4:30 बजे विद्याधर नगर स्टेडियम, जयपुर में दिल्ली एफसी से भिड़ेगा। इस शानदार फॉर्म को बरकरार रखते हुए टीम घरेलू मैदान पर जीत के साथ अपने अभियान को मजबूत करना चाहेगी।

# चोटिल मोहसिन खान की जगह एलएसजी ने शार्दुल ठाकुर को किया टीम में शामिल

लखनऊ, 23 मार्च। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपएल) 2025 में अपने अभियान से पहले चोटिल मोहसिन खान की जगह आलराउंडर शार्दुल ठाकुर को टीम में शामिल किया हैं। आईपीएल ने आज यहां जारी एक बयान में कहा, लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान की जगह शार्दुल ठाकुर को टीम में जगह दी है। मोहसिन चोट के कारण टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सत्र से बाहर हो गए हैं। फ्रेंचाइजी ने ठाकुर को दो करोड रुपए के आधार मूल्य में अपनी टीम से जोड़ा है। पिछले वर्ष 31 दिसंबर को विजय हजार ट्रॉफी में खेलते हुए उत्तर प्रदेश के तेज गेंदबाज मोहसिन खान को दाएं घुटने में चोट लग गई थी। हाल ही में लखनऊ में आयोजित हुये फ्रेचाइजी ने मुख्य अभ्यास शिविर में शार्दुल अभ्यास करते देखे गये थे। एलएसजी नए कप्तान ऋषभ पंत की अगुवाई में सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

**18वीं सीनियर राज्य स्तरीय (पुरुष/महिला) वुशू प्रतियोगिता**

# जयपुर टीम ने जीता प्रथम स्थान का खिताब

जयपुर, 23 मार्च। राजस्थान वुशू संघ के तत्वावधान में दिनांक 20 से 23 मार्च 2025 तक पुष्कर, अजमेर में आयोजित हुई 18वी सीनियर राज्य स्तरीय (पुरुष/महिला) वुशू प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमान कमल पाठक, प्रथम नगर परिषद् चेयरमैन व विशिष्ट अथिति श्रीमान कुलदीप पारासर, बार एसोसिएशन अध्यक्ष रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमान राजेश कुमार टेलर, कोच, भारतीय वुशु टीम ने की, अथितियों ने सभी पदक विजेता खिलाडियों व विजेता टीमों को ट्राफी व पदक प्रदान कर सम्मानित किया

हीरानन्द कटारिया, अध्क्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया की प्रतियोगिता में जयपुर टीम ने 10 स्वर्ण 7 रजत व 2 कांस्य पदक सहित कुल 73 अंको के साथ प्रथम स्थान व कोटा टीम ने 5 स्वर्ण, 4 रजत पदक सहित कुल 37 अंको के साथ दुसरे स्थान व जोधपुर टीम 2 स्वर्ण 6 रजत व 5 कांस्य पदक सहित कुल 33 अकों साथ तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में बेस्ट पुरुष खिलाडी का खिताब वैभव शर्मा, जयपुर व बेस्ट महिला का खिताब जयपुर की मेघा जोशी को मिला। प्रतियोगिता में बेस्ट अनुशासन टीम का खिताब अजमेर टीम को मिला। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विनय मेहरा, आयोजन सचिव ने सभी अतिथियों, खिलाडियों व पदाधिकारियों का धन्यवाद




ज्ञापन किया। प्रतियोगिता आखिरी दिन खेले गए सभी फाइनल मुकाबलों के परिणाम संलग्न हैं।

**45 किलोग्राम ( महिला ) वर्ग**
स्वर्ण पदक-रिंकू चौधरी (जयपुर)
रजत पदक-मनीषा कँवर (भीलवाड़ा)
कांस्य पदक-मनीषा (टोंक)
कांस्य पदक-सानिया (बीकानेर)

**48 किलोग्राम ( महिला ) वर्ग**
स्वर्ण पदक-मेघा जोशी (जयपुर)
रजत पदक-सुमन (भीलवाड़ा)

**52 किलोग्राम ( महिला ) वर्ग**
स्वर्ण पदक-नंदिनी नेगी (श्रीगंगानगर)
रजत पदक-अंजलि शर्मा (कोटा)
कांस्य पदक-कृष्णा जांगिड (जयपुर)
कांस्य पदक-अनीता (जालौर)

**56 किलोग्राम ( महिला ) वर्ग**
स्वर्ण पदक-यशिता कुमावत (कोटा)
रजत पदक-मोनिका (धोलपुर)
कांस्य पदक-पूजा रत्नू (उदयपुर)
कांस्य पदक-ममता कुमारी (सीकर)

**60 किलोग्राम ( महिला ) वर्ग**
स्वर्ण पदक-ईशा गुर्जर (कोटा)
रजत पदक-निशा पालीवाल (जयपुर)
कांस्य पदक-सलोनी राव (अजमेर)
कांस्य पदक-गुंजन (धोलपुर)

# मु.मंत्री भजनलाल, राजस्थान दिवस पर प्रदेशवासियों को कई सौगातें देंगे

## 25 मार्च को बाड़मेर में 5 दिवसीय राजस्थान दिवस समारोह का उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री

■ **25 मार्च को बाड़मेर में ''मातृवंदन महिला सम्मेलन'' होगा, 26 मार्च को बीकानेर में ''किसान सम्मेलन'', 27 मार्च को भरतपुर में ''गरीब व अंत्योदय'' कार्यक्रम तथा 28 मार्च को भीलवाड़ा में सुशासन समारोह होगा और 29 मार्च को कोटा में रोजगार उत्सव आयोजित होगा। अंतिम दिन 30 मार्च को जयपुर में राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।**

■ **75 वर्ष बाद यह मौका आया है, जब भारतीय नव वर्ष, अर्थात् चैत्र प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाया जा रहा है।**

जयपुर, 23 मार्च। राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च) को राज्य सरकार वृहद् स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, 25 से 31 मार्च तक प्रदेशभर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश के गरीब, युवा, महिला और किसानों को विशेष सौगातें देंगे। इसके साथ ही निवेश उत्सव, सुशासन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

राजस्थान दिवस समारोह का आगाज 25 मार्च को मरूधरा बाड़मेर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में आयोजित मातृवन्दन को समर्पित 'महिला सम्मेलन' से होगा। छब्बीस मार्च को 'किसान सम्मेलन एवं एफ.पी.ओ. कार्यक्रम' के मुख्य समारोह का आयोजन बीकानेर में तथा 27 मार्च को 'गरीब एवं अन्त्योदय' का मुख्य कार्यक्रम भरतपुर में आयोजित किया जाएगा। तत्पश्चात् 28 मार्च को 'सुशासन समारोह' का आयोजन भीलवाड़ा में एवं 29 मार्च को 'युवा एवं रोजगार उत्सव' का आयोजन कोटा में होगा। राज्य स्तरीय 'सांस्कृतिक कार्यक्रम' 30 मार्च (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) को एवं राज्य स्तरीय 'निवेश उत्सव' 31 मार्च को जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर महिला सम्मेलन के माध्यम से लाड़ो प्रोत्साहन योजना की लाभार्थियों एवं विभिन्न महिला समूहों को सीआईएफ राशि का हस्तान्तरण किया जाएगा। साथ ही, प्रदेश की महिलाओं को इंडक्शन कुकटॉप, कालीबाई भील योजना के अन्तर्गत स्कूटी एवं विवेकानन्द स्कॉलरशिप योजना के लाभान्वितों को स्वीकृति पत्र सहित कई सौगातें दी जाएंगी। इसी तरह किसानों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुदान हस्तान्तरण के माध्यम से लाभान्वित किया जाएगा।

गरीब और अन्त्योदय समारोह के अंतर्गत निर्माण श्रमिकों को डीबीटी, डेयरी बूथ अलॉटमेंट, स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण एवं विद्युत चालित चाक का वितरण सहित विभिन्न सौगातें दी जाएंगी। दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण भी वितरित किए जाएंगे।

इसी तरह युवा एवं रोजगार उत्सव के अंतर्गत विशेष रूप से सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

राजस्थान दिवस के दिन 30 मार्च को जयपुर में राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। तत्पश्चात् निवेश उत्सव के तहत 31 मार्च को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में हस्ताक्षिरत निवेश एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग एवं निवेश प्रस्तावों की मॉनिटरिंग के लिए मोबाइल एप का शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही, निवेशकों को भू-आवंटन पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# नक्सलियों द्वारा छिपाया गया हथियारों का ज़खीरा बरामद

■ **सुरक्षा बलों ने सुकमा जिले के दो अलग भागों से यह बरदामदगी की है।**

सुकमा, 23 मार्च। छत्तीसगढ़ के सुकमा में रविवार को एक सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने माओवादियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में डंप किए गए हथियार और विस्फोटक अपने कब्जे में लिए। सुकमा में सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन के दौरान माओवादियों के ठिकानों से नौ राइफल, 20 बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल), छह डेटोनेटर, छह देसी डेटोनेटर, दो सेमीकंडक्टर सर्किट, सहित बम बनाने का समान, नक्सल साहित्य, दवाइयां और नक्सल वर्दियां भी बरामद की हैं।

सुकमा में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस बल, सीआरपीएफ सेकंड वाहिनी, 203 वाहिनी कोबरा, सीआरपीएफ 131 वीं वाहिनी ने जॉइंट ऑपरेशन शुरू किया था।

सुकमा जिले के मरकनगुड़ा और मेटागुड़ा जंगल में सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों को विस्फोटक सहित अन्य सामग्री भी मिली।

# 'बातचीत हो तो मणिपुर हिंसा का समाधान मिल सकता है'

## जस्टिस बी.आर. गवई ने मणिपुर हाई कोर्ट के 12 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में कहा

■ **जस्टिस गवई ने न्यायाधीशों की दो दिन की मणिपुर यात्रा को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि राहत शिविरों में वे लोगों से मिले और उन्होंने शांति की इच्छा जताई।**

इंफाल, 23 मार्च। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई ने रविवार को मणिपुर हिंसा का समाधान खोजने की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मणिपुर राज्य में हो रही समस्याओं का समाधान संवैधानिक तरीकों से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अगर बातचीत की जाए तो समाधान जल्दी मिल सकता है। ज्ञातव्य है कि इन दिनों सुप्रीम कोर्ट क पांच न्यायाधीशों का प्रतिनिधिमंडल मणिपुर के दो दिवसिय दौरे पर है।

न्यायमूर्ति गवई ने मणिपुर उच्च न्यायालय की स्थापना की 12वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित समारोह में कहा कि राज्य में हर कोई शांति चाहता है। कोई भी मौजूदा हिंसा या संघर्ष की स्थिति को जारी नहीं रखना चाहता।

न्यायमूर्ति गवई ने आगे अपनी मणिपुर यात्रा को महत्वपूर्ण बताया। गवई ने कहा कि मणिपुर वह जगह है जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस और भारतीय राष्ट्रीय सेना ने देश की आजादी के लिए संघर्ष किया था और 1944 में पहली बार भारतीय ध्वज फहराया था। न्यायमूर्ति गवई ने बताया कि उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान मणिपुर के चूड़ाचांदपुर और बिष्णुपुर में राहत शिविरों का दौरा किया और लोगों से बातचीत की।

उन्होंने कहा कि वहां उपस्थित सभी लोगों ने शांति की बहाली की इच्छा व्यक्त की।

न्यायमूर्ति गवई ने चूड़ाचांदपुर में राहत शिविर में युवतियों द्वारा गाए वी शैल ओवरकम... गाने की भी प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि एक दिन यह सच होगा।

## कांग्रेस ने आरजेडी के साथ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पिछले साल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ दोबारा हाथ मिलाने के बाद उनकी हालत खराब हो गई। उन्होंने यह भी कहा कि महागठबंधन के साथ के दौरान कुमार का व्यवहार संतुलित था, जो अब बदल गया है। हालांकि, जब उनसे पूछा गया कि क्या कांग्रेस चाहती है कि नीतीश फिर उनके खेमे में लौटें तो उन्होंने जवाब टालते हुए कहा, ऐसे सवालों का जवाब बाद में दिया जाएगा। गौरतलब है कि कांग्रेस और राजद लंबे समय से ज्यादातर लोकसभा और विधानसभा चुनावों में साथ रहे हैं लेकिन इस वर्ष अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अभी अपने पत्ते खोलने के मूड में नहीं दिख रही।

## 'मेरे घर में कोई ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

समिति गठित की थी।

जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से जले हुए नोटों के बंडल मिलने के मामले शुक्रवार रात सुप्रीम कोर्ट ने एक वीडियो जारी किया था। इस वीडियो में जज के सरकारी आवास में नोटों के बंडल जले हुए दिखे थे। अब जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास के बाहर भी 500 रुपए जले हुए नोट मिले हैं।

दिल्ली के 30 तुगलक रोड पर जस्टिस यशवंत वर्मा का सरकारी आवास है। रविवार को उनके आवास के बाहर 500 रुपये का जला नोट मिला है।

रविवार को जब एनडीएमसी कर्मचारी सफाई करने पहुंचे तो उन्हें कागज के कुछ जले टुकड़े दिखे। कथित तौर पर इसे उठाया तो पता चला ये 500 रुपये का जला हुआ नोट है। पुलिस और जांच एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं, जिसमें जला हुआ नोट और अन्य सामान भी शामिल हैं।

सफाई कर्मी इंद्रजीत ने बताया कि 4-5 दिन पहले भी जब यहां सफाई कर रहे थे, तब 500 रुपए के जले नोट मिले थे। हमारा काम कूड़ा उठाने का है। हम यहां कूड़ा उठाने आए थे। तब भी जले हुए नोट मिले थे।

## संभल हिंसा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बिश्नोई, सीओ अनुज चौधरी फ्लैग मार्च कर रहे हैं।

ज्ञातव्य है कि, संभल में 24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हिंसा हुई थी।

इसके एक दिन बाद (25 नवंबर को) पुलिस ने जफर को उठाया था और कोतवाली में उनसे पूछताछ की थी।

# भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को भारत लाएगी सरकार

## मेहुल चोकसी व उसके भतीजे नीरव मोदी पर पंजाब नैशनल बैंक में 13,850 करोड़ रूपए के बैंक घोटाले का आरोप है

■ **बताया जाता है कि मेहुल इस समय बेल्जियम में छिपा है और भारत सरकार उसके प्रत्यर्पण के लिए बेल्जियम सरकार से वार्ता कर रही है।**

नई दिल्ली, 23 मार्च। पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के मुख्य आरोपी और गीतांजलि जेम्स के पूर्व मालिक मेहुल चोकसी को भारत लाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। वह इस समय अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ बेल्जियम के एंटवर्प शहर में रह रहा है, जहां उसने " एफ रेजीडेंसी कार्ड" के जरिए निवास लिया हुआ है।

भारत सरकार ने बेल्जियम सरकार से औपचारिक प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। सन् 2018 में देश छोड़ने के बाद, चोकसी पहले एंटीगुआ-बारबुडा में रहा और अब बेल्जियम में छिपा हुआ है।

मेहुल चोकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक की मुंबई स्थित ब्रेडी हाउस ब्रांच में 13,850 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले का आरोप है। घोटाले का खुलासा होते ही चोकसी 2018 में भारत से भाग गया था।

इससे पहले, उसने भारत न लौट पाने के लिए अपना पासपोर्ट निलंबित होने का बहाना बनाया था। भारत में उसकी कई संपत्तियां पहले ही जब्त की जा चुकी हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मेहुल चोकसी ने बेल्जियम में शरण लेने के लिए झूठे दस्तावेजों का इस्तेमाल किया। उसने अपनी भारतीय और एंटीगुआ की नागरिकता की जानकारी छिपाई, जिससे उसे भारत वापस भेजने में मुश्किलें खड़ी हो सकें। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि अब चोकसी स्विट्जरलैंड जाने की योजना बना रहा है, जहां वह एक कैंसर अस्पताल में इलाज का बहाना बनाकर बसने की कोशिश कर सकता है।

भारतीय एजेंसियां अब बेल्जियम सरकार के साथ संपर्क में हैं और चोकसी को भारत लाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। घोटाले से जुड़े कानूनी पहलुओं पर चर्चा जारी है, और संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही उसे भारत लाकर न्याय प्रक्रिया का सामना करने के लिए मजबूर किया जा सकता है।

## नागपुर के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बड़े पैमाने पर पथराव और आगजनी की घटनाएं हुई थीं। इस हिंसा में तीन डीसीपी रैंक के अधिकारियों सहित 33 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। पुलिस ने अब तक हिंसा से जुड़े 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।

## 'अंग्रेजों के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भी वक्फ की जमीनों के मामले में आवाज उठा रहे हैं।इसके हल के लिए सरकार ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया है और उसके फैसले का इंतजार किया जाएगा।

प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक में देशभर के 1443 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जिनमें पूर्वोत्तर से लेकर कन्याकुमारी और जम्मू-कश्मीर तक के स्वयंसेवक शामिल थे। सभा में संघ के पिछले एक साल के कार्यकाल की समीक्षा की गई और आने वाले वक्त में संघ के विस्तार और कार्यकुशलता पर जोर देने की बात की गई। संघ के 100 साल पूरे होने पर विजयादशमी के दिन, दो अक्टूबर को पूरे देश में एक लाख जगहों पर उत्सव मनाया जाएगा, साथ ही शताब्दी वर्ष समारोह की शुरुआत होगी। संघ के सरसंघचालक राजधानी दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता में बुद्धिजीवियों के साथ बैठक करेंगे।


TRUE VALUE

MARUTI SUZUKI

भरोसे की सच्ची मिसाल!

TRUE VALUE के साथ जुड़ चुके है 50 लाख हैप्पी कस्टमर्स.




अपनी कार बेचने/खरीदनें के लिए स्कैन करें

376 क्वालिटी चेक पॉइंट्स

वेरिफाइड कार हिस्ट्री*

1 साल तक की वारंटी और 3 फ्री सर्विस*

छवियों का इस्तेमाल केवल उदाहरण मात्र है

पूछताछ के लिए कॉल करें 1800 102 1800 | या जाएँ यहाँ www.marutisuzukitruevalue.com

*नियम और शर्तें लागू। Verified Car History और Warranty केवल True Value प्रमाणित कारों पर लागू। नि:शुल्क सेवा केवल श्रम शुल्क पर लागू है। वाहन पर काला शीशा प्रकाश प्रभाव के कारण होता है।

TRUE VALUE CERTIFIED

JAIPUR: CHITRAKOOT MARG, SATYA COLONY, TAGORE NAGAR, JAIPUR, AURIC MOTORS: 8690988784,8890988912, 8690988758 | E-101, ROAD NO. 8, VKIA AREA, JAIPUR, PREM MOTORS: 8058403311, 8058794187, 8058791634 | E-197(A), RIICO INDUSTRIAL AREA, MANSAROVAR, JAIPUR, KP AUTOMOTIVES: 9549651769, 9116190346 | B 1 GOVIND MARG, RAJAPARK OPP. PINK SQUARE MALL, KP AUTOMOTIVE: 9549851770, 9116190344 | A-209, RAJENDRA PRASAD NAGAR, 200FT BYPASS, AJMER ROAD, JAIPUR, SATNAM MOTOCORP. 7413900007, 7413900009, 7821823626, 8290654400, 7568249500, 9358868371 | 13 JHOTWARA INDUSTRIAL AREA, NEAR JHOTWARA POLICE STATION, JAIPUR, KTL: 7412068475, 9602001594, 9257051686 | SECTOR-35,PRATAP NAGER,TONK ROAD,JAIPUR, SANGA AUTONATION PVT LTD.: 9057809146, 9057809143, 9057809144 | PADMAWATI COLONY- II, OPPOSITE METRO PILLAR NO 25, MANSAROVER METRO STATION JAIPUR, VIPUL MOTORS PVT. LTD.: 7232899414, 9829351470, 9079191348.


राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908